समृद्धि न्यूज़

सेंसेक्स 66,384.78 | निफ्टी 19,672.35

तापमान
अधिकतम 37 ℃
न्यूनतम 28 ℃

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

आमंत्रण मूल्य ₹3

जनता दर्शन में सीएम ने सुनी समस्याएं पेज-02

भाजपा गरीबों की दुश्मन : अखिलेश पेज-03

वर्ष 10 | अंक 334 | लखनऊ, 25 जुलाई मंगलवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

सीएम योगी ने किया 78 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, कहा-

## वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए बनाए जाएंगे कल्याण मंडपम

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब लोगों की सुविधा के लिए वैवाहिक तथा मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के वास्ते गोरखपुर में छह कल्याण मंडपम विवाह स्थलों के निर्माण की घोषणा की।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 78 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें भाटी बिहार कॉलोनी में छह करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 44 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पैडलेगंज से सहारा स्टेट तक रामगढ़ताल रिंग रोड मुख्य रूप से शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि शहरी इलाकों में अक्सर सड़क पर ही टेंट लगाकर शादी या अन्य शुभ कार्य होते हैं, जिससे लोगों को काफी असुविधा होती है।

उन्होंने कहा कि इस समस्या को देखते हुए नगर निगम और गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) को कल्याण मंडपम स्थापित करने के निर्देश दिये गये हैं, जहां गरीब लोग अपने मांगलिक कार्यक्रम कर सकेंगे।



**शहरी इलाकों में अक्सर सड़क पर ही टेंट लगाकर शादी या अन्य शुभ कार्य होते हैं, जिससे लोगों को काफी असुविधा होती है। इस समस्या को देखते हुए नगर निगम और गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) को कल्याण मंडपम स्थापित करने के निर्देश दिये गये हैं, जहां गरीब लोग अपने मांगलिक कार्यक्रम कर सकेंगे।**

**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

### इन पर होगा काम

सीएम ने बताया कि शुरू में 250-300 लोगों को समायोजित करने की क्षमता वाले हॉल, कक्ष, अतिथि कक्ष, पार्किंग, लॉन जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित कल्याण मंडपम, गोरखपुर शहर में छह अलग-अलग स्थानों पर बनाए जाएंगे। कल्याण मंडपम की स्थापना पर 1-1.5 करोड़ रुपये की लागत आएगी। योगी ने सभी जन प्रतिनिधियों से भी इस पहल में शामिल होने की अपील की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर मिनी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का शिलान्यास भी किया उन्होंने कहा कि यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए सौगात है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खेल की सभी विधाओं का मंच होगा, जिसमें बैडमिण्टन कोर्ट, बास्केट बॉल कोर्ट, लॉन टेनिस, प्ले ग्राउण्ड, रनिंग ट्रैक, मल्टी परपज हॉल, पार्क आदि होंगे। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम के लिए लगभग 150 एकड़ भूमि आरक्षित की गयी है। योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर जिले में एक स्टेडियम, प्रत्येक विकास खण्ड में मिनी स्टेडियम तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान के निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

## मानसून सत्र से निलंबित किए गए आप सांसद संजय सिंह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में सोमवार को भी मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर जबरदस्त हंगामा हुआ। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को राज्यसभा से सस्पेंड कर दिया गया। संजय सिंह को शेष बचे पूरे मानसून सत्र के लिए राज्यसभा से सस्पेंड किया गया है। दरअसल राज्यसभा में विपक्ष के अधिकांश सांसद मणिपुर हिंसा पर विस्तार से चर्चा कराने की मांग कर रहे थे।

विपक्ष का कहना है कि प्रश्नकाल समेत राज्यसभा की सारी कार्रवाई को रद्द करते हुए सर्वप्रथम मणिपुर हिंसा पर विस्तार से चर्चा की जाए। हालांकि भारी हंगामे के बीच सभापति ने राज्यसभा में प्रश्नकाल शुरू कराया। प्रश्नकाल के अभी चार उत्तर ही दिए जा सके थे कि मणिपुर हिंसा पर चर्चा की मांग को लेकर संजय सिंह नारेबाजी करते हुए सभापति के आसन के समीप जा पहुंचे। सभापति द्वारा चेतावनी देने के बावजूद संजय सिंह अपने स्थान पर नहीं गए और मणिपुर हिंसा पर चर्चा कराए जाने की मांग और नारेबाजी करते रहे।

इस बीच नेता सदन पीयूष गोयल ने सभापति से निवेदन किया कि संजय सिंह को उनके इस व्यवहार के लिए सदन से निलंबित कर दिया जाए। गोयल ने इस संबंध में एक प्रस्ताव भी सभापति को दिया। राज्यसभा के सभापति ने इस प्रस्ताव पर सदन के सदस्यों की राय लेने के बाद संजय सिंह को शेष बचे मानसून सत्र के लिए सदन से निलंबित कर दिया। वहीं विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य और चर्चा की मांग करते हुए भारी हंगामा किया जिस वजह से लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

मिशन 2024 के लिए अखिलेश की रणनीति तैयार

## पिछड़ों-दलितों-अल्पसंख्यकों को साधने के लिए उनके मुद्दों को देंगे आवाज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी सपा ने इस बार पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का नारा दिया है। सपा पीडीए का मजबूत गठजोड़ बनाने की लगातार कोशिश कर रही है। पार्टी जातीय जनगणना कराने की मांग को बड़ा मुद्दा मान कर उसे मजबूती से उठाने जा रही है। इसका जिम्मा समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को सौंपा गया है।

जिलों में संगोष्ठियों का आयोजन कर सपा पिछड़ों में इस मुद्दे को लेकर जागरूकता पैदा करेगी। सपा मुस्लिम व यादव समीकरण साधने के साथ ही अति पिछड़ों व दलितों को लामबंद करने की लगातार कोशिश कर रही है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सपा ने इस गठजोड़ का प्रयोग किया था, इसके उसे अच्छे नतीजे भी मिले थे।

**सपा पीडीए का मजबूत गठजोड़ बनाने की लगातार कोशिश कर रही है। पार्टी जातीय जनगणना कराने की मांग को बड़ा मुद्दा मान कर उसे मजबूती से उठाने जा रही है।**

**2022**

**के विधानसभा चुनाव में भी सपा ने इस गठजोड़ का प्रयोग किया था, इसके उसे अच्छे नतीजे भी मिले थे।**

### 10 प्रतिशत अधिक वोट 2022 के चुनाव में मिले थे

वर्ष 2017 के मुकाबले उसे 10 प्रतिशत अधिक वोट 2022 के चुनाव में मिले थे। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने पिछले वर्ष गठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी दलितों एवं अति पिछड़े नेताओं को महत्वपूर्ण पद देकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। सपा अति पिछड़ों को अपने पक्ष में करने के लिए जातीय जनगणना के मुद्दे को और हवा देने जा रही है। सपा ने समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को जातीय जनगणना का मुद्दा गांव-गांव तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने बताया कि हम जातीय जनगणना कराने की मांग के मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे। जातीय जनगणना से ही सभी जातियों को बराबरी का हक व सम्मान मिलेगा। समाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ती आ रही है। यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर संगोष्ठियां की जाएंगी।

संक्षिप्त

### सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई तक एएसआई के सर्वे पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में 26 जुलाई तक कोई भी सर्वेक्षण नहीं करने का आदेश दिया और मुस्लिम याचिकाकर्ताओं को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया। मस्जिद प्रबंधन समिति के मुस्लिम याचिकाकर्ताओं द्वारा एक याचिका दायर करने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया, जिसमें मस्जिद के एएसआई सर्वेक्षण के लिए वाराणसी जिला अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी कि क्या यह पहले से मौजूद मंदिर पर बनाया गया था।

### उत्तर प्रदेश में एमबीबीएस कोर्स की 550 सीटें बढ़ीं

**लखनऊ।** प्राइवेट मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस कोर्स की 550 सीटें बढ़ाई गई हैं। अब इन मेडिकल कालेजों में 4,700 से बढ़कर 5,250 सीटें हो गई हैं। वहीं सरकारी मेडिकल कालेजों में सीट बढ़ोतरी नहीं हुई है। यहां पिछले साल की तरह 3,828 सीटें ही हैं। मंगलवार से एमबीबीएस और बीडीएस कोर्सेज में दाखिले के लिए नीट यूजी-2023 की काउंसिलिंग शुरू होगी। पहले चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया आठ अगस्त तक चलेगी।

### कश्मीर में जी-20 समूह की बैठक की सफलता से पाकिस्तान हताश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हाल में सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशों में वृद्धि देखी गई है और सेना के जवानों ने दो महीने में 20 से अधिक आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। सुरक्षा विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि कश्मीर में जी-20 समूह की बैठकों की सफलता से पाकिस्तान हताश है। सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक मई में जी-20 समूह की बैठकों के दौरान घुसपैठ की कोशिशों में काफी वृद्धि हुई थी और यह सिलसिला जून तथा जुलाई में भी जारी रहा।

यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर

## 'ओल्ड रेलवे ब्रिज' रेल यातायात के लिए बंद

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** यमुना नदी का जलस्तर सोमवार सुबह खतरे से निशान 205.33 मीटर से एक मीटर से अधिक ऊपर रहा, जिसके कारण प्राधिकारियों ने 'ओल्ड रेलवे ब्रिज' (ओआरबी) पर रेलगाड़ियों का आवागमन रोक दिया। ओआरबी पर नदी का जलस्तर 13 जुलाई को 208.66 मीटर के अब तक के सर्वाधिक ऊंचे स्तर पर पहुंचने के बाद कुछ दिन से खतरे के निशान के आस-पास है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के बाद हथिनीकुंड बैराज से नदी में पानी छोड़े जाने के बाद यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया था। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि ओआरबी पर रेलगाड़ियों का परिचालन यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा, ''दिल्ली और शाहदरा के बीच मार्ग बंद रहेगा और रेलगाड़ियों को नयी दिल्ली के रास्ते भेजा जाएगा।'' अधिकारियों के मुताबिक, नदी के जलस्तर में वृद्धि से राष्ट्रीय राजधानी के बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में राहत एवं पुनर्वास के काम पर असर पड़ सकता है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के आंकड़ों के अनुसार, यमुना का जलस्तर शनिवार रात 10 बजे 205.02 मीटर से बढ़कर रविवार देर रात तीन बजे 206.57 मीटर पर पहुंच गया।, जिसके बाद इसमें गिरावट आने लगी। आंकड़ों के मुताबिक, जलस्तर सोमवार सुबह आठ बजे 206.54 मीटर दर्ज किया गया, जिसके अपराह्न दो बजे तक गिरकर 206.42 मीटर पहुंचने की संभावना है।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 25 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश और

### पुर्नावास पर पड़ेगा असर

दिल्ली सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के ऊपरी हिस्सों में भारी बारिश से निचले इलाकों में प्रभावित परिवारों के पुनर्वास पर असर पड़ेगा और उन्हें लंबे समय तक राहत शिविरों में रहना पड़ सकता है। इससे शहर में जल आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है, जो वजीराबाद पंप हाउस में बाढ़ के कारण चार-पांच दिन तक प्रभावित रही थी। पंप हाउस वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला शोधन संयंत्र में अशोधित जल की आपूर्ति करता है।

## रफ्तार का कहर, एक ही परिवार के 5 लोगों की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के एटा जिले में भीषण हादसा हो गया। एक कार बेबर बैराज नहर में गिर गई, जिसमें एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू के बाद शवों को बाहर निकाला। कासगंज जिले के गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के गांव अंडुआ निवासी कुछ लोग महिला का इलाज कराने के लिए एटा लेकर आ रहे थे, तभी काली नदी का पुल पार करने के बाद तीव्र मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर बेबर बैरज नहर में गिर गई। पुलिस व राहगीरों की सहायता से गाड़ी में फंसे लोगों को निकाला गया। सभी को एटा मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।मृतकों के नाम विनीता पत्नी नीरज, तेजेंद्र पुत्र जमुना प्रसाद, संतोष पुत्र तेजेंद्र, शिवम पुत्र राकेश और नीरज पुत्र जोधा सिंह बताए गए हैं। पांचों मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया। एक कार बेबर बैराज नहर में गिर गई, जिसमें एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। कासगंज जिले के गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के गांव अंडुआ निवासी कुछ लोग महिला का इलाज कराने के लिए एटा लेकर आ रहे थे, तभी काली नदी का पुल पार करने के बाद तीव्र मोड़ पर कारअनियंत्रित होकर बेबर बैरज नहर में गिर गई।

### पुलिस व राहगीरों ने की सहायता

मौके पर पहुंची पुलिस व राहगीरों की सहायता से गाड़ी में फंसे लोगों को निकाला गया। सभी को तत्काल ही एटा मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के नाम विनीता पत्नी नीरज, तेजेंद्र पुत्र जमुना प्रसाद, संतोष पुत्र तेजेंद्र, शिवम पुत्र राकेश और नीरज पुत्र जोधा सिंह बताए गए हैं। पांचों मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं।

सजा पर रोक बरकरार

## अफजाल अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली जमानत

**गाजीपुर (समृद्धि न्यूज)।** गाजीपुर से बीएसपी के निवर्तमान सांसद अफजाल अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है, इसके साथ ही सजा पर रोक अभी भी बरकरार रखा गया है। बता दें कि गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मामले में मिली चार साल की सजा पर पूर्व सांसद ने रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने की मांग अपनी इस याचिका में कोर्ट से की थी। बता दें कि गाजीपुर की विशेष अदालत ने 29 अप्रैल, 2023 को दिए अपने निर्णय में 2007 के गैंगस्टर के एक मामले में मुख्तार अंसारी के साथ अफजाल अंसारी को दोषी करार दिया था और अफजाल को चार साल और मुख्तार को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत के इस निर्णय के बाद अफजाल अंसारी की सांसदी भी चली गई थी। अफजाल अंसारी इन दिनों यूपी की गाजीपुर जेल में बंद हैं, उन्हें शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी है।

## मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में अपमान के घूंट पी रहे हैं दलित, आदिवासी : खरगे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक दलित व्यक्ति के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना की निंदा करते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा शासित इस राज्य में दलितों, आदवासियों और पिछड़े वर्गों को अपमान का घूंट पीना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक दलित व्यक्ति ने पिछले दिनों आरोप लगाया कि दूसरी जाति के एक व्यक्ति ने उसके चेहरे और शरीर पर मानव मल लगा दिया, क्योंकि दलित व्यक्ति ने गलती से उसे ग्रीस लगे हाथ से छू लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि छतरपुर की घटना के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले आरोपी रामकृपाल पटेल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। इस घटना को लेकर खरगे ने ट्वीट किया, '' मध्य प्रदेश में एक महीनें में ही दलित-आदिवासी अत्याचार की दूसरी बेहद निंदनीय व पीड़ादायक वारदात हुई है, जो मानवता को शर्मसार कर देने वाली है। एनसीआरबी -2021 के मुताबिक़, भाजपा शासित मध्य प्रदेश में दलितों के ख़िलाफ़ अपराध दर सबसे ज़्यादा है, आदिवासियों के ख़िलाफ़ सबसे अधिक अपराध हुए है, हर दिन सात से ज़्यादा अपराध हुए।'' उन्होंने दावा किया, ''मध्य प्रदेश के हमारे दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के नागरिक दशकों से भाजपाई कुशासन में अपमान का घूंट पी रहे हैं।

लाल डायरी में कांग्रेस के काले कारनामे, स्मृति ईरानी बोलीं-

## पीएम के खिलाफ टिप्पणी करने वाले गांधी परिवार से होते हैं पुरस्कृत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर को लेकर सड़क से संसद तक जबरदस्त तरीके से हंगामा जारी है। पूरे मामले पर राजनीति भी हो रही है। संसद के मानसून सत्र का आज तीसरा दिन भी इस मुद्दे को लेकर हंगामेदार रहा और कामकाज दोनों ही सदनों में बाधित रहा। हालांकि, सरकार का दावा है कि वह मणिपुर को लेकर चर्चा को तैयार है। लेकिन विपक्ष चर्चा चाहता ही नहीं। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। स्मृति ईरानी ने कहा कि गृह मंत्रालय की ओर से मणिपुर की सुरक्षा के संबंध में देश के गृह मंत्री अमित शाह दोनों सदनों में चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम अचंभित हैं कि विपक्ष से मणिपुर पर चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि विपक्ष मणिपुर से संबंधित घटनाओं पर चर्चा करने के बजाय उस चर्चा से संबंधित मंत्री द्वारा चर्चा से क्यों भाग रहा है?

मानसून सत्र का तीसरा दिन | गृहमंत्री ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला

## मणिपुर का सच सामने नहीं आने देना चाहता विपक्ष : अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र के तीसरे दिन विपक्ष पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि हमारी सरकार मणिपुर की स्थिति पर लोकसभा में चर्चा करने के इच्छुक हैं, लेकिन आश्चर्य की बात है कि विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं है। बता दें कि आज संसद के मानसून सत्र का तीसरा दिन था, जो पहले दो दिन की तरह विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया।

**देश के सामने सच्चाई आना जरूरी**

लोकसभा में संक्षेप में बोलते हुए उन्होंने विपक्षी नेताओं से चर्चा की अनुमति देने का अनुरोध करते हुए कहा कि मणिपुर मुद्दे पर देश के सामने सच्चाई आना जरूरी है। मणिपुर मुद्दे पर पहले के तीन स्थगन के बाद दोपहर 2.30 बजे जैसे ही सदन दोबारा शुरू हुआ, शाह ने विपक्ष पर हमला बोला। शाह ने कहा कि विपक्षी नेता जानबूझकर चर्चा करने नहीं दे रहे, क्योंकि वो सच बाहर नहीं आने देना चाहते। सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के नेता मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। लेकिन, जब विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री के बयान की मांग करते हुए अपना विरोध जारी रखा, तो अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। विपक्ष नेताओं ने आज संसद के मानसून सत्र से पहले सदन के बाहर मणिपुर मामले को लेकर गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मुद्दे पर पीएम मोदी से संसद में बयान देने की मांग की।

वहीं इससे पहले संसद के मानसून सत्र के तीसरे दिन की शुरुआत भी हंगामेदार रही। सत्र के दो दिन पहले ही मणिपुर हिंसा को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ चुके हैं, इस बीच आज भी विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष जहां पीएम मोदी के दोनों सदनों में बयान देने की मांग पर अड़ा है, वहीं सरकार मामले में चर्चा करने की अपील कर रही है। इस बीच राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच सभापति ने आप सांसद संजय सिहं को पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया है। हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष पीएम मोदी के बयान देने पर अड़ा है। आप सांसद संजय सिंह के निलंबन पर हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। हंगामा करने के चलते संजय सिंह को पूरे मानसून सत्र से निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजकर 30 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि विपक्ष कोई चर्चा नहीं चाहता, क्योंकि अगर चर्चा होती है तो सच बाहर आएगा। सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है, कांग्रेस बहस के लिए कभी नहीं आएगी, ये डरे हुए हैं, क्योंकि बहस के द्वारा जो सच बाहर आएगा, उससे ये डरते हैं।

अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें

# जनता दर्शन में सीएम ने सुनी समस्याएं

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। योगी ने यहां जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और मौजूद अधिकारियों को उसके निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो और साथ ही अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का तुरंत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान देवरिया से आई एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत मंडलायुक्त को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए।

**बयान**

▸ पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो और साथ ही अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए

जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकने पाएगा। बताया जा रहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।



## मणिपुर के हालात के जिम्मेदार बीरेन सिंह दे इस्तीफा

**लखनऊ।** मनरेगा वर्कर यूनियन ने मणिपुर जनसंहार, सामूहिक बलात्कार काण्ड और राज्य में सरकारी आतंकवाद कायम के लिए मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह को जिम्मेदार ठहराया है और उनके इस्तीफे की मांग किया है।उत्तर प्रदेश मनरेगा वर्कर यूनियन के अध्यक्ष कन्हैया शाही ने आरोप लगाया है कि मणिपुर राज्य में महिलाओं के नग्न मार्च , सामूहिक बलात्कार और जनसंहार के पीछे भाजपा की बीरेनसिंह सरकार की दुष्ट शक्तियां है, जिसने पहाड़ी कुकी जनजाति के 38 गांवों को जंगल से बेदखल करने का फैसला किया है।यह जम्मू-कश्मीर की तरह मणिपुर के पहाड़ी लोगों को संविधान के अनुच्छेद 371 (सी) के तहत दी गई स्वायत्त शक्ति वापस लेने की केंद्र सरकार की साजिश है और इसके पीछे पहाड़ी लोगों के वन भूमि अधिकारों को दबाने की योजना है। उन्होंने कहा कि 2022 के चुनाव में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कुकियों को अलग राज्य का वादा कर उनका समर्थन हासिल किया।

# मणिपुर हिंसा को लेकर सदन में हो चर्चा: मायावती

**मणिपुर हिंसा**

▸ एक-दूसरे को नीचा दिखाने के बजाय समस्या का ढूंढा जाए हल

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर मणिपुर हिंसा को लेकर बयान दिया है। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर सरकार और विपक्ष पर सवाल खड़े किए है। साथ ही उन्होंने यह मांग की है कि संसद में इस घटना को लेकर चर्चा हो और एक-दूसरे को नीचा दिखाने की बजाय समस्या का हल निकाला जाए। वहीं, मायावती ने कहा कि हालात लगातार गंभीर व चिन्ताजक बने हुए है। शान्ति की बहाली, लोगों की सुरक्षा व उनके जख्मों पर मरहम लगाकर क्षेत्र में जनजीवन सामान्य बनाना जरूरी है। इसलिए इस मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। मणिपुर मुद्दे को लेकर मायावती ने ट्वीट कर लिखा कि मणिपुर के हालात लगातार गंभीर व चिन्ताजक बने रहने के कारण इसका दुष्प्रभाव व पलायन पड़ोसी राज्यों पर भी पड़ना स्वाभाविक, जिसको लेकर संसद में चर्चा नहीं हो पाने से स्थिति विषम। शान्ति की बहाली, लोगों की सुरक्षा व उनके जख्मों पर मरहम लगाकर क्षेत्र में जनजीवन सामान्य बनाना जरूरी। मायावती ने एक और ट्वीट कर लिखा कि मणिपुर पर चर्चा पर सहमति के बावजूद संसद के चालू सत्र के पहले दो दिन का समय नियम विवाद को लेकर बर्बाद हो जाना दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण। सरकार-विपक्ष आरोप-प्रत्यारोप व एक-दूसरे को नीचा दिखाने के बजाय समस्या का हल ढूंढने का सामूहिक प्रयास करें। मणिपुर पर चर्चा व सरकारी वक्तव्य जरूरी। बता दें कि मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने को लेकर मणिपुर पुलिस ने बताया कि ये मामला सेनापति जिले के एक गांव की है।

## ज्ञानवापी सर्वे पर रोक के फैसले का फरंगी महली ने किया स्वागत

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य और लखनऊ के शहर काजी मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने उच्चतम न्यायालय द्वारा सोमवार को ज्ञानवापी परिसर के पुरातात्विक सर्वेक्षण पर रोक लगाए जाने का स्वागत किया। मौलाना खालिद रशीद ने यहां एक बयान में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराए जाने पर जो रोक लगाई है, उसका वह स्वागत करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुस्लिम पक्ष उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जल्द ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इस सिलसिले में याचिका दायर करेगा। उम्मीद है कि हाईकोर्ट में उसकी बात सुनी जाएगी और कानून के मुताबिक फैसला होगा। शहर काजी ने जोर देकर कहा, ष्कोई भी मुसलमान किसी की इबादतगाह को गिराकर या किसी की जमीन पर कब्जा करके मस्जिद नहीं बनाता है।

## खबरें एक नजर में

### बैकयार्ड पोल्ट्री कार्यक्रम हेतु 05 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में बैकयार्ड पोल्ट्री कार्यक्रम के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 05 पांच करोड रूपये की धनराशि स्वीकृत की है इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये है। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अनूसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए एससीएसपी टीएसपी के मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का आहरण व व्यय योजना के समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा।

### नन्दगांव पशुचिकित्सा निर्माण के लिए दो करोड़ 25 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए मथुरा में ग्राम नन्दगांव, तहसील छाता में पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक के निर्माण हेतु दो करोड़ पच्चीस लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की। पशुचिकित्सा पालीक्लीनिक के निर्माण से स्थानीय स्तर पर पशुचिकित्सा हेतु आवश्यक औषधि एवं उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।पशुधन विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में शासनादेश जारी करते हुए मथुरा के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण व व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन का अनुपालन किया जाये।

### मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष मे लखनऊ मंडल के जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले, ये सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनो की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाय एवं समयबद्ध समाधान किया जाय, किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं का ब्लॉक स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किया जाए तथा उसी के अनुरूप लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने दिव्यांगजनों की फैमिली आईडी बनाने पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने डॉ शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में संचालित कोर्सो मे दाखिला हेतु दिव्यांगजनों को प्रेरित करने के भी निर्देश दिए।

### पीएम फसल बीमा योजना का लाभ उठाये किसान: शाही

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से संचालित फ्लैगशिप योजना ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' के व्यापक प्रचार-प्रसार करने, योजना के प्रति कृषकों की आशंकाओं के समाधान करने एवं योजना में कृषकों कीभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि भवन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। योजना की जागरूकता का कार्यक्रम प्रदेश में पूरे जुलाई माह में चलाया जाएगा।अपने संबोधन में सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि आपदा के समय कृषकों की आय को स्थिर रखने एवं कृषकों की आय दुगुनी करने की दिशा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। यह कृषकों को किसी भी प्रकार की दैवीय आपदा के विरुद्ध उनकी अधिसूचित फसलों को बीमा कवर प्रदान करते हुए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और उन्हें कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीक, आधुनिक संसाधन एवं उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग कर उत्पादन को बढ़ाये जाने हेतु प्रोत्साहित करती है। बीमित कृषक न केवल अपनी आय में वृद्धि करता है बल्कि प्रदेश एवं देश की खाद्यान्न सुरक्षा में अपने योगदान की प्रमुखता को बनाये रखता है।

रेव पार्टी में हो रही ड्रग्स की सप्लाई

# एसटीएफ ने युवती समेत चार को किया गिरफ्तार

**गिरफ्तारी**

▸ आरोपी के पास से 6.57 लाख की नकदी व कार हुई बरामद

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

यूपी में युवाओं पर ड्रग्स का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। 24 जून को सुशांत गोल्फ सिटी के एक फ्लैट में नाबालिग लड़के-लड़कियों को रेव पार्टी करते हुए पकड़ा गया था। ऐसे ही युवाओं को रेव पार्टी के लिए मादक पादार्थ और ड्रग्स सप्लाई करने वाली एक युवती समेत चार लोगों को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है।

इनके पास से 6.57 लाख रुपए नकद और कार बरामद हुई है। यह लोग होटल, फार्म हाउस, घरों और मांग के हिसाब से माल पहुंचाते थे। एसटीएफ इस गिरोह के मुख्य सप्लायर और उससे जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी कर रही है। एसटीएफ ने मुखबिर की सूचना पर मनकामेश्वर मंदिर के पीछे रहने वाली स्वस्तिका के साथ उसके साथी लखनऊ तेज कुमार प्लाजा निवासी तरून अवस्थी, कैसरबाग कोतवाली के पीछे रहने वाले पंकज सोनकर और गोमतीनगर विराजखंड निवासी अजमल को पकड़ा है। यह लोग गोमतीनगर स्थित होटल एसवीजी गेस्ट इन में ड्रग्स की सप्लाई करने के लिए पहुंचे थे। एसटीएफ की टीम इन लोगों की विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 16 जुलाई को एक वीडियो और कुछ फोटो वायरल होने पर सक्रिय हुई थी। इसमें कुछ लड़के और एक लड़की किसी रूम में बैठकर नोटों की गिनती कर रहे हैं तथा नजदीक में ही शराब की बोतलें और हुक्का रखा हुआ है।

एसटीएफ की पूछताछ में पकंज सोनकर ने बताया, आर्यन नाम का युवक मोबाइल फोन से विभिन्न एप्लिकेशन के माध्यम से इंटरनेशनल स्तर पर अवैध मादक पदार्थ एवं ड्रग्स की खरीद फरोख्त करते थे। इसके समान की डिलीवरी हम लोग करते थे। 16 जुलाई को आर्यन और लकी ने होटल राजधानी में कमरा नंबर 104 बुक कराया था। जहां हम लोगों ने नशे की बिक्री के पैसों की गिनती की और हुक्काध्शराब की पार्टी की। इसका आर्यन ने इंस्टाग्राम एवं सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। आर्यन ने सात लाख रुपए एवं मोबाइल फोन हम लोगों को देकर कहा कि तुम लोग कहीं बाहर चले जाओ और मौज करों। तभी से हम लोग इन्हीं पैसों से जगह बदल-बदलकर इधर-ऊधर छिपकर रहते है।एसटीएफ की जांच में सामने आया है कि यह गिरोह सोशल मीडिया के माध्यम से विदेशी ड्रग्स पैडलर्स से जुड़ा है। आर्यन और लकी जिसे मोबाइल एप और अवैध कॉल सेंटर के माध्यम से यूपी में संचालित करते हैं। इल्हें वर्चुअल आईडी से एक निश्चित सर्वर पर चलाते हैं।

जिसमें यूएस के ड्रग्स तस्कर ऑर्डर लेते-देते हैं। रकम कुछ ऑनलाइन तो कुछ लोग एजेंट के जरिए भारत मंगवाते हैं। पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग एक दूसरे से वॉट्सऐप मैसेज और कॉल से संपर्क करते थे। इससे ट्रेस न हो सके। साथ ही ड्रग्स सप्लाई के लिए 13 वॉट्सऐप ग्रुप बना रखे थे।

यह लोग एक शहर से दूसरे शहर जाने के लिए हवाई यात्रा करते थे और महंगे होटलों में रुकते थे। जिसके सबूत इनके मोबाइल और अन्य दस्तावेजों से मिले हैं।

# दोस्त ने की हत्या, किशोर समेत 6 पर एफआईआर दर्ज

**गिरफ्तारी**

▸ पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

राजधानी में पानी भरे गड्ढे में 13 साल के किशोर ने गड्ढे में सात साल के दोस्त को धक्का देकर हत्या कर दी। पानी में डूबने से बच्चे की मौत हो गई। मामला ठाकुरगंज में काला पहाड़ अशरफ नगर का है। शनिवार शाम ये घटना हुई। मामले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। रविवार को मृतक बच्चे के पिता ने आरोपी सहित उसके 6 परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। देर रात पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से गाजियाबाद का रहने वाला अहमद सैफी पुताई मजदूर है। अहमद ने बताया कि उसके परिवार में पत्नी उरोज, तीन बच्चे समद, उबैद व आयशा हैं। दो साल पहले उसकी पत्नी के कमर के नीचे पैरालाइज का अटैक पड़ गया था, जिसके बाद से उसका इलाज चल रहा था। घर में अकेला होने के चलते पत्नी एवं बच्चों की देखभाल नहीं हो पा रही थी। इस कारण करीब आठ माह पहले पत्नी व बच्चों को लेकर ठाकुरगंज स्थित काला पहाड़ अशरफ नगर में अपनी ससुराल में आकर रहने लगा था। पत्नी का इलाज चल रहा है। अहमद ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 3 बजे उनका बेटा बगैर बताए घर से साइकिल लेकर निकला था।

# विपक्ष के कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**शामिल**

▸ 2024 में हम जीतने जा रहे हैं यूपी की 80 सीटें: केशव

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा ने विपक्ष को बड़ा झटका दिया है। सपा, रालोद और कांग्रेस के कई नेताओं ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

लखनऊ बीजेपी कार्यालय में विपक्ष के साहब सिंह, राजपाल सैनी, सुषमा पटेल, पूर्व सांसद अंशुल वर्मा, शालिनी यादव, पूर्व विधायक गुलाब सरोज और जगदीश सोनकर जैसे बड़े चेहरे पार्टी में शामिल हुए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्षी दलों के नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। राजनीतिक जानकारों की माने तो भाजपा ने पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक विपक्षी दलों को झटका देने की तैयारी की है। पश्चिमी यूपी में सैनी समाज का बड़ा

वोट बैंक है। इस समाज के वोट पर साहब सिंह सैनी और राजपाल सिंह सैनी का खासा प्रभाव है।राजपाल ने 2022 में खतौली से रालोद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। पूर्वांचल में जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर सीट से सपा विधायक रहीं सुषमा पटेल कुर्मी समाज से हैं, पार्टी पूर्वांचल में कुर्मी समाज में अपना जनाधार बढ़ाना चाहती है।पूर्व विधायक जगदीश सोनकर चार बार विधायक रहे हैं। पूर्वांचल के सोनकर समाज में उनकी मजबूत पकड़ है। 2019 में वाराणसी संसदीय सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली शालिनी यादव ने भाजपा का दामन थाम लिया।

### सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं: केशव प्रसाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को सर्वे पर रोक लगाने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि श्सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अदालत के आदेश से हो रही कार्रवाई में बाधा नहीं डालनी चाहिए। बता दें कि वाराणसी जिले की एक अदालत के आदेशानुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई)) की 30 सदस्यीय टीम ने सोमवार सुबह वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए ज्ञानवापी परिसर में प्रवेश किया। वहीं सर्वे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार शाम 5 बजे तक रोक लगा दी है। जिला कोर्ट के फैसले पर भी रोक लगा दी गई है। साथ ही कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को हाईकोर्ट जाने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा कि स्टे खत्म होने से पहले इस पर हाईकोर्ट सुनवाई करे। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि परिसर में कोई तोड़-फोड़ या खुदाई का काम नहीं किया जाए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश मुस्लिम पक्ष के लिए राहत मानी जा रही है।

# अपोलोमेडिक्स में हुई पहली रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी

**बैठक**

▸ आमतौर पर हर दिन 4-5 तरह की दवाएं लेते हैं लेकिन फिर भी उच्च रक्तचाप से राहत नहीं मिलती हैं

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

अल्ट्रामॉडर्न मेडिकल टेक्नोलॉजी के जरिए मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, अपोलोमेडिक्स अस्पताल लखनऊ के डॉक्टरों ने असाधारण थेरेपी से कई वर्षों से रेजिस्टेंट हाई बीपी के 60 वर्षीय मरीज का इलाज किया। यह देश में पांचवीं और उत्तर प्रदेश की पहली रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी (आरडीएन) है, जिसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है।

डॉक्टरों ने बताया कि रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी (आरडीएन) उन लोगों के लिए उच्च रक्तचाप के इलाज का एक आधुनिक विकल्प है जो आमतौर पर हर दिन 4-5 तरह की दवाएं लेते हैं लेकिन फिर भी उच्च रक्तचाप से राहत नहीं मिलती हैं। इस मामले में 60 वर्षीय मरीज ने 16 जुलाई को अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. गौतम स्वरूप से संपर्क कर सलाह ली थी। मरीज़ कई प्रकार की उच्च रक्तचापरोधी दवाएं ले रहा था, लेकिन फिर भी, उसका रक्तचाप 170/100 तक बना हुआ था। इस बढ़े हुए अनियंत्रित रक्तचाप ने मरीज के लिए हृदय गति रुकने का खतरा उत्पन्न कर दिया था और उन्हें पहले भी दो बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। 11 अपोलोमेडिक्स अस्पताल लखनऊ के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. गौतम स्वरूप ने बताया, %मरीज का रक्तचाप फिर से बढ़ गया, जिससे उनकी हृदय गति अनियमित हो गई थी। इस स्थिति में मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया गया। परीक्षणों के दौरान, हमने पाया कि प्रतिरोधी उच्च रक्तचाप की स्थिति ने उनके गुर्दे के कार्य करने की क्षमता को भी प्रभावित कर दिया था, क्रिएटिनिन का स्तर 1.9 था, जो सामान्य स्तर से काफी ऊपर है। उनकी स्थिति को देखते हुए, हमने रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी (आरडीएन) की सिफारिश की, यह उन मामलों में एक जीवन रक्षक प्रक्रिया है जहां बीपी कई दवाओं के बाद भी यह अनियंत्रित है। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, लखनऊ के एमडी और सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, हमारे डॉक्टरों की टीम कुछ नवीनतम चिकित्सा तकनीकों का उपयोग करके जीवन बचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने में माहिर हैं। रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी एक ऐसी थेरेपी है जो प्रतिरोधी उच्च रक्तचाप से पीड़ित रोगियों के लिए आशा की किरण साबित हो रही है।




# गंगा अपार्टमेंट की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**नामांकन**

▸ गोविद बने अध्यक्ष, सुषमा वर्मा उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव सचिव और अनु निगम कोषाध्यक्ष बनीं

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

गंगा अपार्टमेंट रेजिडेंट्स वेलफ़ेयर सोसायटी, रिवर व्यू एनक्लेव, सेक्टर 4, गोमती नगर विस्तार में रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के मुख्य चुनाव अधिकारी की देख-रेख में गंगा परिसर में संपन्न हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी ने गंगा अपार्टमेंट के निवासियों को अवगत कराया कि चुनाव के लिए कुल 8 सदस्य का नामांकन प्राप्त हुए। सभी को सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिसमें सुषमा वर्मा, अनु निगम, प्रतिभा त्यागी, गोविद सिंह, स्मिता सिंह, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव और दिव्यांशु प्रताप के नाम थे। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्वाचित सदस्यों में गोविद सिंह को अध्यक्ष, सुषमा वर्मा को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को सचिव और अनु निगम को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

# पशु क्रूरता के खिलाफ बनायी जायेगी एसपीसीए

तीन पशु प्रेमी जिलाधिकारी व दो को राज्य सरकार करेगी नामित



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

पशुओं पर क्रूरता करने वालों के खिलाफ पशु पालन विभाग सख्ती से निपटेगा। जो 4 कार्रवाई करने के लिए सभी जिलों में सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफक्रुएल्टी टू एनीमल (एसपीसीए) का गठन करने जा रहा है। जिसकी प्रक्रिया राजधानी में शुरू हो गई पांच पशु है। इस कमेटी में पांच प्रेमियों को सदस्य के रूप में रखा जाएगा। जो क्षेत्रों में निगरानी करेंगे और अत्याचार करते पाया तो पुलिस व प्रशासन के माध्यम से पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत जुर्माना व एफआईआर कराएंगे। एसपीसीए गठन का अध्यादेश 2010 में लागू हुआ था। लेकिन प्रदेश में पालन नहीं हुआ। कमेटी के जिलाधिकारी अध्यक्ष, पुलिस अधीक्ष, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उपाध्यक्ष व वन अधिकारी, नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत व पांच पशु प्रेमी सदस्य होंगे। इसमें तीन पशु प्रेमी जिलाधिकारी व दो राज्य सरकार नामित करेगी। किसी पशु का करतब दिखाना, किसी वाहन में ठूसकर ले जाना, सामान लादकर बिक्री करना, इंजेक्शन लगाकर दूध निकालना, भोजन व पानी न देना, आश्रय या पशु चिकित्सा देखभाल से वंचित रखना, अत्याचार करना, अपंग बनाना, मारना व निर्मम हत्या जो जघन्य अपराध के अंतर्गत आता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, कन्नौज

पत्रांक-247/ना.पा.प. गुरसहायगंज/2023-24 दिनांक- 24.07.2023

### ई-निविदा सूचना

ई-निविदा हेतु निकाय में पंजीकृत ठेकेदार, बिडर्स/कॉन्ट्रैक्टर्स, वेण्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/कॉन्ट्रैक्टर्स/वेण्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए ई-निविदायें,ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदाएं निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज /ANN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 25.07.2023 06:00 PM | |
| | | Tender Download | 25.07.2023 06:00 PM | 31.07.2023 10:00 AM |
| | | Bid Submission | 25.07.2023 06:00 PM | 31.07.2023 10:00 AM |
| | Close of Bid | | | 31.07.2023 10:00 AM |
| | Technical Bid Opening | | | 31.07.2023 10:00 AM |
| | Financial Bid Opening | | After Approval of Technical Bid | |

**नोट-** निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गुरसहायगंज-कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गुरसहायगंज-कन्नौज**

# भाजपा गरीबों की दुश्मन: अखिलेश

## उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने विकास कार्यों को किया बाधित

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के लिए अच्छी संभावनाएं हैं। हम पूरी ताकत के साथ चुनाव में उतरेंगे।

आपसी तालमेल और एकजुटता से वहां चुनाव में अपेक्षित परिणाम आ सकते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि सन् 2003 में समाजवादी पार्टी के 7 विधायक जीत दर्ज करा चुके हैं। इस बार पहले से अधिक समाजवादी विधायक जीत कर आयेंगे। अखिलेश यादव आज पार्टी मुख्यालय लखनऊ में मध्य प्रदेश के समाजवादी पार्टी के नेताओं तथा पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में मध्य प्रदेश के संभावित विधानसभा प्रत्याशियों के नामों पर भी चर्चा हुई। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पास निष्ठावान कार्यकर्ता बड़ी संख्या में है। समाजवादी कारवां अब रूकने वाला नहीं है। गरीब, पिछड़े समाज की आबादी समाजवादी पार्टी की असली ताकत है। यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में भी उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार के समय हुए विकास कार्यों की चर्चा होती है। यहां की उपलब्धियों का मध्य प्रदेश की जनता के बीच और प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश में आदिवासियों की बड़ी संख्या है, हमें उनके बीच अपनी पैठ बनानी चाहिए। समाजवादी पार्टी शोषितों, वंचितों तथा पिछड़ों को हक और सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों की दुश्मन है। भाजपा को लोकतंत्र की परवाह नहीं है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने विकासकार्यों को ठप्प कर दिया है। मध्य प्रदेश में भी घोर गरीबी, बेकारी और अन्याय-अत्याचार है। किसानों के साथ भाजपा का रवैया उपेक्षापूर्ण है। भाजपा की सरकारों में नौजवानों का कोई भविष्य नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह मध्य प्रदेश में भी भाजपा सरकार ने घोटाले कर रखे हैं। वहां भी भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। किसान, नौजवान सभी परेशान है। महंगाई और बेरोजगारी की मार से लोग कराह रहे है। मध्य प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से छुटकारा पाना चाहेगी। मध्य प्रदेश से आए कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे अखिलेश यादव के निर्देश मानेंगे। कार्यकर्ताओं ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस बार मध्य प्रदेश में समाजवादी विधायक बड़ी संख्या में जीत कर आएंगे। आज की बैठक में सर्वश्री बलराम यादव, राजेन्द्र चौधरी, रामायण सिंह पटेल, गौरी यादव, अशोक यादव सहित अन्य प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के कामों की सप्ताहिक समीक्षा करेंगे जलशक्ति मंत्री

**लखनऊ।** जल जीवन मिशन के तहत फील्ड में लगे एक-एक कर्मी निर्माण में कमी को अधिकारी दर्ज करें और उसकी रिपोर्ट दें। निर्माण कार्य में कमियां मिलने पर जिम्मेदार संस्था पर सख्त कार्रवाई करें। ये बातें सोमवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहीं जब वो गोमतीनगर के किसान बाजार स्थित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। कार्यालय पहुंचकर उन्होंने उपस्थिति शीट मांगी और कर्मचारियों का मिलान किया। इस दौरान जो भी कर्मचारी अनुपस्थित रहे या कार्यालय के बाहर मिले उनके खिलाफकार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक में थर्ड पार्टी एजेंसियों की नकेल कसते हुए उनको निर्धारित समय सीमा पर कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा की फील्ड में लगे एक-एक कर्मी निर्माण में कमी को दर्ज करें और उसकी रिपोर्ट दें।

# छात्राओं को स्मार्टफ़ोन व टेबलेट का हुआ वितरण

**वितरण**

- पुष्पलता सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

रजत कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट , लखनऊ एवं रजत वोमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट , लखनऊ के अंतिम वर्ष के छात्र / छात्राओ को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफ़ोन / टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुषमा खर्कवाल , माहापौर , नगर निगम , लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ सुरभि , विधायक कायमगंज विधानसभा रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता रजत ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज, लखनऊ के चेयरमैन डॉ. आर. जे. सिंह ने किया। कार्यक्रम में रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, लखनऊ की वाइस चेयरमैन पुष्पलता सिंह, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि महोदया ने छात्र/ छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में शिक्षा का स्वरूप बदल गया है। पहले के समय में शिक्षा प्राप्त करना बहुत ही कठिन कार्य था। लेकिन आज हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत आप सभी को स्मार्टफोन/ टैबलेट वितरित करने का जो संकल्प लिया है उससे सभी तकनीकी रूप से सशक्त हो रहे हैं और आगे भी बढ़ रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरभि ने कहा कि हम सभी को किसी भी उपलब्धि पर संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए बल्कि खुश होकर और बेहतर करने का प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. आर. जे. सिंह ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। पुष्पलता सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## आचार्य परशुराम चतुर्वेदी स्मृति समारोह 25 व 26 जुलाई को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा 'आचार्य परशुराम चतुर्वेदी स्मृति समारोह का आयोजन 25 व 26 जुलाई को पूर्वाह्न 10:30 बजे से हिन्दी भवन के निराला सभागार में किया जा रहा है। संत साहित्य पर केन्द्रित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्माननीय अतिथि के रूप में डॉ सूर्यप्रसाद दीक्षित लखनऊ डॉ हरिशंकर मिश्र लखनऊ डॉ0 सुधाकर अदीब लखनऊ डॉ उमापति दीक्षित आगरा असित चतुर्वेदी लखनऊ डॉ अहिल्या मिश्र हैदराबाद डॉ सुमनलता रुद्रावला हैदराबाद डॉ जशभाई पटेल गांधीनगर डॉ सोमा बन्योपाध्याय कोलकाता डा नोज कुमार पाण्डेय नागपुर आ रहे हैं।यह जानकारी उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ अमिता दुबे ने दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**घटना**

- शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर पुलिस, मामले की जांच-पड़ताल में जुटी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

बीकेटी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। हालांकि परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के अतरौरा में रविवार देर रात जानकीपुरम निवासी प्रेम कुमार वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रेमपने बहनोई बहादुर के गांव में बीकेटी कुम्हरावां मुख्य मार्ग पर और अतरौरा गांव में खेती की जमीन खरीदी थी। रविवार को बीकेटी कुम्हरावां मार्ग पर स्थित जमीन पर बन रहे घर का प्रेम छत की ढलाई करवा रहा था। प्रेम अपने खेत के मकान में वहीं मौजूद था। छत की ढलाई के चलते प्रेम के पास ज्यादा रुपए भी थे। रात में छत की ढलाई खत्म होने के बाद लोग प्रेम से मिलने पहुंचे तो उसे मृत पाए। लोगों ने इसकी सूचना बेटे कमलेश और बीकेटी थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस से बेट कमलेश ने पोस्टमॉर्टम के लिए मना कर दिया।

## यूपी एटीएस की कार्रवाई में 6 जिलों से 74 रोहिंग्या गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सोमवार को राज्यव्यापी अभियान चलाकर प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे 74 रोहिंग्या लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून,व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि एटीएस को सूचना मिल रही थी कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुछ रोहिंग्या लोग अवैध तरीके से रह रहे हैं।

इस पर एटीएस ने स्थानीय पुलिस इकाइयों की मदद से एक अभियान चलाया और कुल 74 रोहिंग्या लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार रोहिंग्या लोगों में 16 महिलाएं और लड़कियां तथा 58 पुरुष शामिल हैं। इन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

## विकास को बढ़ावा देने के लिये आईआईटी, इसरो, एम्स व अन्य संगठनों को जोड़ने को दी मंजूरी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की 16वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन योजना 4.0 के प्रभावी अनुश्रवण व गुणवत्ता प्रशिक्षण के लिये उप्र कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) को नामित करने के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। यूपीएसडीएम की अन्य योजनाओं में पीएमकेवीवाई 4.0 प्रोटोकॉल के अप-स्किलिंग और री-स्किलिंग प्रावधानों को शामिल करने के प्रस्ताव पर भी अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अलावा, एक स्थिर स्किल इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देने के लिये आईआईटी, इसरो, एम्स के समान अन्य संगठनों को जोड़ने की पहल को मंजूरी प्रदान की गई। समिति द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नामांकन और लक्ष्य प्राप्त करने जैसे प्रकरणों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये ट्रेनिंग पार्टनर पर अर्थदण्ड तथा दुर्भावनापूर्ण तरीके से प्राप्त की गई राशि की वसूली की प्रक्रिया को अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही इस बात पर विशेष बल दिया गया कि ट्रेनिंग पार्टनर को अभ्यर्थियों के प्लेसमेंट को लेकर अधिक उत्तरदायी बनाया जाये। स्किल ट्रेनिंग में प्लेसमेंट से जुड़े भुगतान मापदंडों को इस प्रकार निर्धारित किया जाये, जिससे अधिक से अधिक अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट हो सके। समित द्वारा प्रदेश स्तर पर 'स्किल मित्र पोर्टल' विकसित करने पर मंजूरी प्रदान की गई। यह पोर्टल 'एक राज्य एक पोर्टल' पर आधारित होगा। इस पोर्टल पर विभिन्न विभागों/ संस्थानों द्वारा प्रशिक्षण उम्मीदवारों का डाटा भी शामिल किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि अभी तक राज्य में स्किल के पूरे स्पेक्ट्रम को कैप्चर करने के लिये एक स्किल प्लेटफार्म उपलब्ध नहीं था। समिति द्वारा स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड (एसएसडीएफ) का नाम 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' रखे जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुये अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये।

## मिहिर श्रीवास्तव ने जीता कांस्य पदक

**लखनऊ।** काकोरी के मिहिर श्रीवास्तव ने जीता कांस्य पदक,46वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य,कांस्य पदक जीतकर प्रदेश,देश का नाम रोशन किया,10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता अपने नाम की ,इंडिया ओपन में 2 गोल्ड, 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता था,मिहिर श्रीवास्तव ने अब तक 14 गोल्ड मेडल जीते,4 ब्रॉन्ज मेडल अलग अलग लेवल पर जीत चुके है।

# गर्मी के चलते 29 हजार मेगावाट तक बढ़ेगी बिजली की मांग

**मांग**

- बीती रात बिजली की डिमाण्ड 24043 मेगावाट पहुंच गई थी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

देश में उत्तर प्रदेश में जो बिजली की अधिकतम डिमांड जा रही है उसने पूरे देश की ऊर्जा विशेषज्ञों को चौका दिया। उपभोक्ता परिषद को छोडकर किसी ने भी वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश की अधिकतम डिमांड 28000 मेगा वाट को पार का अनुमान किसी ने नही लगाया था। क्योकि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से विद्युत नियामक आयोग में 21 अप्रैल 2023 को लिखित आपत्ति की गई थी कि इस बार बिजली की डिमांड 28000 मेगा वाट को पार करेगी के आधार पर नेटवर्क को मजबूत किया जाने का प्रस्ताव दिया गया था। जिससे पूरे प्रदेश के लगभग 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति मिल सके। बीती रात बिजली की डिमाण्ड 24043 मेगावाट पहुंच गई थी आगे अनुमान के मुताबिक यह डिमाण्ड 29000 हजार तक पहुंच सकती है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा के अनुसार जब उनके द्वारा 28000 हजार मेगावाट का लिखित अनुमान बताया गया था तो उस समय पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन उपभोक्ता परिषद की बात को मानने को तैयार नहीं था और पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन के निदेशक कमर्शियल और प्लानिंग ने उपभोक्ता परिषद की आपत्ति पर विद्युत नियामक आयोग में लिखित जवाब दाखिल किया था कि वर्ष 2023 -24 में प्रोजेक्ट अधिकतम डिमांड 27531 मेगावाट जाएगी।

# सामाजिक क्षेत्र में विश्वास का बड़ा महत्व: महाना

## महिला सदस्यों के लिए पहली बार विशेष सत्र आयोजित, यूपी विस में हुए बदलाव

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में विश्वास का बड़ा महत्व होता है। जनता इसलिए विधानसभा में चुनकर भेजती है क्योंकि उसका हम पर विश्वास होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी किसी का भी विश्वास नही तोड़ना चाहिए। यदि एक बार विश्वास टूट गया तो फिर सफल होने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। श्री महाना ने यह बातें आज यहां विधानसभा का भ्रमण करने आए सीआईआई युवा इकाई के 44 सदस्यीय दल के साथ हुई वार्ता के दौरान कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि एक साल में विधानसभा में कई तरह के नए प्रयोग किए हैं। महिला सदस्यों के लिए पहली बार एक दिन का विशेष सत्रआयोजित किया गया। इसमे हर महिला सदस्य को सदन में अपनी बात रखने का अवसर मिला। श्री महाना ने कहा कि अब प्रदेश भर से डॉक्टर्स इंजीनियर व्यापारी और छात्र-छात्राएं आदि यहां इसे देखने आ रहे हैं। यूपी विधानसभा में कई बदलाव हुए हैं। इस बात का भी प्रयास किया गया है कि आम जनता विधानसभा के बारे में जान सके। हमारी विधानसभा देश की अग्रणी विधानसभाओं में से एक है। देश की अन्य विधानसभाएं अब यूपी विधानसभा का अनुसरण कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सब लोग युवा हैं और एक तरह से यूपी विधानसभा के ब्रांड एंबेसडर है। यूपी विधानसभा के बारे में जो महसूस किया है। वह यहां से जाकर अपने दोस्तों और परिवार के लोगों के साथ चर्चा करें ताकि उन्हें इसके बारे में पता चले।

एक सवाल के जवाब में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायक का मतलब कानून बनाने वाले लोगों से होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत विधायक जनता का प्रतिनिधित्व करता है। विधानसभा में जो भी कार्यवाही होती है, उसका पालन करने के लिए विभिन्न समितियों की बैठक होती है। जिसमें सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया जाता है।

## उप्र एवं सिक्किम के मध्य हुआ सांस्कृतिक समझौता

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में आज भारतेन्दु नाट्य अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एवं सिक्किम राज्य के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान को लेकर समझौता ज्ञापन एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। भारतेन्दु कला पत्रिका का विमोचन एवं ''मास्टर इन ड्रमैटिक्स आर्ट'' पाठ्यक्रम का सत्रारम्भ कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। पर्यटन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का अन्य प्रान्तों के साथ भी सांस्कृतिक आदान-प्रदान को लेकर एमओयू हुआ है। इससे उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का प्रसार प्रदेश से बाहर अन्य प्रान्तों में भी हो रहा है। पर्यटन मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों ही प्रदेशों के सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। दोनों ही प्रदेशों के सांस्कृतिक विविधता को एक-दूसरे से रूबरू होने का अवसर प्रदान करेगा।

# विधायक डॉ. नीरज बोरा ने छात्रों को किया सम्मानित

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

द आफ पब्लिक इंटर कॉलेज फैजुल्लागंज प्रांगण में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के जिले में टॉप करने वाले विद्यार्थियों में आन्या यादव, सुमंत कुमार मद्धेशिया एवं अन्य सभी कक्षाओं के रैंक होल्डर्स को क्षेत्रीय विधायक डॉ नीरज बोरा ने सोमवार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ बोरा ने बच्चों को इसी तरह से सभी बच्चों और अभिभावक को उत्तम कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या विजय लक्ष्मी सिंह डालीगंज शाखा की प्रधानाचार्या कमर जहां एवं डायरेक्टर ऐश्वर्य सिंह भी उपस्थित रहे। विधायक डॉ नीरज बोरा ने द आफ पब्लिक इंटर कॉलेज फैजुल्लागंज में बच्चों के पीने के लिये शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर लगवाने एवं आसपास की सड़कों को जल्द से जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। प्रबंधक राम जन्म सिंह ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

# राज्यपाल ने एसएसआर की बिंदुवार समीक्षा की

**समीक्षा**

- प्रस्तुतिकरण में दर्शाए गए ई-सुविधाओं के प्रमाण हाइपर लिंक में लगाएं
- सशक्त और सुदृढ़ एस.एस.आर. बनाएं : राज्यपाल

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के नैक मूल्यांकन हेतु एसएसआर के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके श्रीवास्तव ने राज्यपाल को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी, जबकि महाविद्यालय के रूप में इसका संचालन वर्ष 1947 से हो रहा है और विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन के लिए पहली बार एसएसआर दाखिल करने की तैयारी हो रही है।

राज्यपाल ने बैठक में नैक के सभी सातों क्राइटेरिया पर विश्वविद्यालय द्वारा तैयार एसएसआर की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने पूरा प्रस्तुतिकरण एक ही प्रारूप पर बनाने, सभी क्राइटेरिया में गतिविधि युक्त जियो टैग फोटो लगाने, सभी फोटो में गतिविधि का विवरण दर्शाने वाले कैप्शन लगाने तथा एक क्राइटेरिया में प्रयुक्त फोटो को अन्य क्राइटेरिया में पुनरावृत्ति न करने का विशेष निर्देश दिया। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में गुणवत्तापूर्ण फोटो लगाने को कहा। क्राइटेरिया-2 पर चर्चा करते हुए उन्होंने विदेशों में प्रोजेक्ट और अन्य अध्ययन के लिए गए विश्वविद्यालय के छात्रों का विस्तृत विवरण लगाने को कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय की अधिकतम सुविधाओं को ई-सुविधा से जोड़ने, परीक्षा प्रक्रिया में डिजिटाइजेशन बढ़ाने, विद्यार्थियों को उनके डाक्यूमेंट ऑनलाइन उपलब्ध कराने की सुविधा देने, विश्वविद्यालय के न्यूज लैटर को अर्द्धवार्षिक से मासिक करने और विद्यार्थियों का फीडबैक शामिल करने को कहा। क्राइटेरिया-3 में उन्होंने ड्रोन के उपयोग की गतिविधि में छात्राओं की प्रतिभागिता की कमी को लक्ष्य करते हुए कहा कि प्रत्येक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अवश्य दर्शाएं। उन्होंने पशुपालन के साथ-साथ कृषि का ज्ञान भी विद्यार्थियों को देने को कहा। इसी क्रम में इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड लर्निंग रिसोर्सेज पर चर्चा करते हुए उन्होंने पुस्तकालय खुले रहने में विश्वविद्यालय द्वारा की गई अतिरिक्त समयवृद्धि को प्रस्तुतिकरण में दर्शाने को कहा।

उन्होंने पशुओं के ऑपरेशन के उपरांत विभिन्न अवयवों को दर्शाने वाली विश्वविद्यालय की पैथोलॉजी को म्यूजियम की तर्ज पर बेहतर करने को कहा। उन्होंने कहा कि विवरण में विश्वविद्यालय की गतिविधियों को बेहतर संयोजन के साथ प्रस्तुत करें। स्टूडेंट सपोर्ट एण्ड प्रोग्रेशन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जनपद के अन्य विश्वविद्यालय की गतिविधियों के साथ भी जोड़ें। उन्होंने वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय में हुई वृहद गतिविधियों का स्मरण भी कराया और उन्हें प्रस्तुतिकरण में दर्शाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतिकरण में जिन ई-सुविधाओं को दर्शाया गया है, उनके प्रमाण हाइपर लिंक में अवश्य लगाएं। प्रस्तुतिकरण के विविध बिंदुओं पर राज्यपाल जी ने विवरण को सुदृढ़ और सशक्त करने के सुझाव दिए। विश्वविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिस के उल्लेख में उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांवों में ग्रामीण महिलाओं और कृषकों को दिए गए सहयोग से उनमें बढ़ी आर्थिक आत्मनिर्भरता, आंगनवाड़ियों में पोषण वाटिका लगवाने, पशुओं के टीकाकरण और स्वास्थ्य देखभाल से स्वस्थ पशुओं के विकास, पशुओं की नस्ल सुधार के कार्य, पशुपालन मछली-पालन जैसे कार्यों के विकास, विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गांवों में स्वयं रूचि लेकर पशुस्वास्थ्य के कार्यों का उल्लेख उन्होंने विवरण में करने को कहा।

## मदन दास देवी के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष दुखी

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मदन दास देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने राष्ट्र सेवा में स्वयं को समर्पित कर देने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्रेष्ठ प्रचारक मदन दास देवी के निधन पर ईश्वर से गोलोकवासी पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व संगठन मंत्री, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह रहे, अपनी सेवाओं से परिवर्तन के कार्य कर सकें ऐसे हजारों कार्यकर्ताओं को गढ़ने की अविरत साधना से कार्यकर्ताओं को गढ़कर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने वाले माननीय मदनदास देवी के निधन को राष्ट्र और संगठन की अपूरणीय क्षति बताते हुए प्रभु श्री राम से पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

# सुपरवाइजर एसो. ने स्थानांतरण पर मनाया काला दिवस

**मांग**

- सुपरवाइजरों ने काला दिवस मनाया और काली पट्टी बांधकर अपनी मांगों के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के प्रावधानों के विरुद्ध बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में मान्यता प्राप्त सुपरवाइजर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का ट्रांसफर, एसीपी न दिए जाने और पदोन्नति न किए जाने के खिलाफ पूरे प्रदेश में सुपरवाइजरो ने काला दिवस मनाया और काली पट्टी बांधकर अपनी मांगों के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है सुपरवाइजर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रेनू शुक्ला और महामंत्री शशिकांत ने प्रेस को जारी अपने बयान में बताया कि आईसीडीएस प्रशासन तानाशाही पर उतर गया कर्मचारियों कि लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा तय की गई नीति के विरुद्ध पदाधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं। सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति में साफकहा गया है कि मान्यता प्राप्त संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री का स्थानांतरण पदभार ग्रहण करने के 2 वर्ष की अवधि तक नहीं किया जाएगा और स्थानांतरण नीति में समूह ग और घ के बारे में जनपद में कार्य करने की कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। बावजूद इसके सुपरवाइजर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री समेत जिला अध्यक्षों व मंत्री का स्थानांतरण कर दिया गया। पदाधिकारियों का चुनाव एक वर्ष पूर्व ही हुआ है और इस संबंध में बाकायदा विभाग को सूचना भी दी गई है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति, एसीपी जैसी न्याय उचित मांगों पर लंबे समय से सुपरवाइजर एसोसिएशन संघर्ष कर रहा है और इनके हल के लिए शासन स्तर पर वार्ता भी कर रहा है। इसे हल करने की मंशा विभाग की नहीं है। उत्पीड़न करने के लिए दुर्भावना प्रेरित पदाधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं जिसके विरूद्ध पूरे प्रदेश में सुपरवाइजर्स ने प्रतिवाद दर्ज किया है।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने आज अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री के आधिकारिक ईमेल आईडी पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की तरफ से ज्ञापन भेजकर कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन संरक्षण एवं सेवा संरक्षण के लिए नीतिगत निर्णय लिए जाने, प्रदेश के राजकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को जिनकी नियुक्ति पारदर्शी तरीके से नियमानुसार गठित चयन समिति के माध्यम से की गई है तथा जिनको सातवें वेतन आयोग के क्रम में संविदा राशि संशोधित करने का निर्णय सरकार ने कर दिया है ,उन्हें नियमित किए जाने,कर्मचारियों का काटा गया नगर प्रतिकर भत्ता दिए जाने तथा सीज किए गए महंगाई भत्ते का भुगतान किए जाने से संबंधित मांग मुख्यमंत्री से की गई है।

आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं के संदर्भ में मुख्यमंत्री विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। इस पर अंतिम निर्णय शीघ्र लिए जाने का मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है।

# लापरवाही बरतने वाले लेखपालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीएम

▸ सभी लंबित पड़े आवेदनों का किया जाए निस्तारण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दिनाँक 24.7.2023 को ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर समय सीमा बीत जाने के बाद भी लंबित पड़े आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने पोर्टल पर आने वाले आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र,निवास प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, लोक संबोधन प्रणाली के लिए अनुज्ञा, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना, मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना, दिव्यांग प्रमाण पत्र व कुटुंब रजिस्टर की नकल के आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि एसडीएम स्तर पर निवास प्रमाण पत्र के 4, हैसियत प्रमाण पत्र के 20, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के 2, मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के 21 एवं तहसीलदार सदर के पास आय प्रमाण पत्र के 177, हैसियत प्रमाण पत्र के 30 तथा लेखपाल के स्तर पर विभिन्न आवेदन समय सीमा के बाद भी लंबित पड़े है।

अधिक आवेदन लंबित रखने वाले लेखपालों को मिलेगी प्रतिकूल प्रविष्टि।

### लेखपालों के पास लंबित मामलो का विवरण

लेखपाल मस्तराम वर्मा के पास 31, बृजेश कुमार के पास 28, संतोष कुमार पाण्डेय के पास 20, हितेश कुमार तिवारी के पास 15, संजय कुमार पाण्डेय व अभय प्रताप श्रीवास्तव के पास 12-12, निरंकार प्रसाद के पास 7, जावेद अहमद व बृजेश कुमार मिश्र के पास 6-6, संतोष कुमार शर्मा के पास 5, मो0 नदीम, काली प्रसाद, पवन कुमार, सिंह, पिंकी सिंह, सविता त्रिपाठी, सुधा सिंह व वीरेंद्र प्रताप सिंह के पास चार-चार, अवधेश कुमार व रजवंत कुमार के पास तीन-तीन, प्रशांत विक्रम सिंह, नृपेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अभिजीत कुमार, आत्मा राम वर्मा, मुक्तेश्वर लाल, रमेश सिंह, अर्जुन सिंह के पास दो-दो व करूणेश कुमार, गिरीश यादव, राकेश कुमार, निरुपमा पाण्डेय, पल्लवी श्रीवास्तव, बीरेंद्र कुमार, विनोद कुमार सिंह, राधाकांत मिश्रा, विजय कुमार सिंह, सूरज सिंह व दानिश अली के पास एक एक आवेदन लंबित है।

जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह को निर्देश दिए कि समय सीमा बीत जाने के बाद भी मामले निस्तारित ना हो पाने के कारण गोण्डा की रैंकिंग पूरे मंडल में निचले पायदान पर है, जिससे मण्डलीय बैठक में अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है। अतः ऐसे लेखपाल जिनके स्तर पर अधिक संख्या में आवेदनों का निस्तारण नही किया गया है उन्हें विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान किया जाय,साथ ही सभी मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित किया जाये।

# आत्मचिंतन स्वयं को परखने की प्रक्रिया : रविशंकर

**गंगा आरती में झूमे श्रद्धालु**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

मनुष्य जितना अधिक आत्मचिंतन से सीख सकता है, उतना किसी बाहरी स्रोत से नहीं, आत्मचिंतन स्वयं को परखने की प्रक्रिया हैं ये बातें कथा में रविशंकर गुरूवर ने कहा

सवा लाख पार्थिव पूजन एवं श्री शिव महापुराण कथा के षष्टम दिवस की कथा में पूज्य महाराज जी के द्वारा भक्तों को ज्योतिर्लिंगों की कथा के साथ गंगा अवतरण की कथा सुनाई गई,,कथा की महिमा और भजनों की श्रृंखला में उपस्थित सभी भक्त झूम उठे,,भक्तों के द्वारा भगवान भोलेनाथ को छप्पन भोग लगाया गया,,माँ गंगा के अवतरण की कथा का विस्तार करते हुए व्यास पीठ से गुरुदेव ने बताया कि, जब माँगंगा स्वर्ग से

अपार वेग के साथ नीचे आईं तो शिव की जटाओं में क़ैद हो गईं। भगीरथ की विनती पर शिव ने गंगा को एक पतली धारा के रूप में जटाओं से निकाला।

गंगावतरण से तात्पर्य है कि गंगा का पृथ्वी पर अवतरण। अयोध्या के इक्ष्वाकु वंशीय राजा भगीरथ के कठिन प्रयत्नों और घोर तपस्या से ही गंगा का पृथ्वी पर अवतरण सम्भव हुआ था। भगीरथ के पूर्वज राजा सगर के साठ हज़ार पुत्र कपिल मुनि के तेज से भस्म हो जाने के कारण अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए थे। उनके भस्म हो जाने से उस स्थान पर साठ हज़ार राख की ढेरियाँ लग गईं। अपने पूर्वजों की शांति के लिए ही भगीरथ ने घोर तप किया और गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। पूर्वजों की भस्म के गंगा के पवित्र जल में डूबते ही वे सब शांति को प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान म मुख्य यजमान आरती- सोनी संतोष सोनी के अलावा कार्यक्रम के अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा, रवि सोनी, शिव शंकर सोनी, विशाल बंसल, आशीष मिश्रा, नारायण भावसिंहका,पप्पू प्रजापति, दीपेंद्र मिश्रा, रामशंकर कसौधन, अंबिका कसौधन, भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष वंदना गुप्ता, ममता सोनी, रंजना सोनी, माया देवी, कनक लता देवी सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रही।

# मरीजों से धन मांगने वाले दो चिकित्सा कर्मी निलंबित

▸ प्रकाशित खबर और वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुये तत्काल हुई कारवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ, सोमवार, 24 जुलाई, 2023 4
जिला अस्पताल में एक्स-रे के लिए हो रही अवैध वसूली

खबर का असर

इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया में बाबू ईश्वर चरण चिकित्सालय के क्षेत्रीय निदान केन्द्र के रेडियोलॉजी विभाग में तैनात एक्स रे टेक्नीशियनों द्वारा मरीजों से जाँच के नाम पर धनउगाही करने का वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुये मंडलायुक्त ने बड़ी कार्यवाही की है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखने के उपरान्त धनउगाही में संलिप्त कर्मियों प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुये अशोक कुमार सिंह, एक्स-रे टेक्नीशियन एवं अमित पाण्डेय, एक्स-रे टेक्नीशियन को निलम्बित कर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गये है। पूरे मामले की जांच हेतु तीन वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों की जाँच कमेटी गठित कर दी गयी है।

# अधूरे निर्माण को जल्द कराएं पूरा : डीआईजी फायर

▸ जिले में स्थित अग्निशमन केंद्रों का डीआईजी ने किया निरीक्षण

▸ डीआईजी के दौरे को लेकर जिले के विभागीय अधिकारियों में मचा रहा हड़कंप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में डीआईजी फायर ने दौरा किया। उन्होंने निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्रों का निरीक्षण कर जल्द से जल्द इसके कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। डीआईजी फायर जुगल किशोर तिवारी जिला मुख्यालय पहुंचे। नव निर्माण भवन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वह अग्निशमन केंद्र पहुंचे। यहां पर उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली डीआईजी ने परिसर को साफ बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नानपारा का निरीक्षण किया। नानपारा में बंद है अग्निशमन केंद्र का निरीक्षण कर निर्माण को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। डीआईजी फायर ने मोतीपुर में बन रहे अग्नि शमन केंद्र का भी निरीक्षण किया। डीआईजी के दौरे को लेकर जिले के विभागीय अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति रही। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, अग्निशमन अधिकारी समेत विभाग के अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चला जागरूकता अभियान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील तरबगंज एवं करनैलगंज में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ /वज्रपात / डूबने से बचाव हेतु छोटे छोटे समूहों को जागरूक किया गया, तथा सर्पदंश सुरक्षा सप्ताह मनाया गया, जिसमें शर्पदंश से बचाव हेतु छोटे छोटे गांव के समूहों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही एसडीएम, नायब तहसीलदार, एवं अन्य अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर वहां के ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

# बदहाल विद्युत व्यवस्था से छुब्ध होकर जनप्रतिनिधि ने पावर हाउस में जड़ा ताला

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत वितरण खंड तृतीय के अन्तर्गत भंभुआ पावर हाउस क्षेत्र में अघोषित मनमानी विद्युत कटौती व घोर अव्यवस्था से नाराज जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि का फोन विद्युत विभाग के अधिकारियों ने नहीं उठाया तो वह क्षुब्ध होकर सीधे भंभुआ पावर हाउस पहुंच गये,जहां मौजूद एसएसओ अनिल कुमार से जानकारी लेने के बाद उन्होंने गौरा,भंभुआ व चचरी फीडर बंद करवा दिया। उसके बाद मुख्य गेट पर ताला लगवाकर चाबी लेकर चले गये। रात्रि लगभग तीन बजे एसएसओ ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। सुबह पावर हाउस पर एक्सईएन, एसडीओ व अवर अभियंता पुलिस

बल के साथ पहुंचे और किसी तरह चाबी मंगवाकर सभी फीडर को संचालित करवाया। इस संबंध में एसएसओ अनिल कुमार ने बताया कि सभी फीडर ओवरलोड हो चुके हैं इसलिये एक-एक घंटे की कटौती कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### जिला पुरुष चिकित्सालय में नसबंदी शिविर आज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्वास्थ्य विभाग 25 जुलाई को जिला पुरुष चिकित्सालय में पुरुष नसबंदी शिविर लगाया जाएगा। डा0 अनिल कुमार सर्जन पुरुष नसबन्दी (एनएसवी) द्वारा जिला पुरुष अस्पताल जनपद गोण्डा मे मंगलवार 25 जुलाई (कल) को आयोजित पुरुष नसबन्दी शिविर मे अपनी सेवा दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि परिवार नियोजन किये जाने हेतु पुरूष नसबंदी एक बेहतर विकल्प है। जनसंख्या की बढ़ती विकास दर एवं सीमित होते संसाधनों और इसके दुष्परिणाम स्वरूप होने वाले आगामी जीवन की भयावहता को रोकने का एकमात्र उपाय जनसंख्या स्थिरीकरण है। नसबंदी ऑपरेशन स्वीकारकर्ता को क्षतिपूर्ति राशि भी शासन की ओर से प्रदान की जाती है। पुरूष नसबंदी (बिना चीरा-बिना टांका) एक सरल एवं आसान प्रक्रिया है। सीएमओ ने परिवार नियोजन के इच्छुक पुरुष हितग्राहियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर पुरूष नसबंदी सेवा प्रदायगी दिवस का लाभ उठायें।

### सड़क हादसे में बाइक सवार चाचा भतीजे गंभीर घायल

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार से बेखौफ फर्राटा भर रहे बाइक चालक ने दूसरे बाइक सवार को टक्कर मार दिया,जिससे बाइक सवार चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र की है। यहाँ के चचरी चौकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत प्रतापपुर निवासी आशीष सिंह (रोजगार सेवक) अपने चाचा अर्जुन सिंह उम्र करीब 60 वर्ष के साथ जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया जिससे दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,लोगो द्वारा दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद अर्जुन सिंह को नाजुक हालत में गोण्डा रेफर कर दिया गया।

### मेडिकल व्यवसायी के घर से लाखों की चोरी, 75 हजार रुपए नकदी के साथ सोने चांदी के जेवरात ले गए चोर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रामपुर टेपरा गांव निवासी मेडिकल व्यवसाई के घर में छत के रास्ते घर में घुस गए। इसके बाद चोरों ने 75 हजार रूपये नकदी समेत लाखों की संपत्ति चुराई। सुबह पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। रानीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर टेपरा गांव निवासी मनोज कुमार सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह मेडिकल व्यवसाई हैं। रविवार रात 2-00 से 3-00 के बीच अज्ञात चोर छत के रास्ते से घर में घुस गए। इसके बाद चोरों ने अलमारी के अंदर रखे सोने के जेवरात व चांदी के सिक्के तथा नगद रुपए चोरी करके हुए फरार हो गए। मनोज कुमार सिंह ने बताया कि चोरी किए गए समान में मंगलसूत्र सोने के चार, हार सोने के दो सेट, अंगूठी जेंट्स चार पीस, लेडीज अंगूठी 7 पीस, बाला चार पीस, झाला 5 पीस, कील चार पीस, एक पीस टिका, पायल चांदी की पांच जोड़ी, सोने की कंगन चार पीस, सोने की नथुनी तीन पीस, एक जोड़ी चांदी की पाइजेब, लक्ष्मी गणेश चांदी का सिक्का चार पीस तथा नगदी 75000 रूपये की चोरी कर सभी फरार हो गए। सुबह घर में सामान बिखरा देखा तो परिवार में हड़कंप मच गया। चोरी की जानकारी थाने में दी गई। लगभग आठ लाख की चोरी हुई है। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि पुलिस को गांव भेज कर जांच किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

# जिले के शिवालयों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

▸ चारो तरफ हर हर महादेव गूंज

▸ श्री सिद्धनाथ मंदिर का कपाट आधी रात खुला

▸ तीन बजे से ही जलाभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालु

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में सावन का तीसरे सोमवार को सुबह से ही भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के लिए शिवालयों व मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ पड़े हैं। शहर व ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार रात से ही शहर के चौक स्थित श्री सिद्धनाथ मंदिर के कपाट खुल गए। शिवभक्तों की कतारें जलाभिषेक को लगी रहीं। भक्तों के आने व जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया।बता दें कि रविवार रात में ही भगवान भोलेनाथ का पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद भजन संध्या की शुरुआत हुई। देवों के देव, महादेव की पूजा अर्चना को शहर स्थित श्री सिद्धनाथ मंदिर परिसर के बाहर सोमवार को भारी भीड़ के मद्देनजर भोर तीन बजे जलाभिषेक को मंदिर कपाट खोल दिए गए।शिवभक्तों की जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक को कतारें लगने लगीं। रविवार रात तीन बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ। बम बम बोल रहा है, काशी समेत अन्य गानों पर भक्तों का उत्साह सातवें आसमान पर दिखा। वहीं कावंड़िये लोग भी शहर के कई इलाकों से जलाभिषेक करने के लिए जल लेकर पहुंचे।

### विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

शिव कावरियां संघ और बोल बम सेवा समिति जरवलरोड के नेतृत्व में बाइसवां विशाल पद यात्रा गोण्डा के कर्नलगंज स्थिति सरयू नदी से जल भरकर बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव तक निकाली गयी। सैकडों कावंरिए पवित्र सरयू नदी से जल भरकर पैदल बोल बम,हर हर महादेव के उदघोष के साथ बाबा भोले नाथ को जलाभिषेक करते है।इस अवसर पर जरवलरोड और घाघराघाट पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों शिव भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।कांवर यात्रा के दौरान आसपास का वातावरण बम बम भोले,हर हर महादेव जैसे उदघोष से गुंजायमान रहा।

# फरियाद लेकर पहुंचे आर्मी जवान को एसडीएम ने कहा अपशब्द

▸ बोले एक पत्र में चली जायेगी नौकरी, शांतिभंग में करो कार्रवाई

▸ जमीन पर कूड़ा डालने की शिकायत करने पहुंचा था जवान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम पंचायत उर्रा निवासी आर्मी के जवान ने सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर अपनी व्यथा बताते हुए रोने लगा। उसका कहना है कि अपनी फरियाद लेकर एसडीएम के यहां पहुंचे तो एसडीएम ने एक पत्र में नौकरी से हाथ धोने की धमकी देते हुए अपशब्द कहे। जवान और उसके माता पिता की समस्या सुन डीएम ने जांच के निर्देश दिए हैं।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उर्रा के मजरा उर्रा बगिया निवासी मंजय सेना में जवान हैं। उसकी तैनाती इस समय चीन बॉर्डर पर है। वह देश की सुरक्षा में लगा हुआ है, लेकिन अपने ही जमीन की सुरक्षा जवान नहीं कर पा रहा है। जवान के पिता मजदूरी का काम करते हैं। मंजय के घर के सामने कुछ दबंग लोग कूड़ा लगा रहे हैं। इसकी शिकायत उसने लेखपाल के साथ अन्य अधिकारियों से की।अवकाश लेकर आए मंजय ने शनिवार को एसडीएम मोतीपुर संजय कुमार को प्रार्थना पत्र देकर घर के सामने कूड़ा डाल रहे लोगों को मना करने और कार्यवाई की मांग की। लेकिन एसडीएम नाराज हो गए। उन्होंने सेना के जवान को अपशब्द कहते हुए जेल भेजने की धमकी दी। साथ ही वहां मौजूद पुलिस को शांति भंग में जेल भेजने के निर्देश दे दिए।सोमवार को सेना का जवान वर्दी पहनकर अपने माता पिता के साथ डीएम कार्यालय पहुंचा। यहां पर डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र देकर कहा कि न्याय की मांग पर एसडीएम पत्र लिख कर नौकरी से निकलवाने की धमकी दे रहे हैं। इतना ही नहीं एसडीएम एक अपराधी की तरह पेश आने लगे। ऐसे में न्याय कैसे मिले। डीएम ने मामले को सुनते हुए न्याय का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने टीम से जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मामले में एसडीएम मोतीपुर संजय कुमार को फोन लगाया गया तो उनके मोबाइल पर घंटी बजती रही, उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# 20 लाख की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

▸ एसएसबी और पुलिस ने गश्त के दौरान 512 ग्राम चरस के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

एसएसबी और पुलिस ने गश्त के दौरान एक तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से 512 ग्राम चरस बरामद हुई है। बरामद चरस को सीज कर दिया गया है। जबकि तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार वर्मा और एसएसबी के उप कमांडेंट पार्थ सारथी के निर्देश पर पुलिस और एसएसबी के जवान सीमा पर संयुक्त जांच कर रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक की अगुवाई में उप निरीक्षक शिवम कुमार त्रिपाठी, एसआई अश्विनी कुमार पांडेय, आरक्षी सूरकांत पांडेय और एसएसबी के एएसआई भरत पाठक, विक्रम कुमार, यश विनोद, राजेश कुमार संयुक्त टीम के द्वारा रूपईडीहा के चकिया रोड पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान एक संदिध व्यक्ति दिखा। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास 512 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामद चरस को पुलिस ने सेज कर दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्कर की पहचान आलमीन पुत्र मो. कलीम निवासी लहरपुरवा सहजना थाना रूपईडीहा के रूप में हुई है। उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उप कमांडेंट ने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 लाख रूपये है।

## एमबीबीएस छात्र ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बहराइच में लखनऊ मार्ग स्थित मेडिकल कॉलेज में औरैया जनपद निवासी निर्वात शाक्य एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। वह 2020 बैच का छात्र है। रविवार रात में एमबीबीएस छात्र ने अज्ञात कारणों से अपने हाथ के कलाई की नस काट ली। जिस पर उसकी हालत बिगड़ गई। साथी छात्रों की ओर से घायल एमबीबीएस छात्र को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉक्टर अंकित त्रिपाठी ने बताया कि छात्र के हाथ की नस कटी है। उसे जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। छात्र के बैचमेट राघवेंद्र मिश्रा ने बताया कि नाखून काटते समय हादसा हुआ है। हालांकि इलाज के बाद छात्र की हालत में सुधार है।

# संदिग्ध अवस्था में नहर में उतराता मिला अज्ञात महिला का शव

▸ पुलिस महिला की शिनाख्त में जुटी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के मुंडेरवा सरहदी गांव के निकट से निकलने वाली नहर से एक महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विशेश्वरगंज थाना अंतर्गत ग्राम मुंडेरवा सरहदी में सोमवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव पानी में उतराते मिला। शव मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद लोगों की भारी भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई और मामले की सूचना विशेश्वरगंज पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष अनुज कुमार त्रिपाठी, हल्का दरोगा सोभनाथ यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिला के शव को पानी से बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों से पहचान करवाई। लेकिन महिला की पहचान नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोमवार सुबह मुंडेरवा सरहदी ग्राम के निकट से गुजरी सरयू नहर में अज्ञात महिला का शव उतराते हुए मिलने की सूचना मिली थी। जिसे पानी से बाहर निकलवाया गया। महिला कौन है और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई, इसकी जांच की जा रहीं है। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला की उम्र लगभग 52 वर्ष के आसपास है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। खबर लिखे जाने तक महिला का शिनाखूत नही हो सकी है।

### सरयू नदी में डूबी महिला का नहीं बरामद हुआ शव

जिले के मांझा दरिया गांव निवासी एक महिला रविवार को नित्य क्रिया के दौरान सरयू नदी में डूब गई थी। महिला की तलाश गोताखोर कर रहे हैं। लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के मांझा दरिया बुर्द गांव के निकट सरयू नदी की शाखा निकली है।रविवार दोपहर में शौच करने गई गांव निवासी रामरानी देवी (47) नित्य क्रिया के दौरान पैर फिसलने से डूब गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन नदी किनारे पहुंचे। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी और नायब तहसीलदार संग्राम सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से महिला की तलाश शुरू की गई है। सोमवार को भी गोताखोर महिला की तलाश कर रहे हैं। लेकिन 24 घंटे से अधिक समय बीत गया है। अभी तक महिला का कुछ पता नहीं चल सका है।

# कटान प्रभावितों ने डीएम का जताया अभार

▸ स्लोप पिचिंग का कार्य होने से गदगद हैं ग्रामवासी

▸ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से बोला शुक्रिया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विगत 03 जून को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत पुरैना रघुनाथपुर के कटान प्रभावित मजरा अस्सीपुरवा के ग्रामवासियों ने डीएम के समक्ष उपस्थित होकर इस आशय का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया था कि उनकी ग्राम पंचायत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आती है। ग्राम पंचायत का मजरा अस्सीपुरवा कटान की ज़द पर रहता है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी से मजरा को बाढ़ व कटान की आपदा से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बाढ़ व कटान रोधी कार्य कराये जाने का अनुरोध किया था।ग्रामवासियों की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी व सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया था कि तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर सन्दर्भित प्रकरण में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्काल एक्शन में आये अधिकारियों ने सम्बन्धित ग्राम में बाढ़ से पूर्व ही स्लोप पिचिंग का कार्य पूर्ण कर मजरा को बाढ़ व कटान के खतरों से सुरक्षित कर दिया।ग्राम में हुए बाढ़ व कटान रोधी कार्यों के मद्देनज़र खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा अजीत प्रताप सिंह व ग्राम प्रधान जोगिन्दर के नेतृत्व में ग्रामवासियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंटकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल ने समस्त ग्रामवायिों की ओर से एक प्रशस्ति-पत्र भी जिलाधिकारी को भेंट किया जिसमें कटान रोधी कार्यों के आभार के साथ-साथ आशा भी व्यक्त की गई है कि भविष्य में भी ग्रामवासियों को आपकी ओर से स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होता रहेगा।डीएम मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश हैं कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के साथ-साथ गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाया जाय तथा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय। डीएम ने कहा कि जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि जनसुनवाई में आने वाले समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं तथा गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय।

# नगर पंचायत बछरावां अतिक्रमण के खिलाफ सख्त

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

▸ अतिक्रमणकारियों को दी गई चेतावनी

प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर स्थित बछरावां नगर में इस समय अवैध अतिक्रमण लगातार जारी है। जिसको देखते हुए नगर पंचायत ने शासन की मंशा के अनुरूप नगर वासियों व अवैध अतिक्रमण कार्यों को बाकायदा मुनादी कराकर सूचित किया है कि जिन व्यक्तियों द्वारा राजमार्ग, जिला मार्ग व लिंक मार्ग तथा नालियों पर अवैध रूप से टीन शेड, गुमटी, सामान आदि लगाकर या रखकर अवैध अतिक्रमण किया गया है व जिसके द्वारा आवागमन अवरुद्ध है। वह लोग तीन दिवस के अंदर अपने आप अतिक्रमण हटा ले अन्यथा की स्थिति में नगर प्रशासन द्वारा चालान काटने की कार्रवाई की जाएगीऔर इसके साथ ही साथअतिक्रमणकारियों का बलपूर्वक अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। इस अतिक्रमण को हटाने में जो भी व्यय भार आएगा। उसको अतिक्रमण कारी से राजस्व के बकाए की भांति वसूल किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी आक्रमणकारी की होगी होगी इन अवैध अतिक्रमणकारियो के कारण आए दिन बवाल हुआ करता है नगर पंचायत के मुख्य व्यस्ततम चौराहे पर खुलेआम ठेलिया वालों का अतिक्रमण देखा जा सकता है।जबरिया सड़क पर कब्जा करके ठेला लगाना इनकी आदत में शुमार हो चुका है?

सबसे ज्यादा दुर्घटना की स्थित महाराजगंज रोड के तिराहे पर है

जहां पर चार पांच ठेलिया वाले जाम लगाए रहते हैं जिनके कारण आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त होते हैं इन अतिक्रमणकारियों का आलम तो यह है कि राहगीरों के साथ मारपीटऔर झगड़ा तुरंत करके लड़ाई पर आमादा हो जाते हैं। इन पर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत चरितार्थ होती है आए दिन बछरावां थाने में भी इनके वाद-विवाद बने रहते हैं। इन पर कोई भी कड़ी कार्यवाही न होने के कारण इनके हौसले बुलंद हैं अब नगर पंचायत में अवैधअतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है देखना है कि नगर पंचायत की यह चेतावनी धरातल पर कामयाब होती है या हवा हवाई ही साबित होगी।

अभी पूर्व में भी उपजिलाधिकारी द्वारा पीले पंजा का प्रयोग करके शक्ति के साथ अवैध अतिक्रमण हटाया गया था लेकिन आक्रमणकारी मानने को तैयार नहीं है हटाने के बाद भी पुनःअतिक्रमण किया गया है। पता नहीं किसकी वह पर इनके हौसले बुलंद हैं।यदि अतिक्रमण हटाकर इनके ऊपर कठोर कार्यवाही की जाए तो शायद सड़कें अतिक्रमण मुक्त हो सकती हैऔर दुर्घटनाओं से भी निजात मिल सकती है।

# राम मंदिर की सुरक्षा मे तैनात वीर सपूत की हृदय गति रुक जाने से निधन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सीआरपीएफ 63 बटालियन फैजाबाद राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात रायबरेली के वीर सपूत हवलदार पवन कुमार उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ताला गोपालपुर पोस्ट मेजरगंज भदोखर रायबरेली की 23 जुलाई 2023 को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया सीआरपीएफ जवान का शव तिरंगे में लिपटकर जब उनके पैतृक गांव पहुंचा तो परिवारी जनों एवं क्षेत्रीय लोगों में कोहराम मच गया भारत मां के लाल की एक झलक पाने के लिए हजारों की भीड़ इकट्ठा रही वहां पर मौजूद सभी लोगों की आंखें नाम रही वहीं भारत माता की जय पवन सिंह अमर रहे जब तक सूरज चांद रहेगा पवन तेरा नाम रहेगा जैसे नारों से

वातावरण गुंजायमान हो गयाजिन का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ पैतृक गांव ताला गोपालगंज में किया गया पवन हवलदार को सीआरपीएफ के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई मृतक हवलदार अपने पीछे पत्नी तथा 12 वर्षीय पुत्री एवं 8 वर्षीय पुत्र को अपने पीछे छोड़ गए केके सिंह उप कमांडेंट सीआरपीएफ की अगुवाई में सीआरपीएफ रायबरेली परिवार के उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा शहीद पवन को श्रद्धांजलि दी गई तथा सीआरपीएफ परिवार रायबरेली द्वारा शहीद के परिवार को हर संभव मदद दिए जाने की बात कही गई।

## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक में हो रही अवैध वसूली व भ्रष्टाचार, प्रधान संघ ने की कार्यवाही की माँग, एसडीएम को दिया ज्ञापन

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।** प्रधान संघ के अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार सूर्या ने एसडीएम तान्या सिंह को एक शिकायती पत्र दिया गया जिसमें ब्लॉक में हो रही अवैध वसूली व भ्रष्टाचार की जाँच की माँग की गयी है। प्रधान संघ के अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि खण्ड विकास अधिकारी द्वारा व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्राम प्रधानों की जाँच के नाम पर घन उगाही की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों के आवासों को डिलीट किया गया है। मनरेगा के कार्यो सहित सरकारी रसीद में घन उगाही की जा रही है। हाल में हुए मनरेगा के भुगतान में लाखो रुपये की घन उगाही खण्ड विकास अधिकारी व एकाउंटेंट द्वारा की गयी है। उक्त बिन्दुओ में प्रधान संघ के अध्यक्ष ने कहा है कि जब तक दोनों अधिकारी व कर्मचारी का स्थानातरण नही हो जाता तब तक हम सभी प्रधान ग्राम पंचायतों का कोई भी कार्य नही करायेगे हम सभी ग्राम प्रधान अपने कार्य का बहिष्कार करते है।

### मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

▸ मारपीट में 7 लोग गंभीर रूप से घायल, चार जिला अस्पताल रेफर

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली जिले में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई है। मारपीट में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। बताया जा रहा है कि मामूली कहासुनी को लेकर बात शुरु हुई थी। थोड़ी ही देर में देखते-देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां पर डॉक्टरों ने चार की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही मौके पर भारी संख्या में पुलिस तैनात है। पूरा मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत साड़ी गांव का है। पीड़ित रोहित चमार ने बताया कि मेरा छोटा भाई मंदिर गया हुआ था। जैसे ही मंदिर पहुंचा वैसे ही सोनू सिंह का लड़का बोला चमार आ गया चमार आ गया। इसको लेकर जब मेरे भाई और सोनू सिंह के लड़के में कहासुनी शुरू होने लगी तो मैं वही से जा रहा दूध लेने आवाज़ सुन कर वहा पहुँचा और दोनों को समझा कर घर भेज दिया। जिसके बाद सोनू सिंह का लड़का घर पहुंचा और अपने पिता से बताया कि उन्होंने मारा पीटा है। जिसके बाद सोनू सिंह महेंद्र सिंह पप्पू सिंह समेत एक दर्जन लोग मेरे घर हथियार कुलड़ी लाठियां लेकर पहुंच गए। मेरी माता पिता के साथ मारपीट की। जब मुझे फोन कर इसकी सूचना दी गई तो मैं मौके पर पहुंचा तो मेरे साथ भी मारपीट की गई। डायल 112 को फोन कर सूचना दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने हम घायलों को लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां पर हमारे घर वालों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जिसमें से चार की हालत गंभीर है।

### तेज रफ्तार बोलेरो ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली जिले में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी है। टक्कर लगते ही बाइक सवार 2 लोग गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े। जिसे आनन-फानन एंबुलेंस की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वही दूसरे का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। मामला खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजीतपुर के पास का है। जहां पर तेज रफ्तार बिलोरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें सवार दो लोगों की हालत गभीर होने पर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पुलिस और स्थानीय लोग लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया है। वही दूसरे को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक युवक का नाम श्रवण कुमार उम्र लगभग 32 साल बताई जा रही है। जो थाना खिरो के एकौनी का रहने वाला बताया गया है। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में तैनात डॉक्टर आर के तिवारी ने बताया कि 2 लोगों को गंभीर हालत में लाया गया था। जिनमें श्रवण कुमार नामक युवक की मौत हो गई है। वहीं दूसरी की हालत गंभीर है प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### मस्जिद के अंदर अराजक तत्वों का अराजकता करने का वीडियो वायरल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो सेहगो गांव में स्थित एक मस्जिद का बताया जा रहा है। वीडियो में मस्जिद के अंदर दो अराजक तत्व

अराजकता करते हुए देखे जा रहे हैं। अराजक तत्वों की अराजकता मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाती है। गांव के लोगों को जब जानकारी मिलती है। तो वह तहरीर के माध्यम से पुलिस को घटना से अवगत कराते हैं। मोहम्मद जीशान, अजहर सिद्दीकी, समसुद्दीन, मोनू, सिराजुद्दीन, जुनैद सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है, कि ऐसी अराजकता से उनकी आस्था को ठेस पहुंची है। संबंधित मामले में थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई गई है । और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है। थानाध्यक्ष बृजेश राय ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। पर तहरीर नहीं मिली है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ चल रही है।

# इलेक्ट्रॉनिक मीटर से छेड़छाड़ करने वाला गिरोह गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली पुलिस ने ऐसे संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है जो इलेक्ट्रॉनिक मीटर से छेड़छाड़ करके बिजली विभाग के लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान कर रहा था शहर कोतवाली पुलिस ने बड़े व्यापारिक संस्थानों के बिजली मीटर में उपभोक्ताओं का बिजली का बिल कम कराने का लालच देकर उसमें लगी इलेक्ट्रॉनिक चिप व लेजर मशीन के साथ छेड़खानी कर देते थे जिससे वास्तविक रीडिंग और बिजली का बिल कम हो जाता था उसके बाद टेंपरिंग करके मीटर को जला देते थे और विभागीय कंप्लेंट करा कर नया मीटर लगवा देते थे जिससे बिजली विभाग के

राजस्व को बड़ी क्षति पहुंचती थी इलेक्ट्रॉनिक मीटर से छेड़छाड़ करके विभाग के राजस्व के नुकसान व अवैध तरीके से कमाई करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को रेती राम तालाब के पास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तार तीनों अभियुक्त हरीश सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी पीतांबरपुर थाना भदोखर पवन कुमार जयसवाल ज्ञान प्रकाश यादव यह सभी थाना भदोखर क्षेत्र के निवासी हैं, गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 106 पुरानी मीटर 1 मीटर खराब करने वाली लेजर मशीन 59 कंपनियों के इलेक्ट्रॉनिक एक विद्युत तार वेल्डिंग हीटर मशीन को बरामद किया है।

### करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय बालिका हुई जख्मी

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** करंट लगने से 16 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से हुई हो गई। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नंदा खेड़ा गांव का जहां की रहने वाली प्रीति उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्री प्रमोद जोकि पंखे का स्विच लगा रही थी तभी गंभीर रूप से घायल हो गई द्य पंखे का स्विच लगाते ही उसे जोर से झटका लगा और वह जमीन पर गिर पड़ी जैसे ही घरवालों ने देखा घरवालों के होश उड़ गए लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई आनन-फानन में परिवार जन बालिका को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज सीएचसी पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया और हालत गंभीर देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं धरती को हरा भरा बनाएं : लक्ष्मी सिंह

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान लक्ष्मी सिंह ने प्राथमिक विद्यालय अशर्फाबाद मे किया वृक्षारोपण लक्ष्मी सिंह ने कहा वृक्ष ही जीवन है बिना वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती आज पर्यावरण में जो इतना उतार चढ़ाव और बारिश का कम होना यह बात बताता है कि हमने वृक्षों की जो बड़े पैमाने पर कटाई की है इसका असर कहीं ना कहीं पर्यावरण पर साफ दिख रहा है। हम सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर धरती को हरा भरा बनाना है जिससे पर्यावरण शुद्ध रहे और लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन के साथ बारिश का भी लाभ मिले। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ऋषि सिंह प्रधानाचार्य महताब खान इंचार्ज स्वती मिश्रा आंगनबाड़ी संचालिका चंद्रकुमारी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली से न्याय की गुहार लगाई मामला रायबरेली के सब्जी मंडी का है जहां का रहने वाला शुभम गुप्ता ने बताया कि उसकी पैतृक संपत्ति को उसके परिवार के ही लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है इसको लेकर पीड़ित ने कई बार पुलिस प्रशासन में सूचना दी व तहसील के भी चक्कर लगाए बावजूद इसके पीड़ित को अभी तक अपनी पैतृक संपत्ति का हिस्सा नहीं मिला लेकिन विगत दो-तीन दिन पूर्व पीड़ित की पत्नी श्रीमती रूपा पाठक अज्ञात तरीकों से लापता हो गई जिसको लेकर पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया और उस पर एफ आई आर भी दर्ज हुई लेकिन पीड़ित का आरोप है

कि उसकी पत्नी का कहीं ना कहीं अपहरण हुआ है या कोई बड़ी घटना उसके साथ हो सकती है और इन सब के पीछे उनकी पैतृक संपत्ति का विवाद उनके परिजनों से जो चल रहा है उन सब का होना बताया है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से अपनी पत्नी को खोजने व अपनी संपत्ति को वापस पाने के लिए न्याय की गुहार लगाई है पीड़ित शुभम गुप्ता 1 विकलांग व्यक्ति है पीड़ित की बातें सुनकर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शनी ने मामले की जांच कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

# अद्भुत है कोटेश्वर धाम में विराजमान शिवलिंग

**सतांव, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

▸ मंदिर में एक साथ विराजमान हैं तीन शिवलिंग, रोमांचक है पूजा शुरू होने का इतिहास

महामहिमामंडित भगवान भोले नाथ का अंतर्मन से पूजा अर्चन करके उसमें मनचाहा आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष महत्व वाले पवित्र सावन महीने का आज तीसरा सोमवार है , विभिन्न शिव मन्दिरों की तरह सतांव कस्बे के दक्षिण में स्थित एक प्राचीन टीले पर प्रकट हुए तीन शिवलिंग वाला अद्भुत, अलौकिक कोटेश्वर महादेव जी का मंदिर क्षेत्र में शिव धाम के नाम से जाना जाता है। कोटेश्वर मन्दिर में दूर दराज से आए लोगों को आगाध व आस्था का अटूट विश्वास है, यहां विराजमान तीन शिवलिंग के दर्शन मात्र से भगवान आशुतोष प्रसन्न होते हैं, और भक्तों की हर मनोकामना पूरी कर देते हैं। देव कि इस चौखट में आज तक कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटा सतांव गांव के दक्षिण से निकले मौरावां रजबहा नहर की दाहिनी तट पर विराजमान कोटेश्वर मन्दिर का इतिहास अत्यंत रोमांचक है,गांव के पूर्वज बताते हैं कि मंदिर के गर्भगृह में विराजमान तीनों शिवलिंग कई सौ वर्ष पुराने हैं।

सतांव गांव के अनेक बुजुर्ग बताते हैं कि कई सौ वर्ष पहले इन तीनों आदिकालीन शिवलिंग का सर्व प्रथम पूजन भर जाति के राजा सातन ने किया था,उल्लेखनीय है कि सतांव गांव का नाम राजा सातन के नाम पर पड़ा, लेकिन जहां शिवलिंग प्रकट हुआ वह स्थान काफी ऊंचाई पर है, इसलिए मंदिर का नाम कोटेश्वर पड़ गया। मंदिर

के इतिहास के जानकारों के मुताबिक राजा सातन इन शिवलिंगों को खुदवा कर यहां से ले जाना चाहते थे। वे उन्हें डलमऊ के गंगा तट पर प्रतिस्थापित करना चाहते थे। राजा सातन ने काफी गहराई से खुदई कराई लेकिन इस शिरों का अंतिम छोर नहीं मिला, थक हार कर फिर राजा सातन ने यहीं पर एक मंदिर बनवा दिया।अब यह प्रसिद्ध मंदिर दूर दूर से आने वाले लोगों के लिए आस्था व विश्व का केंद्र बन गया। मानव जीवन में सौभाग्य व शुभाशीसों की बारिश लाने वाले पवित्र सावन महीने में अन्य तमाम मंदिरों की तरह कोटेश्वर मन्दिर में भी भक्तों का तांता लगने लगा, सावन के प्रत्येक सोमवार को हजारों भक्त बड़ी आस्था व भक्ति भाव के साथ कोटेश्वर मन्दिर में विराजमान तीनों शिवलिंग के पूजन व दर्शन करते हैं। वैसे तो सावन के प्रत्येक सोमवार कोटेश्वर मन्दिर जाकर पूजन करने वाले भक्त भोले नाथ के विशेष कृपा पात्र बनते हैं, किंतु पहले सोमवार को शिवलिंग के दर्शन खास फलदाई होते हैं, इस मान्यता के कारण कोटेस्वरधाम में भारी संख्या में भक्त एकत्र होते हैं, सतांव गांव निवाशी महेश मौर्या, राहुल सिंह, राघवेंद्र सिंह, शिवेंद्र, अनुज,आदि भक्तों ने कहा कि बाबा कोटेश्वर धाम में विराजमान सभी तीनों शिवलिंग आलौकिक व दिव्य हैं, इनके दर्शन मात्र से भौतिक संताप नष्ट हो जाते हैं,बाबा कोटेश्वर धाम में आने वाले भक्त कभी दुःखी नहीं होते हैं।

# सफीपुर कोतवाल ने की आत्महत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सफीपुर कोतवाली में तैनात कोतवाल अशोक कुमार वर्मा (34) ने सुसाइड कर लिया। उनका शव कोतवाली परिसर में बने कमरे में फांसी पर लटका मिला है। 19 दिन पहले ही उन्होंने थाने में ज्वाइनिंग की थी। सुसाइड से कुछ देर पहले उनकी पत्नी से फोन पर बात हुई थी। थोड़ी देर बाद पत्नी ने कॉल किया तो मोबाइल नहीं उठा। इसके बाद उन्होंने थाने के एक सिपाही विक्रांत गुर्जर को फोन किया और कहा कि साहब का फोन नहीं उठ रहा है। एक बार जाकर देखिएगा। थाने से 10 कदम की दूरी पर कमरे में पहुंचकर विक्रांत ने दरवाजा खटखटाया लेकिन काफी देर तक कोई प्रतिउत्तर नहीं मिला। इसके बाद उसने खिड़की खोलकर देखी तो इंस्पेक्टर का शव अंदर फंदे पर लटका देख वह सन्न रह गया। इंस्पेक्टर के सुसाइड का पता चलते ही थाने में कोहराम मच गया। तुरंत

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा समेत सीनियर अफसर मौके पर पहुंच गए। मृतक इंस्पेक्टर वर्मा का शव पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस लाइन पहुंचा। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर मौजूद पुलिसकर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखा। इस दौरान डीएम अपूर्वा दुबे, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक शशी शेखर सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष कुमार, सीओ हसनगंज संतोष कुमार सिंह, सीओ ऋषिकांत शुक्ला, सीओ पंकज सिंह समेत जनपद के कई थानेदार मौजूद रहे। एसपी ने कंधा देकर शव को उनके गृह जनपद के लिए रवाना किया।

### चेतावनी बिन्दु पार कर गया गंगा का जलस्तर

▸ प्रशासन ने नहीं की कोई व्यवस्था, ग्रामीणो में दहशत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीते शुक्रवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया था। सोमवार को भी गंगा का पानी चेतावनी बिंदु के ऊपर बह रहा है। इसके बावजूद अभी तक प्रशासन से कोई भी तटवर्ती इलाकों का निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचा। इससे यहां के रहने वाले लोगों को भारी मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं। इतना ही नहीं सैकड़ों ऐसे मकान हैं जिनमें घरों के अंदर कमर तक पानी भरा हुआ है। प्रशासन ने आवागमन के लिए नावें तक नहीं लगवाई हैं। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से प्रतिदिन हजारो क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे शुक्लागंज की ओर चेतावनी बिंदु 112 मीटर पारकर गंगा का जलस्तर सोमवार सुबह 8 बजे 112.240 मीटर दर्ज किया गया। इसके बाद दोपहर 2 बजे जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज हुई और जलस्तर 112.280 मीटर पहुंच गया। इस बीच गोताखोर मोहल्ले के लोग पलायन करते भी दिखे। लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर के कारण पश्चिम के कर्बला, हुसैन नगर, शाही नगर, सैयद कंपाउंड, चंपापुरवा, तेजीपुरवा, मनसुखखेड़ा, गगनीखेड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बाढ़ का पानी चल रहा है, जिससे यहां के रहने वाले सैकड़ों परिवार अपनी गृहस्थी का सामान लेकर छतों पर रहने को मजबूर हैं।

# नगर पालिका अध्यक्ष रईस अन्सारी ने सुनी जन समस्या, किया निस्तारण

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मो0रईस अन्सारी ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में जन समस्या सुनी और मौके पर निस्तारण किया। पालिका अध्यक्ष मो0 रईस अंसारी और नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता व समस्त पालिका अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। रईस अन्सारी ने बताया की वह रोज़ाना अपने आवास पर नागरिकों से सुबह 10 बजे से 12 बजे तक मिलते हैं और नगर वासियों की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण करते हैं। और विशेष रूप से सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक नगर पालिका परिषद में जन सुनवाई करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद रईस अंसारी ने यह भी बताया की नगर पालिका परिषद सदैव जनता के हित के लिए कार्य करती रही है एवं जनहित में जो भी कार्य होंगे वह प्राथमिकता पर किए जाएंगे ।

# प्रधान संघ ने भाजपा नेता पर कार्यवाही की मांग की

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड सण्डीला के प्रधान संघ अध्यक्ष उमेश सूर्या ने कोतवाल नित्यानंद सिंह से मिलकर मल्हेरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष पंकज अवस्थी पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग को लेकर तहरीर दी है। ज्ञात हो कि शनिवार को भाजपा संगठन के एक समूह मे मंडल अध्यक्ष ने प्रधानों के प्रति अमर्यादित टिप्पणी की थी जिससे नाराज प्रधानों सोमवार को सण्डीला कोतवाली में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

इस सबंध कोतवाल नित्यानंद सिंह ने बताया तहरीर मिली है जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# भवरेश्वर मंदिर में तीसरे सोमवार को लगा विशाल मेला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली सावन मास प्रारंभ होते ही सभी शिव मंदिरों में भक्तों का का लगा ताता हजारों की संख्या में भक्त भोलेनाथ के दर्शन को पहुंच रहे हैं सावन मास के पावन पर्व पर सावन के तीसरे सोमवार को भवरेश्वर मंदिर रामपुर सुधौली बछरावां सही नदी के तट पर सुबह से ही हजारों की संख्या में भक्तों ने भोलेनाथ का जल अभिषेक कर बाबा का आशीर्वाद

लिया तथा हर हर महादेव के जयकारों के साथ मंदिर में दर्शन पूजन कर रहे लोग सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम गोताखोर व बैरिकेडिंग वा सीसीटीवी कैमरा व्यापक की गई

# अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्यवाही : ईओ

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद की ई0ओ0 विजेता गुप्ता ने आज नगर के में रोड पर अतिक्रमण करने को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा की अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी इसी क्रम में नगर पालिका परिषद संडीला में अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता की निगरानी में कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।जिसमे सड़क पर किए गए अतिक्रमण और नगर पालिका की टीम ने नो वेंडिंग जोन में किया गया अतिक्रमण भी हटवाया।

साथ ही अतिक्रमण किए हुए लोगों से 9000 रुपए जुर्माना भी वसूल किया गया। इस अभियान में अवर अभियंता सिविल गौरव शुक्ला, अवर अभियांता जल सुनील यादव, स्वास्थ्य लिपिक प्रकाश कुमार, अंगूरी शंकर सिन्हा,क़स्बा चौकी इंचार्ज विवेक व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## त्वरित फैसले जरूरी

यह हमारे नीति-नियंताओं के लिये बेहद गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को राज्यसभा में बताया गया कि शीर्ष अदालत में सत्तर हजार, उच्च न्यायालयों में साठ लाख से अधिक तथा जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.4 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। निस्संदेह, लंबित मामलों में वृद्धि के अनेक कारण हैं। जिनमें न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की अपर्याप्त संख्या, मामलों के निपटान के लिये निर्धारित समय सीमा का अभाव, बार-बार स्थगन और सुनवाई मामलों की निगरानी व ट्रैक करने के लिये प्रभावी व्यवस्था की कमी प्रमुख हैं। इसके बावजूद इन मुकदमों के लंबित होने के मुख्य कारण को भी तलाशना जरूरी है ताकि न्याय की राह सुगम हो। विगत में पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने देश की अदालतों में मुकदमों की लंबी फेहरिस्त के लिये विधायी कर्मियों के साथ-साथ कार्यपालिका की निष्क्रियता को भी दोषी ठहराया था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने देश की विभिन्न अदालतों में पचास फीसदी से अधिक लंबित मुकदमों के लिये राज्य मशीनरी की चूक या लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया था। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की दलील है कि अदालतों में लंबित मामलों का निस्तारण न्यायपालिका का कार्यक्षेत्र है। बहरहाल, तार्किक बात तो यह है कि सभी पक्षों को मिलकर मुकदमों का भारी-भरकम बोझ दूर करने के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना चाहिए। निस्संदेह, सरकारों के स्तर पर भी नियुक्तियों को लेकर की जाने वाली देरी को भी बड़ी बाधा के तौर पर देखा जाता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि न्यायाधीशों की रिक्तियों को भरने में होने वाली देरी से न्याय की राह में बाधा उत्पन्न होती है। यह भी हकीकत है कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति कार्यपालिका और न्यायपालिका के सहयोग से चलने वाली प्रक्रिया है। भारतीय लोकतंत्र के इन दोनों महत्वपूर्ण घटकों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों और सेवारत न्यायाधीशों के अंतर को अविलंब दूर किया जाये। साथ ही अनुशंसित नामों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया से जुड़े मतभेदों का समय रहते निराकरण किया जाये। वहीं दूसरी ओर जांच एजेंसियों की कार्यशैली को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। जांच एजेंसियों और अभियोजन पक्ष की ओर से शिथिलता और अक्षमता के सवाल पर ध्यान देने की जरूरत है। वहीं एक पहल विधायिका के स्तर पर भी अपेक्षित है कि ऐसे पुराने कानूनों को केंद्र व राज्य स्तर पर खत्म करने की पहल की जाये जो छोटे मुकदमों को बढ़ावा देने में भूमिका निभाते हैं। बहरहाल, ऐसे तमाम पहलुओं पर विचार किया जाना चाहिए जो मुकदमों को लंबित बनाते हैं। वहीं एक तर्क यह भी दिया जाता है कि समाज में जागरूकता आने से लोग अपने अधिकारों को हासिल करने के लिये न्यायालयों में अधिक पहुंच रहे हैं। बहरहाल, न्याय वास्तव में न्याय की कसौटी पर खरा उतरना भी चाहिए।

# नीली चिड़िया उड़ा कर डागी नहीं एक्स मिलेगा

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

अगर हम ट्विटर लोगो को नीली चिड़िया से एक्स करने की करें तो एक ट्विटर स्पेस में कंफर्म किया है कि वह जल्द ही ट्विटर का लोगो नीली चिड़िया से बदलकर एक्स किया जाएगा। इसके अलावा एक पोल किया है, इसमें यूजर्स से पूछा है कि क्या प्लेटफॉर्म का डिफॉल्ट कलर ब्लू से बदलकर ब्लैक या व्हाइट कर दिया जाए। आठ लाख से ज्यदा लोग अभी तक इस पोल में हिस्सा ले चुके हैं। अभी तक 74.8 फीसदी लोगों ने हां में जवाब दिया है। एलन मस्क का लेटर एक्स के साथ 24 साल पुराना नाता है। वर्ष 1999 में उन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग कंपनी एक्स.कॉम की स्थापना की थी। बाद में उन्होंने इस कंपनी का पे पाल के साथ अधिग्रहण कर लिया था। साल 2017 में उन्होंने पे पाल की वेबसाइट के यूआरएल एक्स.कॉम को एक बार फिर खरीदा था। उन्होंने तब ट्वीट कर बताया था कि वह इस डोमेन के साथ इमोशनली बेहद कनेक्टेड हैं। बता दें कि इससे पहले उन्होंने अपने डॉग को ट्विटर का लोगो बना दिया था। बाद में दोबारा पुराना लोगो बहाल कर दिया था। ट्विटर का यह अब तक का सबसे बड़ा बदलाव कहा जा सकता है। हालांकि उन्होंने जब से ट्विटर की कमानसंभाली है, तब से लेकर अब तक इस प्लेटफॉर्म में कई बादलाव हो चुके हैं। बताते चलें कि ट्विटर अब एक स्वंतत्र कंपनी नहीं है, क्योंकि इसको एक्स क्रॉप के साथ मिला दिया है, उन्होंने ट्वीट कर बताया कि जल्द ही ट्विटर ब्रांड के लोगो यानी पक्षियों को अलविदा कहेंगे। अगर आज रात एक अच्छा एक्स लोगो पोस्ट किया जाता है, तो हम कल इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे। अब ट्विटर के लोगो से ब्लू कलर वाली चिड़िया रिमूव की जा सकती है, दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बॉस ने रविवार को एक ट्वीट करके इंफॉर्मेशन दी कि ट्विटरप्लेटफॉर्म पर यह लोगो कई साल से इस्तेमाल किया जा रहा है और यह इसकी पहचान बन चुका था।

वैश्विक स्तरपर सैकड़ों कंपनियों डिजिटल और मीडिया प्लेटफॉर्मों व सेवाओं के अलग-अलग ब्रांड व लोगो होते हैं, जिनका नाम ही काफी है। उपभोक्ताओं या यूजर्स उसके नाम से ही उत्पाद या सेवाएं खरीदना चाहते हैं चाहे वह कितनी भी महंगी क्यों ना हो, इतना ही नहीं जब अगर कोई अपना ब्रांड बेचना चाहता है तो उसकी वैश्विक नेशनल या इंटरनेशनल प्रसिद्धि को देखते हुए करोड़ों अरबों में डील होती है जिसमें, मेडिसिन से लेकर खाद्य पदार्थों और वस्त्रों से लेकर सोशल मीडिया ब्रांडो लोगो को शामिल कियाजाता है जिसके उदाहरण में हजारों नाम गिना सकते हैं परंतु यह हकीकत है कि इन ब्रांडों को प्रसिद्धि के मुकाम तक पहुंचाने में एड़ी चोटी का जोर लगता है, जिसे बौद्धिक क्षमता जांबाजी ज़ज्बे मेहनत धैर्य से पूरा किया जा सकता है परंतु उसमें भी महत्वपूर्ण बात उस जमे हुए ब्रांड को बदलना अभी बहुत रिस्की और जोखिम भरा काम है जो भारत में कूट-कूट कर भरा है, इसीलिए ही भारतीय बौद्धिक क्षमता का उदाहरण पूरी दुनियां में दिया जाता है। वैश्विक स्तरपर भारतीय बौद्धिक कौशलता और बौद्धिक क्षमता का डंका दुनिया में बज़ता है यह सर्वविदित है।

परंतु बड़े बुजुर्गों का कहना है कि मानवीय जीवन समाप्त हो जाता है परंतु सीखना समाप्त नहीं होता इसलिए हमें इस भ्रम और अंधकार में नहीं रहना चाहिए कि हमारी कौशलता और बौद्धिक क्षमता दुनिया से हटकर और विशेष उपयोगी है।यह बात हम इसलिए कह रहे हैं कि रविवार देर रात दुनियां के सबसे अमीर आदमी एलेन मस्क ने ट्विटर का लोगो चिड़िया से बदलकर एक्स करने की ओर इशारा एक ट्वीट से दिया और चिड़िया मुक्त होने की राह पर है। वह व्यक्तित्व अनमोल गुणवत्ता का धनी, परिवर्तनकारी सोच असफलताओं के बीच सफलता ढूंढने का गुण सहित अनेक कलाओं वाला व्यक्तित्व है स्वभाविक ही है कि ऐसा व्यक्तित्व दुनिया का सबसे अमीर आदमी बन सकता है, इसीलिए जरूरत है हमें हर उस सफल व्यक्ति के गुणों को सीखने की जो हमारे जीवन में सफलताएं ला सकता सकते हैं इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ निरंतर नवाचार और सीखने की आदत डालें तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफार्म की पहचान नीली चिड़िया उठाकर एक्स लोगो की पहचान शीघ्र दिखेगी।

साथियों बात अगर हम ट्विटर लोगो को नीली चिड़िया से एक्स करने की करें तो एक ट्विटर स्पेस में कंफर्म किया है कि वह जल्द ही ट्विटर का लोगो नीली चिड़िया से बदलकर एक्स किया जाएगा। इसके अलावा एक पोल किया है, इसमें यूजर्स से पूछा है कि क्या प्लेटफॉर्म का डिफॉल्ट कलर ब्लू से बदलकर ब्लैक या व्हाइट कर दिया जाए। आठ लाख से ज्यदा लोग अभी तक इस पोल में हिस्सा ले चुके हैं। अभी तक 74.8 फीसदी लोगों ने हां में जवाब दिया है। एलन मस्क का लेटर एक्स के साथ



24 साल पुराना नाता है। वर्ष 1999 में उन्होंने ऑनलाइन बैंकिंग कंपनी एक्स.कॉम की स्थापना की थी। बाद में उन्होंने इस कंपनी का पे पाल के साथ अधिग्रहण कर लिया था। साल 2017 में उन्होंने पे पाल की वेबसाइट के यूआरएल एक्स.कॉम को एक बार फिर खरीदा था। उन्होंने तब ट्वीट कर बताया था कि वह इस डोमेन के साथ इमोशनली बेहद कनेक्टेड हैं। बता दें कि इससे पहले उन्होंने अपने डॉग को ट्विटर का लोगो बना दिया था। बाद में दोबारा पुराना लोगो बहाल कर दिया था। ट्विटर का यह अब तक का सबसे बड़ा बदलाव कहा जा सकता है। हालांकि उन्होंने जब से ट्विटर की कमानसंभाली है, तब से लेकर अब तक इस प्लेटफॉर्म में कई बादलाव हो चुके हैं। बताते चलें कि ट्विटर अब एक स्वंतत्र कंपनी नहीं है, क्योंकि इसको एक्स क्रॉप के साथ मिला दिया है, उन्होंने ट्वीट कर बताया कि जल्द ही ट्विटर ब्रांड के लोगो यानी पक्षियों को अलविदा कहेंगे। अगर आज रात एक अच्छा एक्स लोगो पोस्ट किया जाता है, तो हम कल इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे। अब ट्विटर के लोगो से ब्लू कलर वाली चिड़िया रिमूव की जा सकती है, दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बॉस ने रविवार को एक ट्वीट करके इंफॉर्मेशन दी कि ट्विटरप्लेटफॉर्म पर यह लोगो कई साल से इस्तेमाल किया जा रहा है और यह इसकी पहचान बन चुका था।

साथियों बात अगर हम एक्स लोगो की कहानी की करें तो बता दें कि एलन मस्क की ज्यादातर कंपनियों के नाम या लोगो में एक्स शामिल रहा है। उन्होंने अपनी स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन कंपनी स्पेसएक्स के नाम पर एक्स नाम भी रखा है, इसी तरह एक्स को भी उनकी हालिया कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एक्सएआई में शामिल किया गया है, ऐसे में उनके हालिया ट्वीट से पता चल रहा है कि वह ट्विटर के लोगो और नाम में भी एक्स शामिल कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम कलर ब्लू से ब्लैक या वाइट करने और पॉलिसी चेंज करने की करें तो, उन्होंने ट्विटर पर एक पोल क्रिएट कर लिखा, डिफॉल्ट प्लेटफॉर्म कलर को ब्लैक में बदलें। 4.50 लाख से ज्यादा लोग इस पोल में वोट कर चुके हैं। ज्यादातर लोगों ने अभी तक ब्लैक और व्हाइट में से ब्लैक को चुना है। कल दुनियां भर में लाइव होगा नया ट्विटर लोगो, मस्क ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ट्विटर का लोगो एक्स में बदलते हुए दिखाई दे रहा हैइसके साथ ही उन्होंने लिखा,यदि आज रात एक अच्छा एक्स लोगो पोस्ट किया जाता है, तो हम कल इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा- जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे। साथियों बात अगर हम ट्विटर में सबसे बड़े तीन बदलावों की करें तो, ट्विटर सीईओ बनने के बाद उनके 3 बड़े फैसले इस प्रकार है। पिछले साल 27 अक्टूबर 2022 को 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर खरीदा था। इसके बाद कई बड़े फैसलों को लेकर मस्क चर्चा में रहे। (1) आधे से ज्यादा कर्मचारियों को निकाला, ट्विटर खरीदने के बाद मस्क ने सबसे पहले कंपनी के चार टॉप ऑफिशियल्स को निकाला था। इनमें सीईओ पराग अग्रवाल, फाइनेंस चीफ नेड सेगल, लीगल एग्जीक्यूटिव्स विजया गड्डे और सीन एडगेट शामिल थे। जब उन्होंने ट्विटर की कमान संभाली थी तो उसमे करीब 7500 एम्प्लॉई थे, लेकिन अब 2500 के करीब ही बचे हैं। (2) कई ब्लॉक अकाउंट को अन-ब्लॉक किया। नवंबर 2022 में उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई ब्लॉक अकाउंट को अनब्लॉक कर दिया था। उन्होंने ट्विटर पर ट्रम्प की वापसी को लेकर एक पोल किया था। उन्होंने पूछा था, क्या प्रेसिडेंट ट्रंप का अकाउंट बहाल किया जाना चाहिए। हां या ना। 1.5 करोड़ से ज्यादा यूजर्स ने वोटिंग में हिस्सा लिया और 52 फीसदी लोगों ने हां में जवाब दिया था। (3) उन्होंने दुनियाभर में ब्लू सब्सक्रिप्शन लॉन्च किया है। भारत में वेब यूजर्स के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन कॉस्ट 650 रुपए है। वहीं इसकी एनुअल कॉस्ट 6,800 रुपए है। मोबाइल के लिए सब्सक्रिप्शन चार्ज 900 रुपए महीना है। इसमें ब्लू टिक, लंबे वीडियो पोस्ट समेत कई सारे फीचर्स मिलते हैं। उन्होंने साल 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण किया। तभी से वह इस माइक्रो ब्लॉगिंग साइट में कई बदलाव कर चुके हैं।पहल कई ब्लॉक अकाउंट को दोबारा शुरू किया गया। शब्दों की सीमा भी बढ़ा दी गई। इसक वहीं, सभी पुराने ब्लू टिक को हटा दिया गया। ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन सेवा शुरू की गई, जिसके तहत कोई भी यूजर एक हजार रुपए प्रति माह देकर ब्लू टिक खरीद सकता है। ब्लू टिक यूजर को ट्वीट एडिट करने समेत कई सुविधाएं मिलती है।अब वे ट्विटर का लोगो नीली चिड़िया से बदलकर एक्स करने वाले हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नीली चिड़िया उड़ गई - एक्स की स्थापना हो गई। नीली चिड़िया उड़ा कर डागी नहीं एक्स मिलेगा। सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफार्म की पहचान नीली चिड़िया उड़ाकर एक्स लोगो की पहचान शीघ्र दिखेगी।

## विचार

# दावानल बनी मणिपुर हिंसा

आदित्य नारायण

उत्तर पूर्व के संवेदनशील राज्य मणिपुर में पिछले तीन महीनों से जारी हिंसा के खिलाफ केन्द्र व राज्य दोनों ही सरकारों के द्वारा वक्त पर कार्रवाई न करने और बेहद लापरवाहीपूर्ण रवैये का परिणाम आज इस रूप में सामने आ गया है कि यह आग अब दावानल बन चुकी है। मणिपुर में बिगड़े हालत पिछले सप्ताह जगजाहिर हुए जब एक वीभत्स वीडियो सामने आया था। भला हो सुप्रीम कोर्ट का जिसने स्वतरू संज्ञान लेकर केन्द्र सरकार से 8 दिनों में जवाब मांगा है। उस दिन संसद का सत्र प्रारम्भ होने के पहले पिछले 9 वर्षों से मीडिया से बचने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बयान देना पड़ा कि श्वे इस मामले को लेकर क्रोध व पीड़ा से भर गये हैं और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। प्रधानमंत्री को बयान इसलिये देना पड़ा क्योंकि शीर्ष अदालत ने साफ कहा कि श्वीडियो परेशान करने वाले हैं। अगर सरकार कार्रवाई नहीं करती तो वह कोर्ट कोई कदम उठायेगी। इतना बवाल कटने पर भी अब तक 4 लोग ही गिरफ्तार हुए हैं। करीब 80 दिनों की चुप्पी के बाद श्री मोदी ने संसद के भीतर विस्तृत वक्तव्य देने की बजाय संसद भवन के बाहर मामले पर केवल 36 सेकंड का बयान देकर बतला दिया कि पूरे विश्व के सामने देश को शर्मसार करने वाली घटनाओं के प्रति वे न तो संजीदा हैं और न ही इसका सियासी लाभ लेने में चूकेंगे।

अपनी जिम्मेदारियों से बचते हुए मोदी ने इसे 140 करोड़ जनता के लिये शर्मनाक बताया। पद की प्रतिष्ठा व गरिमा के एकदम प्रतिकूल प्रधानमंत्री ने बड़े हल्केपन से यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ हो या राजस्थान अथवा मणिपुर, कहीं भी ऐसी हिंसा ठीक

नहीं है। यह दुखद है क्योंकि इन दोनों प्रदेशों (छग-राज.) के हालात ऐसे बिलकुल नहीं है जिनकी मणिपुर से तुलना हो। दरअसल इन दोनों कांग्रेस शासित राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं जहां भाजपा कमजोर स्थिति में है। अपनी नाकामी को ढंकने के साथ हिंसक घटनाओं का दोनों राज्यों में चुनावी लाभ लेने का यह कुटिल प्रयास है। मणिपुर की सीमा म्यांमार से भी लगती है जहां सैन्य शासन है और वह चीन के प्रभाव में जा रहा है। इस राज्य के रणनीतिक महत्व और मामले की संजीदगी को समझे बिना संसद के बाहर मोदी की ट्रोल आर्मी के सदस्यगण, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, मंत्री द्वय स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर आदि विपक्ष व खासकर कांग्रेस पर टूट पड़े। वैसे भाजपा की नेता उमा भारती ने समझदारी दिखलाते हुए कहा है कि दो गलत काम मिलकर एक सही नहीं हो सकते। पिछले कुछ समय से नरेन्द्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी का तेजी से गिरता ग्राफ तथा सतत मजबूत होती विपक्षी एकता इस झल्लाहट का राज है। यूरोपियन यूनियन (ईयू) की संसद में तो यह मामला उठा ही था, अब ब्रिटिश पार्लियामेंट ने भी चिंता जताई है कि मणिपुर में सैकड़ों चर्च जलाये गये हैं व हिंसा हो रही है। देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और लोगों की धार्मिक आजादी को बाधित करने को लेकर पश्चिमी देशों में भारत की जमकर आलोचना हो रही है। अपनी पिछली विदेश यात्राओं के दौरान भी श्री मोदी को इन सवालों के जवाब देने पड़े हैं। यह अलग बात है कि श्री मोदी, उनकी सरकार और पार्टी को इसके बावजूद धार्मिक-सामाजिक ध्रुवीकरण के चक्कर में मणिपुर की हिंसा को मौन समर्थन दे रहे हैं। मणिपुर में 4 मई जैसी ही एक और घटना की खबर मिल रही है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पहले ही मान चुके हैं कि ऐसे सैकड़ों मामले वहां हो चुके हैं। वहां की राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके भी एक समाचार चौनल को बतला चुकी हैं कि राज्य की परिस्थितियां डरावनी हैं और वे इसकी सूचना ऊपर वालों को पहले ही दे चुकी थीं। दूसरी ओर मणिपुर के बहुसंख्यक मैतेई मिजोरम में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। करीब 10 हजार मैतेई मणिपुर व असम लौट गये हैं क्योंकि वहां के पूर्व उग्रवादी संगठन पामरा ने मैतेइयों को सतर्क रहने को कहा है। यानी हिंसा की सघनता व विस्तार दोनों जारी है। मणिपुर की राज्य समर्थित हिंसा दावानल बन चुकी है। यह अपने उद्गम स्थल मणिपुर में तो सघन हो ही रही है, उसकी दहशत पड़ोसी राज्य मिजोरम तक पसर रही है। इस हिंसा का राज्य में पूर्ण शमन तो जरूरी है ही, उसका विस्तार भी रूकना चाहिये।

## साहित्य — झरोखा

### हालातों के आगे जब साथ...

मयंक पांडेय

हालातों के आगे जब साथ न जुबा
होती है, पहचान लेती है ख़ामोशी
में हर दर्द वह सिर्फ मां होती है।।

हर खुशी से बढ़ कर तेरी खुशी
चाहिए,
माँ तेरी छत्र-छाया मुझे जिन्दगी
भर चाहिए।।

तेरे ही आंचल में निकला बचपन,
तुझसे ही तो जुड़ी हर धड़कन,
कहने को तो मां सब कहते पर,
मेरे लिए तू है तू भगवान।।

मांग लूँ यह मन्नत की फिर यही
जहाँ मिले,
फिर वही गोद फिर वही माँ मिले।।

जिनके होठो पर मुस्कान होती हैं
क्रोध को
लेकर भी प्यार करती हैं,
जिसके होठों पर
दुआ होती हैं ऐसा करने वाली
सिर्फ माँ होती हैं।।

## राशिफल

**मेष**:- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**वृषभ**:- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन**:- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क**:- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह**:- अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या**:- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुला**:- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिक**:- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्टा करें।

**धनु**:- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर**:- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ**:- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन**:- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# आधुनिकता की दौड़ में विस्मृत होती सनातनी परंपराएं

संजीव ठाकुर

वर्तमान में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है, हम न अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और न ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंस विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं। पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है। संयुक्त परिवार की प्रणाली का विघटन होते जा रहा है। पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा हैं। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवन यापन करना पसंद करते हैं। उनमे विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्मिक के प्रति आमजन की सूची धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऐसो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गों की इज्जत तवज्जो होनी कम हो गई है। दादा और नाती के संबंधों में अब वह गर्माहट शेष नहीं रह गई है, जैसी की एक सांस्कृतिक तथा नैतिक परिवार जनों में हुआ करती थी। धीरे-धीरे परिवार के सदस्य अलग होकर अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति भूलती जा रही है। प्रेम विवाह तथा अंतर जाति विवाह पाश्चात्य सभ्यता के कारण बहुत बढ़ गए हैं। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। पर दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद थी अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं। समाज में खुलापन भी आ गया है। विकास रोजगार एवं मानवीय सोच में भी काफी विस्तार आया है, जो विश्व की सभ्यताओं में आज मौजूद है, जो भारत के विकास में सहायक भी हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमें आध्यात्मिक भारतीय परंपरा संस्कृति तथा पाश्चात्य दर्शन तथा पाश्चात्य संस्कृति की सकारात्मक बातें आत्मसात कर विकास की एक नई राह खोजनी होगी, एवं सदैव अच्छी बातों के लिए अपने मस्तिष्क को खुला रखना होगा और पाश्चात्य संस्कृति की विसंगतियों को दूर रख भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार

# फिर उठी एसएसबी जवान के मौत की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

24 जुलाई 2023 को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में अधिवक्ता राज किशोर अवस्थी के पुत्र दिवंगत एसएसबी जवान दीपेंद्र अवस्थी की मौत पर सीबीआई से जांच की मांग को लेकर एक प्रेस वार्ता की गई जिसमें ऐप्जा (ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) के अनुराग सारथी मुख्य अतिथि रहे। जिसमें उन्होंने शासन से सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की।और कहां कि एक अधिवक्ता जो दूसरों को न्याय दिलाता है आज वह अपने बेटे की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग को लेकर काफी दिनों से संघर्ष कर रहा है लेकिन उत्तर प्रदेश शासन इस पर संज्ञान नहीं ले रहा है। पीड़ित पिता राज किशोर अवस्थी ने सैनिक मृतक दीपेंद्र अवस्थी पर एस एस बी डॉक्टरो ने रंजिसन बिना वीमारी के गलत इलाज कर ड्रग्स के नशीले इंजेक्शन दवाइयां जबरन खिलाकर सीजर डिसऑर्डर की गलत रिपोर्ट बनाकर शारीरिक यातना मानसिक प्रताड़ना देकर आत्महत्या करने को मजबूर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जून 2019 से बराबर आईजी, डीआईजी,एवं डीजी,आईजी, मेडिकल दिल्ली मा0 गृह मंत्री मा0 रक्षा मंत्री से शिकायत की बटालिया से लेकर स्स्क्रमुख्यालय दिल्ली तक सम्वेदनहीन प्रशासनिक

अधिकारी एक दूसरे अधिकारी को बचाने मे संलिप्त होकर सैनिक बेटे के साथ न्याय नहीं किया।माननीय न्यायालय के आदेश पर कोतवाली लखीमपुर खीरी में एफआईआर लिखी गई। आरोपी गैर प्रान्त से सम्वंधित केन्द्र सरकार मे एसएसबी के अधिकारी है,जिसमे नामजद अभियुक्त (1)डॉ0अनूप कुमार मेडिकल कमांडेंट प्रशिक्षण केंद्र चंदू खेड़ी भोपाल (2)-डॉ0आर एन साहू गांधी हमी दिया मेडिकल कॉलेज भोपाल (3) डॉ0 रिंकू डे मेडिकल कमांडेंट 41, बटालियन रानी डगा(4) डॉ0 जसजीत सिंह मेडिकल कमांडेंट क्स्स्र कदमतला सिलीगुड़ी (5)-अरुन कुमार सिंह कमांडेंट 8 बी,एन बटालियन खपरैल सिलीगुड़ी 161के बयान में (6)डॉ0 सुभाष घोष डिशुन हॉस्पिटल सिली गुड़ी (7) डॉ0 न्यूरो फिजी शियन(नाम अज्ञात) नार्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज सिलीगुड़ी (8)- सुरेश गुडला बेचम (9)-कां स्टेबलअरुण दास (10)-कांस्टेबल भूपेंद्र आदि आरोपी गैर प्रान्त बंगाल,मध्य प्रदेश,से सम्बंधित केंद्र सरकार मे उच्चधिकारी कर्मचारी है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश सिंह मुन्ना, अध्यक्ष विनय सिंह विमलेंद्र मिश्रा, दिनेश अग्निहोत्री सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व पत्रकार उपस्थित रहे।

# इमाम हुसैन की शहादत पर निकला जुलूस, बड़ी संख्या में मातमदारों ने शिरकत की

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

इमाम हुसैन की शहादत पर इमामबाड़ा बाजार खुर्द से अलम का जुलूस बरामद हुआ जिसमें बड़ी संख्या में अंजुमन हुसैनिया के मातम दारो सहित महिलाओं ने शिरकत की वही, मौलाना आजम अजमी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहां यजीदी फौज ने इमाम हुसैन सहित षष6मांह के अली असगर को भी शहीद कर दिया 3 दिन तक इमाम हुसैन सहित सभी साथियों का पानी बंद कर दिया इमाम हुसैन ने हक इंसानियत का पैगाम देते हुए अपनी शहादत फ

पेश की जो दुनिया के सबसे अजीम शहादत में से एक है इमाम हुसैन का गम पूरी दुनिया बड़ी अकीदत के साथ मनाती है जुलूस में अंजुमन हुसैनिया ने जोरदार मातम किया, सुरक्षा के दृष्टिकोण बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा इमामबाड़े से जुलूस शुक्ला पुर शुक्ला पुर से देवी स्थान देवी स्थान से नत्थू चौराहा नत्थू चौराहे से पत्नी चौराहा तालिब अली चौराहा पीडी इंटर कॉलेज सराय मोहल्ला जामा मस्जिद होते हुए बाजार खुर्द धनेशा होते ही मामले में समाप्त हुआ जुलूस में प्रमुख रूप से अंजुमन के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी नकवी, आलिम रजा,मो.हसन नकवी, अफजल जैदी, जहीर हबन, जमन जैदी, अच्छन जैदी,मुन्ने जैदी, लकी जैदी, असहन जैदी,नजफ अली, फरीद जैदी, चमन जैदी सहित सभी अजुमन के मातम दार मौजूद रहे, जिसमे पूरे जुलूस या हुसैन,हुसैन जिदाबाद के नारे लगते रहे, नौहाख्वानो ने नौहा पढे,जुलुस देर राय इमामबाड़े मे समाप्त हुआ।

## खबरें एक नजर में

### भारी संख्या में शिव भक्त हर हर महादेव के नारों के साथ कावड़ यात्रा पर रवाना

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।** सावन माह में मोहम्मदी शाहजहांपुर से गोला गोकरण नाथ शिव के दर्शन करने के लिए भारी संख्या में शिवभक्त कावड़ यात्रा लेकर हर हर महादेव के नारों के साथ निकले साथ में ट्रैक्टर ट्राली पर भक्ति गीत पर थिरकते हुए शिवभक्त देखे गए। पुलिस कावड़ यात्रा को लेकर मुस्तैदी के साथ अपना काम कर रही थी वही जगह जगह पर कावड़ यात्रियों के लिए पानी सहित अन्य खानपान की व्यवस्था भी समाजसेवियों के माध्यम से की गई थी। वही सबसे बड़ी दिक्कत कावड़ यात्रियों को सड़क किनारे या सड़क पर टहल रहे या बैठे आवारा साड या पशुओं से देखने को मिली गौरतलब है अनेकों बार अधिकारियों से छुट्टा घूम रहे आवारा पशुओं के बारे में अवगत भी कराया गया परंतु नाम मात्र के लिए कुछ जानवर पकड़े गए और अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली गई कुल मिलाकर तीसरा सोमवार को शिव भक्तों की गूंज सड़कों पर दिखाई दी जो दर्शन करने के लिए गोला गोकर्णनाथ शिव के मंदिर में करने के बाद आपने अपने घर वापस लौटे।

### नकदी, आभूषण लेकर भागी किशोरी की खोज में जुटी पुलिस

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** दो दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से किशोरी घर में रखे 32 हजार रुपये नगद व सोने के आभूषण लेकर गायब हो गई। पिता ने अज्ञात युवक पर पुत्री को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती 22 जुलाई की सुबह घर के लोग काम पर गए हुए थे। घर में 16 वर्षीय किशोरी अकेली थी। इसी दौरान किशोरी घर में रखे 32 हजार रुपये नगद व सोने के आभूषण लेकर लापता हो गई। जब घर के सदस्य वापस लौटे तो किशोरी को लापता देखकर उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पिता ने पुलिस को बताया कि जब मोबाइल देखा गया तो उसमें दो फोन नंबरों पर उसकी किसी युवक से चौटिंग होती मिली। पिता ने चौटिंग करने वाले युवक पर ही पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता ने पुलिस से फोन नंबर के आधार पर उसकी पुत्री को बरामद कराने की गुहार लगाई है।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई कुठौंद का निर्विरोध हुआ निर्वाचन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लाक इकाई कुठौंद का निर्वाचन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक संसाधन क्रेद मदारीपुर में निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार निरंजन द्वारा निर्वाचन पर्यवेक्षक राकेश कुमार की देखरेख में संपन्न कराया गया। निर्विरोध सम्पन्न कराए गए निर्वाचन में ब्लॉक इकाई कुठौंद में अध्यक्ष पद पर राघवेन्द्र सिंह यादव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। सोमवार को बीआरसी मदारीपुर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक कुठौंद का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया जिसमें राघवेंद्र सिंह यादव को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष पद पर पुष्पेन्द्र दीक्षित, महामंत्री पद पर अनुज भदौरिया, कोषाध्यक्ष पद पर अभय सिंह भदौरिया, संगठन मंत्री पद पर रविकान्त को निर्विरोध निर्वाचित किया गया तथा आलोक कुमार मिश्रा संरक्षक, अवेधश वर्मा संयुक्त महामंत्री, हरेन्द्र सिंह मंत्री, बृजेन्द्र पाठक उपाध्यक्ष, अवधेश श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जितेन्द्र यादव का मंत्री पद पर मनोयन किया गया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा राकेश कुमार व अरविन्द कुमार निरंजन की मौजूदगी में निर्वाचित पदधिकारियों को निर्वाचन प्रमाणपत्र सौंपे गए। निर्वाचन में गुलजार खान, चित्रा यादव, प्रियंका वर्मा, अर्शगा यादव, ज्योति कुशवाहा, विनय प्रताप सिंह, इन्दल सिंह, नंद किशोर यादव, शिवम महेश्वरी, सुनील विश्वकर्मा, हिमांशु, आदिल खान, आशीष निरंजन, धर्मेन्द्र, जितेन्द्र, शाहिद आदि शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# अचीवर्स स्किल एकेडमी में वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**प्रतियोगिता में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों को एमडी ने किया पुरस्कृत**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अचीवर्स स्किल्स एंड एजुकेशनल अकैडमी में जीडीए का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 20 बच्चों का प्रशिक्षण पूरा होने पर उन्हें सोमवार को कंपनी के एमडी अभिषेक शुक्ला, प्रशिक्षक शिल्पी राज और अंजू शुक्ला द्वारा सर्टिफिकेट व प्राइस वितरित किया गए।

अचीवर्स स्किल्स एंड एजुकेशनल एकेडमी के एमडी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास की पद्धति पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने और

युवाओं को स्किल एजुकेशन देने के क्षेत्र में अचीवर्स स्किल एंड एजुकेशनल एकेडमी निरंतर काम कर रही है। यहां पर (जीडीए) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट के साथ ही ब्यूटीशियन, कंप्यूटर कोर्स, महिलाओं के लिए सिलाई कढ़ाई, मेहंदी सहित एजुकेशन से संबंधित कोर्स कराए जाते हैं। जिनकी फीस बेहद कम रखी गई है। जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवार के बच्चे भी अपने हाथों को हुनरमंद बनाकर रोजगार प्राप्त कर सकें। इसके उसका उद्देश्य हर हाथ में हुनर और हर युवा को रोजगार मुहैया कराना है। इसके अंतर्गत जीडीए के पहले बैच का प्रशिक्षण और ऑन जॉब ट्रेनिंग पूरी होने के बाद एक प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित 3 अभ्यार्थियों को, जिनमें बल सिंह, बबली राज और विनय पांडे को क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय व पुरस्कार दिया गया। इन सभी बच्चों की ऑन जॉब ट्रेनिंग वरदान हॉस्पिटल, मिडलाइफ हॉस्पिटल और स्पंदन नर्सिंग होम में कराई गई है। उन्होंने इन अस्पतालों के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

### दो गांजा सप्लायर पुलिस के हत्थे चढ़े, तमंचा सहित गांजा हुआ बरामद

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** चौकी पुलिस ने प्रतापपुरा मार्ग से दो लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 1.300 किग्रा गांजा, तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं। चौकी प्रभारी शशांक बाजपेयी को सूचना मिली कि औरैया रोड से ग्राम प्रतापपुरा के मार्ग पर दो संदिग्ध व्यक्ति बाइक से कोई नशीला पदार्थ लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक से जा रहे सुनील गिहर पुत्र बुद्धसिंह व अजय पुत्र विजय पाल निवासीगण गिहोर कॉलोनी थाना करहल जनपद मैनपुरी को रोककर जब उनकी तलाशी ली तो पुलिस ने उनके पास से 1.300 किग्रा गांजा समेत एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

# फेसबुक से दोस्ती के बाद अंजू वीजा बनवाकर पहुंच गयी पाकिस्तान

**सोशल मीडिया पर प्रेम कहानी हो रही वायरल**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कुछ समय पूर्व ही पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत में आयी सीमा हैदर और सचिन के प्यार की कहानी सोशल मीडिया पर धमाल मचाये हुये है इसी दौरान जनपद जालौन से भी ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है यहां की रहने वाली अंजू अपने फेसबुक दोस्त से मिलने के लिये देश की सीमा को लांघकर पाकिस्तान जा पहुंची जहां पाकिस्तानी जांच एजेंसियों की अनुमति के बाद उसे एंट्री दी गई। इसके बाद से ही अब अंजू से जुड़ी बातें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

बताया जाता है कि अंजू 34 वर्ष का जन्म जालौन जनपद के केलौर गांव में हुआ था। अंजू की शादी वर्ष 2007 में बलिया के रहने वाले अरविंद से हुई थी।

अंजू ने हिंदू होने के बावजूद ईसाई धर्म को अपनाकर शादी की थी। लेकिन अंजू की अपने पति से संबंध अच्छे नहीं चल रहे थे। इसी दौरान वर्ष 2020 में अंजू की दोस्ती फेकबुक पर पाकिस्तान के रहने वाले नसरुल्लाह से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच में लंबी बातों का सिलसिला शुरू हुआ तो दोनों के बीच में प्रेम भी परवान चढ़ता गया। और फिर अपने फेसबुक फ्रेंड से मिलने की खातिर अंजू पाकिस्तान विजिटिंग वीजा पर चली गई। उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है, जिसमें कहा कि वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आई हैं और घूमने के बाद वापस लौटेगी। हालांकि, अंजू के पति अरविंद कहते हैं कि उसे खुद इसकी जानकारी नहीं और अंजू कैसे पकिस्तान पहुंच गई। अंजू के पाकिस्तान पहुंचने की खबर जब अंजू के पति अरविंद को लगी तो उसने सरकार से अपील करते हुए कहा कि अंजू को वापस बुला लिया जाए। वहीं, अंजू ने कहा कि मेरे और पति के बीच संबंध अच्छे नहीं है, वह उसे परेशान करता है और वह उससे अलग रहना चाहती है।

### अंजू को मिली पाकिस्तान में 30 दिन रुकने की इजाजत

अंजू अपने फेसबुक फ्रेंड से मिलने के लिए वैलिड वीजा से गई है। पाकिस्तान की जांच एजेंसी के बाद उसे अंदर जाने की इजाजत मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अंजू ने वाघा सीमा से पाकिस्तान में प्रवेश किया और वहां से इस्लामाबाद गई। चूंकि वह वैध वीजा पर पहुंची थी, इसलिए पाकिस्तानी अधिकारियों को मामले की जानकारी थी। उन्होंने इसकी पूरी छानबीन भी की। अंजू अभी खैबर प्रांत के मालाकंड जिले में है और सुरक्षा टीम ने उससे पूछताछ की है। वीजा के अनुसार उसे पाकिस्तान में 30 दिन रहने की अनुमति दी है।

### अंजू बोली मेरे बच्चों को परेशान न किया जाये जल्द लौटूंगी भारत

पाकिस्तान पहुंची अंजू ने मीडिया से गुजारिश करते हुए सोशल मीडिया पर एक अपील जारी की है और कहा है कि मैं लीगल तरीके से यहां पर आई हूं, मैं यहां पर बिल्कुल सेफ हूं। दो-चार दिन में मैं भारत लौट आऊंगी, मैं बिल्कुल प्लानिंग के साथ आई हूं और वैसे ही वापस आ जाऊंगी। मेरे रिश्तेदारों और मेरे बच्चों को परेशान न किया जाए। हालांकि, अंजू के फेसबुक फ्रेंड नसरुल्लाह, जो कि एक मेडिकल रिप्रेंटेटिव हैं, उनका कहना है कि वह अंजू से शादी करेगा। अंजू भारत जाने के बाद फिर से पकिस्तान लौटेगी और तब दोनों शादी करेंगे।

# एम.एम.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल में 101 पौधों का हुआ रोपण

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत तारपारा के मजरा सैदापुर एम.एम.एस के डी पब्लिक स्कूल तारपारा (एस. के. डी.स्कूल बाजार) में विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संरक्षक एस.एस. दिनकर एवं ग्राम प्रधान तारपारा राजकिशोर की उपस्थिति में बच्चों, अभिभावकों, अध्यापकों एवं महिलाओं के द्वारा संचारी रोग, पर्यावरण संरक्षण एवं यातायात नियम पर सभी लोगों ने नारे लगाए और शपथ ली।

विद्यालय के बच्चों, अभिभावकों एवं अध्यापकों द्वारा 101 पेड़ों का वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण में अध्यापक श्रवण कुमार

इंचार्ज प्रधानाध्यापक, पवन कुमार, अजमेरी रजा, नेहा शुक्ला एवं अभिभावक प्रेमचंद्र, सुरेश सिंह, द्वारिका प्रसाद, गायत्री शुक्ला, मुन्नी देवी, बृजेश सिंह,पप्पू मिश्रा, राजेश राज आदि अभिभावक भारी संख्या में उपस्थित रहे। सीतापुर विकास खण्ड परसेंडी स्तरीय कृषक मेला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार परसेंडी द्वारा किया गया. विषय वस्तु विशेष विशेषज्ञ द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई,सहायक विकास अधिकारी कृषि के द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं बीजों पर अनुदान के बारे में बताया गया.सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा के द्वारा फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग कृषि रक्षा से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

कार्यक्रम में सुभाष बाबू गुप्ता स्स्र, नेत्रपाल सिंह (विषय वस्तु विशेषज्ञ),जावेद अख्तर सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ,जय राम शर्मा, सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) राम दयाल सिंह प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार परसेंडी एवं कौशल कुमार, बिश्रामलाल, आशीष मिश्रा, समस्त स्टाफ कृषि विभाग एवं क्षेत्र से आए हुए सम्मानित किसान भाई उपस्थित हुए।

### मिलावटी दूध विक्रय का दोष सिद्ध, 50 हजार का जुर्माना लगाया

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि न्यायालय अपर जिलाधिकारी, न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अधीन सुनवाई के पश्चात मिलावटी दूध का विक्रय किया जाना सिद्ध पाये जाने पर अंतिम आदेश पारित करते हुए अंकित यादव पुत्र बलराम निवासी ग्राम तिरही थाना कोतवाली कालपी जिला जालौन पर 50 हजार जुर्माना तथा जुर्माने की राशि 30 दिन के अन्दर जमा न करने पर 30 दिन के उपरान्त 1.50 प्रतिशत प्रतिमाह साधारण ब्याज अदा करने का आदेश पारित किया गया है। यदि संबंधित दुग्ध विक्रेता द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो धनराशि की वसूली भू-राजस्व की भांति की जायेगी।

# सदर विधायक ने गोद लिये तीन आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**बच्चों को बांटे फल, ड्राई राशन मिलने के बारे में ली जानकारी**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने बाल विकास परियोजना उरई शहर में अपने गोद लिये 3 आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता वर्मा केन्द्र इन्द्रानगर वार्ड 11, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीमा देवी केन्द्र न्यू पटेल नगर वार्ड 16 एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता गोयल केन्द्र सुशील नगर वार्ड 17 मौके पर उपस्थित मिली।

सदर विधायक द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सराहना की गयी तथा मौके पर उपस्थित

लाभार्थियों से आंगनबाड़ी केन्द्र से मिलने वाले अनुपूरक पुष्टाहार (ड्राई राशन) की जानकारी ली गयी व लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह ड्राई राशन मिलता है। साथ ही केन्द्रों पर उपलब्ध पुष्टाहार वितरण पंजिका का सत्यापन किया गया। उक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान इफ्तेखार अहमद जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा वर्तमान में चल रहे सम्भव अभियान के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुये आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को केन्द्र पर पंजीकृत गंभीर कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चिकित्सीय जांच कराकर एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिये गये, जिससे बच्चों को सुपोषित किया जा सके। इस मौके पर विमलेश आर्या, बाल विकास परियोजना अधिकारी उरई शहर, कमलेश स्वर्णकार, मुख्य सेविका एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री अफसर जहां एवं गौरा देवी उपस्थित रही है।

# मणिपुर घटना के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हुयी यौन हिंसा के विरोध में रविवार शाम समाजवादी नेताओं व नेत्रियों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया गया। यह मार्च पत्थर शिवाला के निकट सपा नेता स्व0 डा0 शत्रुघन यादव की दुकान से निकलकर बड़ा चौराहा होते हुए तहसील परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचा जहाँ दो मिनट का मौन रखकर हिंसा में मारे गए लोगो की आत्मा की शान्ति व यौन हिंसा से प्रभावित लोगो के पुनर्वास तथा हिंसा रोकने के लिए प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर महिला सभा की प्रदेश सचिव आशुतोष यादव ने कहा कि

भारत देश में महिलाओं की पूजा की जाती है और दूसरी ओर इसी देश के मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया जोकि बहुत ही शर्मनाक है। महिला सभा की जिला सचिव पिंकी यादव ने भी मणिपुर हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस अवसर पर मास्टर प्रमोद वर्मा, अफजाल कौसर, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता, शाह आलम खान राणा, ज्ञानवती भार्गव, नूर नेता, अभयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार सवार ने बाइक से जा रहे युवक को रौंद, कार छोड़ मौके से भागे

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

बहिन की ससुराल जा रहे युवक की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। क्षतिग्रस्त कार को छोड़कर कार सवार मौके से भाग निकले। पुलिस ने कार को कब्जे में लिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी बीए का छात्र सोनू दोहरे (20) पुत्र रविंद्र दोहरे की बहिन की ससुराल माधौगढ़ कस्बे में है। रविवार की देर शाम वह अपनी बहिन से मिलने के लिए बाइक से उसकी ससुराल जा रहा था। जब उसकी बाइक रूरा व बंगरा के बीच पहुंची। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रित होकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे इतना जबरदस्त था कि टक्कर लगते ही सोनू बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। सिर में चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, टक्कर से कार का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त कार को मौके पर ही छोड़कर कार सवार वहां से भाग निकले। हादसे के बाद मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना रेंढ़र पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी देकर शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को भी कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कराया।

G20 — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | वाया | आवृति/ चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07651 | जालना | छपरा जं. | वाराणसी जं. | बुधवार | 26.07.23 | 02.08.23 से 27.09.23 तक |
| 07652 | छपरा जं. | जालना | वाराणसी जं. | शुक्रवार | 28.07.23 | 04.08.23 से 29.09.23 तक |
| 02575 | हैदराबाद | गोरखपुर जं. | लखनऊ सिटी | शुक्रवार | 28.07.23 | 04.08.23 से 29.09.23 तक |
| 02576 | गोरखपुर जं. | हैदराबाद | लखनऊ सिटी | रविवार | 30.07.23 | 06.08.23 से 01.10.23 तक |

*नोटः- शेष निर्देश यथावत रहेंगे।*

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

2273/2023

# महादेवा में लाखों भक्तों का उमड़ा सैलाब

**रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

▸ प्रशासन ने हेलीकॉप्टर से बरसाए फूल

**लोधेश्वर** महादेवा के सावनी महोत्सव मे मलमास माह के पहले सोमवार को लाखो शिव भक्तो का जनसैलाब उमड पडा।भारी भीड के मद्देनजर मंदिर प्रशासन की ओर से अर्धरात्रि के बाद मंदिर के पट पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक के लिये खोल दिये।महाभारत कालीन प्रशिद्व शिव धाम मे रविवार की शाम से ही बढ चुके शिवभक्त नर नारियो के जत्थो से समूचा मेला क्षेत्र हर हर बम बम बम जय शिव के जयकारो से गुंजायमान हो चुका था।सोमवार को सुबह पहर ए डी जी पीयूष मोडिया जिलाधिकारी अविनाश कुमार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिह की अगुवाई मे शिवभक्तो के ऊपर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की गयी।मालूम हो कि लोधेश्वर महादेव सत्यम शिवम सुन्दरम की अवधारणा को साकार करते हुये द्वापर युग के आज भी ऐतिहासिक साक्षी है।पौराणिक लोधेश्वर महादेवा के प्रशिद्व शिव मंदिर मे विराजमान शिव लिंग के विषय मे जग विख्यात है कि महाभारत काल मे दुर्योधन की दुर्नीति पर रचे गये लाक्षा गृह से बचकर अज्ञात वाश के समय मे आये पाण्डु पुत्रो और माता कुन्ती की ओर से स्थापना की गयी थी।उस समय के रेणुक वन नामक इस क्षेत्र मे शिव लिंग की स्थापना के बाद पाण्डु पुत्रो ने 12 वर्ष तक यहा रुद्राभिषेक किया था।तब से आज तक इस शिव धाम की उत्तर भारत मे बडी ही मान्यता है।वर्ष मे फाल्गुनी अगहनी और सावन माह मे लगने वाले मेलो मे भारी संख्या मे शिवभक्तो का यहा भारी संख्या पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक के लिये जमावडा होता है।वर्तमान समय मे चल रहे सावनी मेले मे मलमास माह के प्रथम सोमवार को रविवार की शाम से ही महिला पुरूष श्रद्धालु बैराकेटिग के मध्य रहकर कतार वद्व गंगाजल पुष्प बेल पत्री धतूरा कपूर अक्षत आदि पूजन सामग्री हाथो मे लिये हुये मंदिर के गर्भ ग्रह द्वार के खुलने का इंतजार

कर रहे।अर्धरात्रि के बाद से मंदिर के कपाट खुलते ही शिवभक्तों का जलाभिषेक करने का क्रम एक बार फिर शुरू हो गया।जो सोमवार की देर शाम तक चलता रहा।गर्भ ग्रह के भीतर लगे सुरक्षा कर्मी भारी भीड़ को काबू कर पाने में पसीने पसीने हो रहे थे।महिला पुरुष बच्चे भोलेनाथ सच्चे हर हर बम बम का जयकारा लगाते हुये लालायित मन से गर्भ गृह की ओर बढ रहे थे।श्रद्धालुओं की अपार भीड़ महादेवा धाम के मार्गो पर दिखाई पड़ रही थी।उमस भरी गर्मी का शिवभक्तो पर कोई असर महसूस तक नही हो रहा था।दुकानों पर जगह जगह शिवभक्तो की भारी भीड खरीदारी करने मे मशगूल दिखाई पड रही थी।दुकानदारों का कहना था कि आज पुरुषोत्तम मास के सोमवार पर अच्छी दुकानदारी हुई है।श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह तहसीलदार कविता ठाकुर पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के डी शर्मा थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश पांडेय एस आई धर्मेंद्र शुक्ला नायब तहसीलदार अभिषेक यदुवंशी पूरे मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।चोर उचक्को की निगरानी सी सी टी वी व ड्रोन कैमरे से की जा रही थी।सोमवार को सुबह आठ बजे आलाधिकारियो की अगुवाई मे योगी सरकार की मंशा के अनुरुप शिवभक्तो के ऊपर आकाश से पुष्प वर्षा की गयी।इतिहास मे पहली बार योगी जी की सरकार मे शिवभक्तो पर हुई पुष्प वर्षा से शिवभक्त काफी प्रशन्न दिखाई पड रहे थे।जो लोगो मे चर्चा का विषय भी था।

# शिव मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**सावन** महीने के तीसरे सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय की गूंज सुनाई पड़ी। । सुबह से ही शिव मंदिरों पर भक्तों की भीड़ रही, यहीं नहीं दिनभर मंदिरों में भक्तों को तांता लगा रहा । सावन माह के तीसरे सोमवार को शिवभक्तों ने शिवलिंगों का दूध और जल से अभिषेक किया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घड़ियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।तहसील मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर आदि गंगा गोमती नदी के तट पर स्थित प्राचीन अवशानेश्वर महादेव मंदिर पर तीसरे सोमवार को सुबह 2ः00 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही शिव भक्तों का जलाभिषेक करने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह पूरे दिन चलता रहा मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी ने बताया कि रात्रि 2ः00 से सुबह 10ः30 त भक्तों का तांता लगा रहा। तकरीबन एक लाख से अधिक शिव भक्तों ने दूसरे सोमवार को जलाभिषेक

किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहा सी ओ जेएन अस्थाना तहसीलदार शशि कुमार त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज राजस्व निरीक्षक लेखपाल एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा हैदरगढ़ का नवज्योति गली स्थित प्राचीन रामेश्वरन शिवालय, लालपुर स्थित किलेश्वर महादेव मंदिर हरपालपुर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर शिवनाम स्थित सोनेश्वर (जोगिनी) महादेव मंदिर जौरास स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर सहित क्षेत्र भर के तमाम शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया गया।

# मणिपुर कांड को लेकर भाकपा कार्यकर्ताओं ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बाराबंकी।** देश के पूर्वोत्तर में मणिपुर प्रदेश जो भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित है, प्रदेश में कानून व्यवस्था लगभग 3 माह से समाप्त हो गई है। 3 मई 2023 से लेकर अब तक 142 से अधिक लोगों की हत्या हो चुकी है ,1000 से अधिक लोग बुरी तरह से जख्मी हो चुके हैं, 70 हजार से अधिक लोग अपना घर द्वार छोड़कर शरणार्थी शिविरों में शरण लिए हैं या निकट के राज्यों में पलायन कर चुके हैं। 19 जुलाई 2023 को दो लड़कियों को बंधक बनाकर नंगा करके जुलूस निकालकर सामूहिक बलात्कार किया गया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार उक्त दोनों महिलाओं में से एक ने बताया कि मणिपुर पुलिस ने ही उनको भीड़ के हवाले किया था, मणिपुर में भाजपा के मुख्यमंत्री ने इंडिया टुडे को बातचीत में बताया कि इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं जिनकी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज भी है। यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कही। प्रदेश में हिंसा जारी हैं, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था बनाये रखने में असमर्थ साबित हो गया रहे हैं, गोलियां चल रही हैं जनता के मकान जलाए जा रहे हैं, महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार हो रहे हैं। ऐसी विषम परिस्थितियों में आपका हस्तक्षेप आवश्यक है। यह बात पार्टी सचिव बृजमोहन वर्मा ने कही। राष्ट्रपति से मांग करते हुए पार्टी ने मणि पुर के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को बर्खास्त करो। राष्ट्रपति को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया है। ज्ञापन पर महेंद्र यादव ,जिला आशीष शुक्ला विनय कुमार सिंह (जिला अध्यक्ष उ0प्र0किसान सभा) संदीप तिवारी शिवदर्शन वर्मा कोषाध्यक्ष भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, प्रवीण कुमार सह सचिव भाकपा ,महेंद्र यादव जिला अध्यक्ष एआईएसएफ ,आशीष शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष ए आई वाई एफ, मुनेश्वर प्रसाद राज्य परिषद सदस्य किसान सभा, गिरीशचंद्र उपाध्यक्ष किसान सभा, रामनरेश महामंत्री किसान सभा, अमर सिंह को उपाध्यक्ष किसान सभा, किसान श्याम सिंह, नैमिष, राजेंद्र बहादुर सिंह एडवोकेट, नीरज वर्मा दीपक शर्मा,आशीष शुक्ला, जितेंद्र श्रीवास्तव जित्तू सच्चिदानंद, शैलेंद्र मिश्रा ,संदीप तिवारी, अभय शर्मा, सर्वेश यादव, कुलदीप यादव , रामनरेश, अमर सिंह गुड्डू ,विनय सिंह, राजकुमार आदि प्रमुख नेताओं ने भी हस्ताक्षर किये हैं।

## जेल में लाल चंदन के पौध रोपित कर दिया संदेश

**बाराबंकी।** संसार वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिला कारागार में आयोजित पौध रोपण कार्यक्रम के तहत जिला जज रविन्द्र नाथ दूबे द्वारा लाल चंदन के पौधे का रोपण किया। जिला जज ने पौधरोपण को जरूरी बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर ग्रीन गैंग के संस्थापक प्रदीप सारंग ने संसार वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष रामगोपाल निगम द्वारा जनपद में चलाए जा रहे लाल चंदन पौध रोपण अभियान की तारीफ की। ग्रीन गैंग की प्रेरणा से संचालित वृक्षारोपण कार्यक्रम में इस अवसर पर अपर जिला जज एवं सचिव न्याय प्राधिकरण नाजरीन बानों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार,जेल अधीक्षक कुंदन कुमार,जेलर आलोक शुक्ला,संसार वेलफेयर सोसायटी जिलाध्यक्ष सूरज सिंह गौर, शिवम मिश्रा, संजय रावत, डिप्टी जेलर रंजू शुक्ल, मनीष सिंह,मो0 सलमान मौजूद रहे।

# गोप ने सिद्धेश्वर मंदिर में किया रुद्राभिषेक



**बाराबंकी।** सावन मास के तीसरे सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप सिद्धौर कस्बा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर मे पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधिपूर्वक रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से संपूर्ण जगत के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हुए देशवासियों के सभी कष्टों दूर हो और सभी को सुख समृद्धि यश कीर्ति प्राप्त हो किसके लिए भगवान भोलेनाथ से यह वरदान मांगा।

रुद्राभिषेक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, किशन रावत, संतोष रावत, पवन वर्मा आदि लोगों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबरें एक नजर में

### डीसीएम रोडवेज़ बस की हुई भीषण टक्कर बस के दो यात्रियों की मौके पर मौत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ अयोध्या हाइवे पर नारायण रेस्टोरेंट के निकट डीसीएम एवं रोडवेज बस में हुई आमने-सामने भीषण टक्कर में बस में सवार 2 यात्रियों की मौत हो गई जबकि डेढ़ दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए इनमें से पांच गंभीर अवस्था में घायल लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार लखनऊ से आ रही रोडवेज बस संख्या यूपी 53 डी पी 4660 लखनऊ जा रही थी इसी बीच नारायण रेस्टोरेंट के पास डायवर्जन होने के नाते लखनऊ की ओर से जा रही एक डीसीएम रोडवेज बस से टकरा गई टक्कर इतनी जोर थी ड्राइवर के हिस्से को चीरती हुई बस के परखच्चे उड़ा दिए। इस घटना में अंबेडकरनगर जनपद के अह लौली थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर गांव निवासी शोभा तथा लखनऊ जनपद के राजाजीपुरम निवासी 50 वर्षीय विनीत सक्सेना की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते हैं स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया तथा घायलों को एंबुलेंस व पुलिस की गाड़ियों में बिठाकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट भेजा। यहां पर डॉक्टरों ने 2 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया जबकि गंभीर रूप से घायल सुनील कुमार लखनऊ रवि कुमार चौहान लखनऊ विवेक कुमार लखनऊ राज मीर अयोध्या एवं एक अज्ञात युवक सहित बस चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सत्या यादव फैजाबाद त्रिलोकी फैजाबाद अविनाश कुमार लखनऊ शैलेंद्र रावत सफदरगंज रिंकू फैजाबाद मोहन केवट देवरिया रिया पांडे नवाबगंज गोंडा राधेश्याम त्रिवेणी नगर लखनऊ रागिनी अंबेडकरनगर महेश तिवारी निवासी मेरठ का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

### सपा ने घोषित की विधानसभा व ब्लाक अध्यक्षों की सूची

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सोमवार को विधानसभा व ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा कर दी है।इसमें गोसाईगंज विधानसभा में सियाराम निषाद,बीकापुर विधानसभा में अजय कुमार वर्मा राजू तथा मिल्कीपुर विधानसभा में पृथ्वीराज यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है।गोसाईगंज विधानसभा के तारुन ब्लॉक में अर्पित पटेल को, मया ब्लाक में बिंदेश्वरी यादव को, बीकापुर ब्लाक में गया प्रसाद यादव को,बीकापुर विधानसभा के सोहावल ब्लॉक में राजेश यादव को,मसौधा ब्लॉक में सूरज निषाद को तथा मिल्कीपुर विधानसभा से अमानीगंज ब्लाक में रामदीन रावत,मिल्कीपुर ब्लॉक में रामतेज यादव को तथा हैरिंगटीनगंज ब्लॉक में जगदीश चौरसिया को ब्लाक अध्यक्ष घोषित किया गया है।पार्टी के जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष श्री यादव ने सभी विधानसभा व ब्लॉक अध्यक्ष से एक सप्ताह में अपने नवनियुक्त कमेटी की सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

### सपा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष नामित

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने आज पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठो के जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। अध्यक्ष महिला सभा पूर्णिमा देवी (पूनम यादव) ,अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा इंतखाब आलम नोमानी, अध्यक्ष व्यापार सभा निर्मल वर्मा, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ रोहित कश्यप, अध्यक्ष मजदूर सभा चंद्रप्रकाश राजवंशी, अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ आनंद कौशल आन, अध्यक्ष अनुसूचित जाति राम बक्स रावत (पुचकारी), अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ शैलेश चंद्र वर्मा, अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ रमेश यादव, अध्यक्ष अधिवक्ता सभा शांति ओम रावत, अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी अरुण कुमार सैन, अध्यक्ष शिक्षक सभा अमित कुमार को घोषित किया है। प्रकोष्ठो के सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को शीर्ष नेतृत्व सहित जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### झाड़ फूंक के नाम पर किया जा रहा धर्म परिवर्तन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** झाड़-फूंक के नाम पर ईसाई मिशनरियों द्वारा एक साजिश के तहत अनुसूचित जाति परिवारों को ईसाई बनाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिसके चंगुल में फसकर क्षेत्र के कई दलित परिवार अब तक ईसाई धर्म अपना चुके हैं। गुमराह होकर धर्म परिवर्तन करने वाले परिवारों को घर वापसी कराने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमंतू जनजाति के संयोजक विजय हिंदुस्तानी द्वारा आज रनापुर गांव में 2 परिवारों की घर वापसी कराई गयीं। उल्लेखनीय है कि इसाई मिशनरियों द्वारा चलाए जा रहे षड्यंत्र के तहत व्यापक पैमाने पर क्षेत्र में दबे कुचले लोगों को अपना शिकार बनाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है इसी क्रम में रनापुर गांव निवासी परीदीन व रामकुमार के परिवारों को जालंधर ले जाकर धर्म परिवर्तन करा दिया गया था। जिसके बाद से उक्त परिवार के सभी सदस्य पूजा पाठ से दूर हो गए थे इस बात की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने लगभग एक पखवारा पूर्व इन परिवारों का सामाजिक बहिष्कार कर दिया था यही नहीं इसकी सूचना पाकर पहुंचे विजय हिंदुस्तानी ने दोनों परिवारों को लगातार कई दिनों तक समझा-बुझाकर घर वापसी कराई । जिसके बाद दोनों परिवारों के 14 सदस्य सनातन धर्म अपनाने के लिए राजी हो गए । सोमवार को गांव स्थित धार्मिक स्थान पर मंत्रों के द्वारा शुद्धीकरण कराकर सनातन धर्म में वापसी कराई गई। इस अवसर पर विजय हिंदुस्तानी स्वदेश गोयल शक्ति, किरसन, पूर्व प्रधान जतिन चौधरी, रामेंद्र तिवारी, रामू, रामचंद्र हरिओम तिवारी गोलू संतोष आदि लोग उपस्थित थे।

### अज्ञात युवती मरणासन्न अवस्था में बरामद, अस्पताल पहुंचते हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लखनऊ सुल्तानपुर रेल मार्ग पर आज सुबह एक 25 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। शौच के लिए आये ग्रामीणों से सूचना पाकर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा मरणासन्न युवती को सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदर गढ़ अंतर्गत दानीगढ़ रेलवे अंडर पास के निकट आज सुबह 5ः00 बजे शौच के लिए आए ग्रामीणों ने एक युवती को बुरी तरह से घायल अवस्था में पड़ा देखा जिसकी सूचना 108 एंबुलेंस के साथ-साथ पुलिस को भी दी गई। सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने अज्ञात युवती के शव की शिनाख्त के प्रयास किए परंतु सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रवाना कर दिया।

# प्राथमिक विद्यालय चेरो बस्ती में श्रावण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**प्राथमिक** विद्यालय चेरोबस्ती, चोपन में श्रावण मास के पवित्र महीने में तीसरे सोमवार को श्रावण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के कौशल विकास के तहत विद्यालय स्तरीय हस्तशिल्प कला के अंतर्गत मिट्टी से खिलौने बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया और मिट्टी की सहायता से बहुत ही सुंदर- सुंदर खिलौने व शिवलिंग बनाएं। इस प्रतियोगिता में रोहित और गौरव को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पूर्णिमा और तृतीय स्थान साजन को प्राप्त हुआ। जिनको एसएमसी अध्यक्ष और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा सम्मानित किया गया एवं समस्त सहभागी बच्चों को कॉपी-पेंसिल देकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों द्वारा बनाए गए शिवलिंग का विद्यालय के सभी बच्चों और शिक्षिकाओं ने मिलकर जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना किया और बच्चों को भगवान

शिव जी और सावन मास के विषय में बताया गया। तत्पश्चात लड़के और लड़कियों ने मिलकर एक दूसरे को मेहंदी लगाई और झूला झूले। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जरीना बानो, सहायक अध्यापिका वर्षा वर्मा, श्वेता सिंह, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती गीता देवी, एसएमसी सदस्य गुड्डी, कृष्णावती, अर्जुन उपस्थित रहें।

# बघुआरी गांव में संपर्क मार्ग बनाने को ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

▸ लगभग सैकड़ों से अधिक आबादी वाले गांव में नहीं बना था अब तक सड़क मार्ग

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट** परिसर में सोमवार को सदर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत बघुआरी के टोला गडौरा विकास ग्रामीणों ने सड़क निर्माण मांग को लेकर किया प्रदर्शन डीएम नामित ज्ञापन संबंधित बाबू को सौंपा।

वही ग्रामीणों ने बताया कि हम प्रार्थीगण पता उपरोक्त के स्थायी निवासी है। टोला गडौरा में 90 जनजाति परिवार है जबकि गडौरा से सटा हुआ ही बसौली, बहुआर का टोला दमही है। जिसमें भी लगभग 55 परिवार की आबादी है इस प्रकार सैकडो से अधिक परिवार जहां निवास करते है वहां पहुंचने के लिए कोई भी संपर्क मार्ग नहीं है। जिला अस्पताल से पश्चिम दिशा की तरफ सड़क केवल खुश्बु बाग नर्सरी तक ही बना है । उसके बाद से लगभग 02 किमी0 वन

क्षेत्र की भूमि है और यही से पगडंडी रास्ते से होकर गडौरा तक जाना पडता है जिसकी दूरी 6 किमी है। गांव में एम्बुलेन्स सेवा की पहुंच नहीं हो पाती यातायात का कोई साधन नहीं है। गर्भवती महिलाओं को डिलेवरी कराने हेतु आज भी चारपाई पर लादकर लाना पडता है। साथ ही गांव में आकस्मिक बीमारी की दशा में भी कठिनाई का सामना करना पडता है। गांव में कक्षा आठ तक स्कूल है उसके बाद बच्चे शिक्षा से वंचित होकर बाल श्रमिक हो जाते है । हम प्रार्थीगणों द्वारा विगत कई वर्षो से सड़क निर्माण व बंधी निर्माण की मांग कर रहे है। पूर्व में लोक निर्माण विभाग से मापी करके इस्टीमेट भी बनाया गया परन्तु अब तक शासन स्तर पर विचाराधीन है। वन विभाग की भूमि होने के कारण वन विभाग से भी पैरोकारी की गई जिसमें प्रभागीय वनाधिकारी व क्षेत्रीय वनाधिकारी रावर्ट्सगंज से संतुति भी मिला लेकिन अब सड़क के निर्माण में कोई प्रगति नहीं हुई है। हम प्रार्थीगण अनपढ एवं गरीब लोग है । अतः श्रीमान जी से विनम्र अनुरोध है कि जनहित में खुश्बु बाग नर्सरी से गडौरा के बीच सड़क निर्माण में आ रही अडचनों को दूर कराते हुए संपर्क मार्ग का निर्माण करवाये जाने की कृपा करें। आपकी महान कृपा होगी। विषयः हर घर नल योजना जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन विछाये जाने एवं पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में । वही ग्रामीणों ने बताया कि विकास खण्ड रावर्टसगंज ग्राम पंचायज बघुआरी के टोला गडौरा व दमही में हर घर नल योजना के तहत अब तक कोई भी कार्य गांव में नहीं हो सका है। गडौरा व दमही टोला में 135 परिवार रहते है जिसमें 125 परिवार गोड जनजाति के निवास करते है गांव में पेयजल की घोर किल्लत होती हैं आबादी तो पेयजल हेतु 0.5 हैण्डपम्प लगे है जो फरवरी माह से ही पानी का जल स्तर नीचे जाने से पानी का संकट हो जाता है । सरकारी द्वारा जल जीवन मिशन अभियान के द्वारा सभी घरों व नल से जल देने की योजना है । परन्तु गडौरा गांव में इस मिशन के तहत कोई कार्य अब तक गांव में नहीं हुआ है। जबकि हम ग्रामीण पेयजल की समस्या से काफी ग्रसित व परेशान है।

# पूर्व राज्यसभा सांसद जयप्रकाश निषाद के नेतृत्व में निषाद समुदाय ने भरी हुंकार

**गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

**देश में** जाति आधारित आरक्षण को लेकर बड़े आंदोलन और बड़ी-बड़ी रैलियां हुई हैं। ऐसी ही एक रैली सोमवार को गोरखपुर में निषाद जाति को, दलित वर्ग में आरक्षण देने की मांग को लेकर आयोजित हुई। जिसका नाम ÷निषाद महाकुंभ÷ रखा गया था। इस महाकुंभ में करीब 20,000 से अधिक निषाद समाज के लोगों ने पूर्वांचल के 10 जिलों से प्रतिभाग किया। इस पूरे आयोजन के केंद्र में जिसकी भूमिका रही वह, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद जयप्रकाश निषाद रहे। जो इस महाकुंभ में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहे कि उनका यह आयोजन किसी राजनीतिक दल से प्रेरित नहीं है बल्कि, निषाद समाज का जो हक और अधिकार है उसको पाने के लिए, उसको मांगने के लिए एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से लेकर अब तक निषाद समाज को साथ लेकर लोग इस समाज के बलबूते, राजनीतिक सत्ता हासिल किए उन्होंने भी इसकी मांग को मजबूती से नहीं उठाया। जबकि वह राज्य सभा सदस्य रहते सदन में आरक्षण की मांग को पूरी मजबूती से उठाए थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लोकसभा सदस्य रहते हुए निषादों के आरक्षण और हक की बात करते रहे हैं। ऐसे में इस महाकुंभ के माध्यम से हम सरकार को यह संदेश देना चाहते हैं कि, उनकी जो वर्षों पुरानी और उचित मांग है उसको सरकार पूरा करें। जिससे समाज का उत्थान हो सके और इन्हें लालच, लोभ में कोई भी ठगकर अपना राजनीतिक उल्लू न सीधा करें। उन्होंने कहा कि सरकार उनका साथ देती है तो निश्चित रूप से निषाद समाज भी उनके साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा होगा।

देखा जाय तो जयप्रकाश निषाद इस आयोजन के जरिए पूर्वांचल में, निषाद

जाति के लोगों को दो खेमे में बांट दिए हैं। एक खेमे की राजनीति करते हुए निषादों को अपने साथ जोड़कर, डॉक्टर संजय निषाद ने, निषाद पार्टी का गठन किया और आज वह योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। उनके दो पुत्र एक सांसद और एक विधायक हैं। साथ ही 2022 के संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में वह बीजेपी गठबंधन के साथ आकर 18 सीटों पर चुनाव लड़ने में भी कामयाब हुए थे। जिनमें से उनके 11 विधायक चुनाव जीते हैं। लेकिन इनमें से निषाद बिरादरी का उनका एक भी विधायक नहीं है। यहां तक कि उनका बेटा भी बीजेपी के सिंबल पर चुनाव जीता है। इन बातों का इशारों- इशारों में उल्लेख करते हुए जयप्रकाश ने अपने समाज के लोगों को बताने और जगाने का कार्य किया। जो आपके बलबूते अपनी राजनीतिक सत्ता और महत्वाकांक्षा को प्राप्त किए, वह न तो आपके आरक्षण के मुद्दे को लेकर गंभीर हुए और न ही विधानसभा में। जब निषाद बिरादरी के बेटों को चुनाव लड़ाकर, जिताकर भेजने का समय आया तो, उस पर भी अडिग नहीं हुए। उन्होंने कहा कि आज निषाद पार्टी के जो भी विधायक चुने गए हैं उसमें अधिकांश बीजेपी के सिंबल पर जीते और कोई भी निषाद जाति का नहीं है। अगर निषादों की रहनुमाई करने वाला सच्चा सिपाही होता तो वह सदन में अपनी बिरादरी के बेटों को भेजने की बात करता, जो उनकी समस्याएं उनके आरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करते तो सरकार भी उसको लेकर गंभीर होती। इस निषाद महाकुंभ के आयोजन के पीछे सूत्रों की माने तो एक बात और भी निकल कर सामने आ रही है कि, जयप्रकाश निषाद भारतीय जनता पार्टी से राज सभा सांसद रहे हैं। बीजेपी के कुछ लोग जयप्रकाश निषाद के माध्यम से निषादों का एक अलग गुट तैयार करना चाहते हैं। जिससे संजय निषाद जो निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, उनका एनडीए पर दबाव कम हो। उनकी मनमानी न चलने पाए।साथ ही निषादों के गंभीर और जरूरी मुद्दे को लेकर जब दूसरा गुट आवाज बुलंद करेगा, तो संजय निषाद की भी परेशानी बढ़ेगी। जैसा कि यह देखने को भी तत्काल मिला है एक तरफ निषाद महाकुंभ का आयोजन गोरखपुर में हो रहा था, तो डॉक्टर संजय निषाद लखनऊ की धरती छोड़कर दिल्ली पहुंच गए और उन्होंने दिन में प्रेस वार्ता कर, अपनी पार्टी की नीतियों को सामने लाने का प्रयास किया। फिलहाल इस निषाद महाकुंभ से एक बात तो साफ हो गई है कि, पूर्वांचल में अब यह बिरादरी दो खेमे में बैठ गई है। जिसकी अगुवाई डॉक्टर संजय निषाद और जयप्रकाश निषाद के हाथों में है। यह दोनों फिलहाल भाजपा से जुड़े हुए हैं लेकिन, देखना है कि समय के साथ कौन मजबूत होता है और अपनी बिरादरी को उनका हक दिलाता है।

# राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संजीव मित्तल ने किया कलेक्ट्रेट सहित तहसील सदर का निरीक्षण

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

संजीव मित्तल आईएएस अध्यक्ष राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश नें मंडलायुक्त चित्रकूट धाम राजेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट महोबा एवं तहसील सदर का निरीक्षण किया तथा कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यो एवं रियल टाइम खतौनी की समीक्षा बैठक की।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष नें कार्यालयों में साफ़-सफाई रखने, फाइलों के रख-रखाओ तथा वायरों को समुचित ढंग से व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा की कार्यालय के पटलों को केबिन के रूप में बनवाया जाये, जिससे किसी भी जनसामान्य को जिस पटल में कार्य हो वहां पहुँचने में आसानी हो।

समीक्षा बैठक में अध्यक्ष नें कहा कि जो भी राजस्व वाद 05 वर्षो से पेंडिंग पड़े है उनका तत्काल निस्तारण कराया जाये।तहसील महोबा में 135 केस 03 वर्षो से पेंडिंग है, इन केसों पर जल्द सुनवाई की जाये तथा इनका निस्तारण किया जाये।उन्होंनें राजस्व विभाग के सभी अधिकारिओं से तहसीलों में हो रहे कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंश निर्धारण तथा विवादित केसों का शीघ्र निस्तारण किया जाये।उन्होंने महोबा के पर्यटक स्थलों कि प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले समय में दूर-दूर से लोग यहाँ पर्यटन स्थलों का लुत्फ़ उठाने आएंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनोज कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सपाई महिलाओं ने कैंडिल मार्च निकाल कर की न्याय की मांग

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**मणिपुर** हिंसा में भीड़ द्वारा महिलाओ के साथ अमानवीय व्यवहार का दृश्य देख मन व्याकुल है। पशु और इस भीड़ में कोई फर्क नहीं है। पशुओ को जैसे नियंत्रण में रखते है ठीक उसी प्रकार सरकार को ऐसे लोगो पर नियंत्रण रखना होगा। इस भीड़ ने सम्पूर्ण मानव जाति तथा देश को कलंकित किया है, मणिपुर में हुई देश को शर्मशार करने वाली घटना के विरोध में समाजवादी महिला सभा की प्रदेश प्रमुख महासचिव अनीता यादव की अध्यक्षता में ईदगाह चौराहे से शास्त्री चौराहे तक महिलाओं के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल यादव महासचिव चंदन सिंह बघेल आशीष दीक्षित आलोक दीक्षित पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया सैनिक प्रकोष्ठ के रविंद्र सिंह के साथ-साथ सैकड़ों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कैंडिल मार्च निकाल कर न्याय की मांग एवं मणिपुर सरकार की बर्खास्तगी की मांग की।

# मणिपुर की हिंसा पर सपाइयों ने निकाला कैंडिल जुलूस

**राठ (हमीरपुर)। समृद्धि न्यूज**

**सपा के** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बीती शाम सपाइयों ने नगर के रामलीला मैदान से रानी लक्ष्मीबाई चौराहा तक कैंडल मार्च निकाल मणिपुर हिंसा का विरोध किया। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सपा की पूर्व विधायक डॉ अंबेश कुमारी ने बताया कि मणिपुर हिंसा को अंजाम देने वाले नर पिशाचों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कर हिंसा का शिकार हुए युवतियों को उनकी पार्टी न्याय दिलाने का कार्य करेगी। सपा की लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव सत्यपाल यादव ने कहा कि इस तरह की हिंसा को अंजाम देने वाले लोगों ने मानवता को शर्मसार कर खुलेआम नारी शक्ति का अनादर किया है। जिसका खामियाजा उन्हें हर हाल में भुगतना पड़ेगा। सपा से राठ विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी रही

राजपूत चंद्रवती वर्मा ने मणिपुर राज्य में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि अब तक इस हिंसा में 150 अधिक से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वही 60 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। करोड़ों की संपत्ति नष्ट हो गई है। इसमें जितनी निंदा की जाए वह कम है। इस दौरान सपा लोहिया वाहिनी का पूर्व नगर अध्यक्ष वासुदेव वर्मा, नीलम यादव, जिला पंचायत सदस्य विमलेश अहिरवार सहित अनेकों सफाई मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मंसूरी समाज ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**इटावा।** मंसूरी समाज द्वारा भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन इटावा को आवंटित पक्का तालाब नार्मल स्कूल के समीप रेन बसेरा/मुसाफिरखाना के संबंध में ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस संबंध में जिलाध्यक्ष हाजी मुईनुदीन मंसूरी व महासचिव शफी अहमद मंसूरी ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्ष 2005 में नगर पालिका परिषद इटावा द्वारा भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन इटावा के नाम रेन बसेरा/मुसाफिरखाना के लिए नार्मल स्कूल के समीप पक्का तालाब इटावा में एक भूमि आवंटित की गई थी। तत्समय संस्था के अध्यक्ष स्व. हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी व महासचिव शफी अहमद थे। भूमि आवंटन के उपरान्त स्व. हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी साहब ने बदनीयति से अपने परिवार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नियमों के विपरीत बिना किसी भी प्रकार से चुनाव कराये बाला बाला एवं अवैध तरीके से अपने पुत्रों, दामादों एवं परिवारीजनों को उक्त संस्था का पदाधिकारी एवं सदस्य नामित कर कमेटी रजिस्ट्रेशन हेतु डिप्टी रजिस्ट्रार, कानपुर मण्डल कानपुर के यहां प्रस्तुत की। जब इस संबंध में कमेटी के असली पदाधिकारियों व सदस्यों को जानकारी हुई तब दिनांक 30 अप्रैल 2016 को कमेटी के असली पदाधिकारी व सदस्यों ने डिप्टी रजिस्ट्रार, कानपुर मण्डल कानपुर से मिलकर सत्य से अवगत कराया जिस पर डिप्टी रजिस्ट्रार न उप जिलाधिकारी इटावा को निष्पक्ष जांच हेतु इटावा भेज दिय। उन्होंने बताया कि इस बीच हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी के इन्तिकाल हो गया। उनके इन्तिकाल के बाद मंसूरी समाज द्वारा विधिवत रूप से दिनांक 18 जून 2023 को नई कमेटी का गठन किया गया गया जिसमें हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी को अध्यक्ष व शफी अहमद मंसूरी को महासचिव चुना गया। उन्होंने जिलाधिकारी महोदय से मांग की कि उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कराने एवं हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी की अध्यक्षता में गठित नई कमेटी को उक्त भूमि की देखरेख व कार्य करने के लिए सौंपने की मांग की। महासचिव शफी अहमद मंसूरी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इटावा को एक शिकायती पत्र प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने स्व. हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी के पुत्र मो. शाहिद उर्फ लड्डन, गुफरान अहमद उर्फ बब्लू तथा फुरकान पुत्र शकील अहमद द्वारा आये दिन मारने पीटने तथा जाने से मारने की धमकी देने की शिकायत कर सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी अध्यक्ष, शफी अहमद मंसूरी महासचिव, शकील मंसूरी, मो अजीज मंसूरी, मो. अख्तर मंसूरी, सतीक मंसूरी, मो. अनीस मंसूरी, मो. असर मंसूरी, मुख्तार अहमद उर्फ बंटी मंसूरी, मो. ईशान मंसूरी, नूरैन मंसूरी, मो. अरशान मंसूरी, राजू मंसूरी, तसलीम मंसूरी, हनी चैधरी मंसूरी, शाहनवाज मंसूरी, हाजी फहीम मंसूरी, नसीम मंसूरी, नदीम मंसूरी, इसरार मंसूरी उर्फ टिंकू, मुन्नू चैधरी मंसूरी मौजूद रहे।

### विद्यार्थी परिषद ने फूंका गहलोत सरकार का पुतला

**इटावा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इटावा नगर इकाई द्वारा जोधपुर गैंगरेप मामले में गहलोत सरकार का पुतला दहन पक्का तालाब चौराहा पर किया गया। विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेई ने कहा राजस्थान के जोधपुर में हुये गैंगरेप मामलें के खिलाफ जयपुर में प्रदर्शन कर रहे अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार सिंह मीणा सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज कर उन्हें हिरासत में लेना अत्यंत निंदनीय है। सभ्य राष्ट्र व समाज में हिंसा तथा अपराध के लिए कोई स्थान नहीं है। राजस्थान से लगातार महिलाओं के साथ जघन्य अपराध व गैंगरेप जैसे मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे मामलों में बिना किसी राजनीति के कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए तथा अपराधियों को कड़ा दंड मिले। जिला संयोजक प्रखर शुक्ला ने कहा गहलोत सरकार राज्य में कानून व्यवस्था सुधारने की बजाए अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठियां भांजने में ही व्यस्त है। आने वाले समय में राजस्थान की छात्रशक्ति आपकी अत्याचारी और भ्रष्टाचारी सरकार को आईना अवश्य दिखाएगी। पुतला दहन नगर मंत्री कृष्णा यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विभाग सहसंयोजक दीपक वर्मा, ऋतिक गुप्ता, संस्कार गुप्ता, सत्यम दुवे, राजन बाजपेई, सुमित पाल, गौरांग श्रीवास्तव, आर्यन, कुशाग्र, ललित यादव, लवकुश तिवारी, मोहित वर्मा, केशव चतुर्वेदी, शिवांग मिश्रा, आकाश श्रीवास्तव, आयूष दुवे, मुकुंद माधव, अनुराग पाल, वैभव श्रीवास्तव सहित आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तीसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़ी श्रदालुओं की भीड़

**हमीरपुर।** सावन की तीसरे सोमवार को जिले के अलग अलग मंदिरों में शिव के भक्तों ने पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। दूध, बेल-पत्र व जलाभिषेक करते हुए महिलाओं ने बड़ी संख्या में भगवान शिव की अराधना की। शहर के पतालेश्वर व संगमेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही लोगों की कतारें लगना शुरू हो गई। वहीं अन्य प्रमुख मंदिरों में से कोटेश्वर शिव मंदिर, मनासर बाबा, शल्लेश्वर,शंकरपुर गांव स्थित शिवमंदिर, निर्नी गांव के यमुना नदी किनारे स्थित शिव मंदिर, मिश्री पुर गांव स्थित प्राचीन तिसरादेव आदि मंदिरों में सुबह से महिलाओं, युवाओं व वृद्धों ने महादेव को जलाभिषेक किया।इस दौरान जिले के शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।कई श्रद्धालु नंगे पैर मंदिरों तक पहुंचे व भगवान की अराधना की। इस मौके पर सभी मंदिरों को खूबसूरत लरियों से सजाया गया। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग अलग कतारों की सुविधा भी थी। इस दौरान सुबह से ही जिले के शिवालय हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान रहे।

### शलेश्वर मन्दिर में कांवरियों पर हुई पुष्प वर्षा

**सरीला/हमीरपुर।** सरीला नगर में स्थित प्रसिद्ध प्राचीन श्री शल्लेश्वर मंदिर में आज सुबह तड़के चार बजे से ही भक्तों व कांवरियों का आना शुरू हो गया था। सावन माह के तीसरे सोमवार को बम बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने जलाभिषेक किया। बम बम भोले के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। वहीं सैकड़ों कांवरियों व भक्तों ने लगभग पच्चीस किलोमीटर दूर रिरूवा गाँव के पास से निकली बेतवा नदी से जल भरकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर पर पहुँचे कांवरियों पर पुष्प वर्षा की। किसी ने फल वितरण किये तो किसी जलपान कराया। यह प्राचीन मंदिर लोगों के लिए आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। इस मंदिर को चंदेल कालीन माना जाता है। मंदिर के गर्भगृह में भारी-भरकम शिवलिंग स्थापित है। इस मंदिर के बारे में यह भी किदवंती कही जाती है। कि कस्बा प्राचीन काल में राजा शल्य की राजधानी रहा है। यह मंदिर होने से लोग इसे राजा शल्य के महल का मंदिर भी बताते हैं। यहां सावन माह में दिल्ली, अयोध्या,कानपुर सहित देश के कोने से कोने भक्त आ कर पूजा अर्चना करने वालों का तांता लगा रहता है। वहीं एसडीएम शुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा ने मन्दिर पहुँच कर दर्शन किये। एसडीएम ने मन्दिर में साफ सफाई के निर्देश दिए हैं।

# जीतेन्द्र मिश्रा ने सपा का दामन छोड़ भाजपा में हुए शामिल

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जीतेन्द्र मिश्रा ने सपा छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया।

लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक की मौजूदगी में प्रदेश के सपा बसपा कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।जिसमे शहर के अमन शहीद निवासी जीतेन्द्र मिश्रा ने समाजवादी पार्टी का दामन छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है।सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उन्हें पक्का पहनाकर भाजपा में शामिल किया।भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश सुरक्षित हाथों में है। प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के प्रदेश में विकास कार्य कर रही है। प्रदेश के अंदर से माफिया गुंडा राज का खात्मा हो गया है। यही कारण है कि आज समाजवादी पार्टी के युवा नेता जीतेन्द्र मिश्रा ने भाजपा ज्वाइन की है।जितेंद्र मिश्रा ने अपने राजनैतिक कैरियर की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से वर्ष 2006 में की थी। जिसके टिकट पर जितेंद्र मिश्रा की पत्नी गौरी मिश्रा बसपा के टिकट पर जिला पंचायत सदस्य बन गई। इसी पार्टी संजय दीक्षित चुने गए थे। जिन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। 2012 में विधानसभा चुनाव में सपा को मिली जीत पर गौरी मिश्रा पाला बदल कर सपा में शामिल हो गई। राजनीति का समय चक्र घूमा और गौरी मिश्रा जिला पंचायत अध्यक्ष बन गई। वहीं सपा से पूरी निष्ठा से जुड़े रहने पर वर्ष 2017 में महोबा के चरखारी से विधानसभा का चुनाव लड़े,जिसमे जीतेन्द्र मिश्रा दूसरे नंबर रहे। इसके बाद 2022 में सपा से विधानसभा चुनाव लड़ने की उम्मीद लेकर टिकट की मांग की गई थी, जिसमे उन्हें टिकट नहीं दिया गया था। जिस कारण उन्होंने सोमवार को सपा का दामन छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया।

# बदलते मौसम से संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

**महोबा।** मौसम बदलने से संक्रामक बीमारियों की चपेट में लोग आ रहे हैं। घर-घर बीमार बिस्तर पकड़ रहे हैं। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने से वार्ड फुल हो गए हैं। हालात ऐसे हैं कि एक बैड में दो मरीजों को लिटाकर उपचार करना पड़ रहा है अधिकांश मरीज उल्टी, दस्त, बुखार से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में सोमवार को उपचार के लिए मरीजों में मारामारी देखने को मिली। सुबह से ही अस्पताल में मरीजों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था उपचार के लिए लगभग 400 मरीजों ने पंजीयन कराया, जबकि 200 पूर्व के मरीज उपचार कराने पहुंचे। डॉक्टर मरीजों से घिरे रहे अपनी बारी के इंतजार के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। वार्डो में एक बैड में दो-दो मरीज देखने को मिले। बार-बार बदल रहे मौसम से लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं।

# महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को किया जा रहा है जागरूक

**महोबा।** महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु उ.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराए जाने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति अभियान÷ के अंतर्गत जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा सम्बन्धित बीट क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के साथ-साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओ एवं उनकी प्रक्रिया, विभिन्न हेल्पलाइन नं. (112, 1090, 181, 108, 1076, 1098) इत्यादि की जानकारी से जागरुक किया जा रहा है साथ ही साथ क्षेत्र की सम्भ्रान्त महिलाओं, आशा बहुओं, एएनएम, शिक्षामित्र, आंगनवाणी कार्यकत्री का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर उनसे निरंतर संवाद बनाये रखते हुये क्षेत्र की पीडित महिलाओं/बालिकाओं की समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है ।

# डीआईओएस ने इस्लामिया कालेज में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

- कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष यासिर अहमद का हुआ अभिनंदन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**इस्लामिया** इण्टर कालेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष यासिर अहमद का कालेज में प्रथम आगमन पर अभिनंदन किया गया। वह दुबई से मेधावी छात्र सम्मान समारोह में भाग लेने आए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने भी प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुरस्कार से प्रोत्साहन मिलता है।अच्छे प्रस्तुतिकरण को हमे प्रोत्साहित करना ही चाहिए।उन्होंने इस्लामिया कालेज को जनपद का गौरव बताया। समारोह के मुख्य अतिथि यासिर अहमद ने कहा कि छात्रों को नई तकनीक से जुड़ना होगा ।लगभग पैंतालीस देशों की यात्रा कर चुके श्री यासिर दुनियां के मान्य पर्यावरण विद तथा जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ हैं। प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि इस्लामिया कालेज एक तारीखी इदारा है को एक सौ पैंतीस वर्षो से खिदमत कर रहा है।उन्होंने कहा कि यासिर साहब और डी आई ओ एस साहब ने यहां आकर हमारे बच्चों की जो हौसला अफजाई की है वह बहुत महत्त्वपूर्ण है।प्रबंध समिति की सदस्य श्रीमती गौसिया फातिमा ने कहा कि कालेज एक गुलशन है जिसमे तमाम मनोहारी फूल खिलते हैं। अपने आभार प्रदर्शन में प्रबंधक मुहम्मद अल्ताफ एडवोकेट ने कहा कि इस्लामिया एजुकेशनल एसोशियेस न से जुड़े विद्यालयों के शिक्षक कम वेतन में भी जिस समर्पित भाव से परिश्रम के साथ पढ़ाते हैं वह अपने आप में एक उदाहरण है।कार्यक्रम में एस डी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संजय शर्मा,सह जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव,प्रधानाचार्य उमेश यादव, पूर्व ज्वाइंट सेक्रेटरी नफीसूल अंसारी आदि मौजूद रहे।स्वागत उप प्रधानाचार्य साकिब अली खां,फजल यूसुफ खां,मुहम्मद अतीक,मुहम्मद जावेद खा आदि ने किया।संचालन डा. कुश चतुर्वेदी ने किया।

## ईओ को मांग पत्र देकर की समस्याओं के समाधान की मांग

**इटावा।** राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश शाखा नगर पालिका परिषद इटावा के अध्यक्ष राजीव यादव महामंत्री अनिल वाजपेयी ने नगर पालिका परिषद इटावा के कर्मचारियों की माँगौ के संबंध में अधिशाषी अधिकारी इं विनय मणि त्रिपाठी को अपना मांग पत्र दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि पालिका के स्थाई कर्मचारियों के मेडिकल के बिलों का भुगतान शीघ्र करवाया जाए। डी.ए. की किस्त के एरियर का भुगतान माह जुलाई 2022 से सितम्बर 2022 तक एवं जनवरी 2023 से अप्रैल 2023 तक का कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों में शीध्र जमा करवाया जाय। कर्मचारियों संघ के कक्ष सं. 27 में लाइट की फिटिंग व गेट का दरवाजा सही करवाया जाय। पालिका कर्मचारी संघ राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश शाखा नगर पालिका परिषद इटावा के पदाधिकारियों के साथ शासनादेश के अनुसार में प्रतिमाह वार्ता की जाय। पालिका के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का माह जून 2023 का वेतन शीघ्र दिलवाया जाय।

# पुलिस ने आरोपी को चोरी की मोटर साइकिल सहित पकड़ा

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**अपर** पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने दिल्ली से चोरी हुई फर्जी नम्बर प्लेट लगी बाइक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर एक युवक रेलवे कॉलोनी की ओर आ रहा है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल सवार आरोपी आर्यन यादव उर्फ सीपू पुत्र श्याम सुन्दर यादव निवासी अशोक नगर शहरिया थाना फ्रेण्डस कालोनी इटावा को रेलवे कालोनी मन्दिर के सामने से गिरफ्तार किया गया।।पकड़े गये व्यक्ति से पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल के संबंध मे पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसको मै फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चला रहा हूँ । बरामद मोटरसाइकिल के चैसिस व इंजन न0 को मोबाइल के ई-चालान एप पर चैक किया गया तो मोटरसाइकिल का वास्तविक न. डीएल 5 एस बीएल 8953 पाया गया जिसके संबंध मे जानकारी की गयी तो उक्त मोटरसाइकिल वर्ष 2016 से नई दिल्ली के हंस विहार से चोरी की गयी थी जिसके संबंध मे वहां अभियोग भी पंजीकृत है। इस सफलता में रमेश सिंह सिंह प्रभारी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, उ.नि. गनेश गुप्ता, का. राजकुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# सेवानिवृत शिक्षक के घर को चोरों ने निशाना बना साढ़े पांच लाख नगदी सहित आभूषण किए पार

**पनवाड़ी महोबा।** चोरों ने सेवानिवृत शिक्षक के घर को निशाना बनाते हुए पांच लाख पचास हजार की नकदी सहित लाखों के आभूषण पार कर दिए । पीड़ित ने गांव के दो लोगों पर चोरी की घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जांच करा कार्रवाई की मांग उठाई है।

पनवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव लिधौरा खुर्द निवासी लखनलाल सक्सेना सेवा निवृत शिक्षक है। उनके शिक्षामित्र पुत्र अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 11 जुलाई को चोरों ने घर में घुसकर ताला तोड़कर अलमारी में रखी पांच लाख पचास हजार की नकदी, लाखों की कीमत के सोने चांदी के आभूषण सहित दो लाख पचास हजार की एफडी आदि चुरा ली। पीड़ित का

कहना है कि घटना के बाद डायल 112 को सूचना दी गई जिस पर मौके पर पुलिस पहुंची और जानकारी हासिल की। नगारा घाट चौकी पुलिस को नामजद तहरीर दी गई इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थाना पुलिस ने भी मामला को गंभीरता से नहीं लिया। संदेह के आधार पर पकड़े गए युवक को पुलिस ने छोड़ दिया। अब आरोपित शिकायत करने पर जानमाल की धमकी दे रहा है। पुलिस अधीक्षक से जांच करा चोरी की घटना के खुलासा की मांग उठाई है।

# रामलीला मैदान की जमीन पर जमीन पर कब्जा करने आए भूमाफियाओं को स्थानीय लोगों ने खदेड़ा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**तालग्राम** नगर पंचायत क्षेत्र में रामलीला मैदान की जमीन पर जमीन पर कब्जा करने की नियत से आए भूमाफियाओं को स्थानीय लोगों ने खदेड़ दिया। वहीं कमेटी के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

तालग्राम नगर पंचायत क्षेत्र स्थित रामलीला मैदान की जमीन पर बीते कई वर्षों से रामलीला व मेला लगता आया है। सोमवार को कुछ लोग लेखपाल के साथ वहां जमीन पर कब्जा करने की नियत से पहुंचे, जिस पर स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए उन्हें वहां से भगा दिया।

**रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर काटा हंगामा भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की**

मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं पुलिस ने सभी को समझा बुझाकर शांत कराया। कमेटी के सदस्य पवन दुबे, सभासद पंकज ठाकुर, राजेश शर्मा, अधिवक्ता कृष्ण कुमार सिंह, राजेश सैनी, छम्मीलाल, बाबा सुखलाल, जमील अदुआ, अशोक सिंह, विनोद यादव, नरेंद्र कुमार, सौरभ गुप्ता, पवन दुबे, लालन दुबे, रामजी श्रीवास्तव, विकास दुबे, राजीव शर्मा, अतुल तिवारी आदि ने बताया कि कस्बा तालग्राम के पशु अस्पताल के पास मैदान में करीब 74 सालों से रामलीला का आयोजन व मेला प्रति वर्ष लगता है। पहला मेला 1948 में लगा था। बताया कि रामलीला मैदान की जमीन कुछ लोगों ने दान में दी थी व कुछ लोगों द्वारा चकबंदी में नाम चढ़वा लेने के कारण उसका विवाद न्यायलय में चल रहा है। इस बीच एक व्यक्ति ने जमीन नाम होने के कारण दो लोगों को जमीन बेच दी। उन लोगो भी बिक्री कर दी, जिन लोगों ने खरीदी वह लोग उस जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं। जिससे विवाद की नौबत आ रही है। स्थानीय लोगो ने भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

प्रदर्शन करते कमेटी के सदस्य व स्थानीय लोग

# प्रदर्शन से पहले ही पुलिस ने सपाइयों को उठाया

कोतवाली में प्रदर्शन करते सपा नेता समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**मणिपुर** की घटना को लेकर सफाई कैंडल मार्च विरोध प्रदर्शन करने की रूपरेखा तैयार कर रहे थे। इसकी भनक सूत्रों से पुलिस को लग गई। जिस पर पुलिस ने आनन-फानन प्रदर्शन से पहले ही सपाइयों को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आई। जहां सपा नेताओं ने पुलिस प्रशासन पर सत्ता के दबाव में कार्य करने का आरोप लगाया।

**पुलिस पर लगाया सत्ता के दबाव में कार्य करने का आरोप**

सोमवार की शाम करीब 6.30 बजे पिछड़ा वर्ग के जिला महासचिव अरुण शर्मा के नेतृत्व में मणिपुर की घटना को लेकर कैंडल मार्च निकलना था। लेकिन यह बात सूत्रों से कोतवाली पुलिस को पता लग गई। जिससे कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने आनन-फानन में कैंडल मार्च निकालने जा रहे हैं। पिछड़ा वर्ग जिला महासचिव अरुण शर्मा, छात्रसभा नगर अध्यक्ष मनी गुप्ता, नाहार सिंह यादव, संदीप मिश्रा, मोहित पाठक, चंद्र प्रकाश कुशवाहा, शेरे रजा को तिर्वा रोड से हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आई।

## खबरें चलते-चलते

### मनमाफिक दहेज न मिलने पर दिया तलाक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में नकदी, बाइक व ऐसी की मांग पूरी ना होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता से मारपीट की और तीन तलाक देकर उसे घर से बेघर कर दिया। कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला मुजाहिद नगर निवासी कौशर पुत्री नायाब खान ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है की कुछ दिनों पहले उसका विवाह नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी मईद खान पुत्र शमशाद खा से हुआ था। शादी के बाद से ही उसके ससुराली मईद खां, ससुर शमशाद, सास शहीदा बेगम, ननंद नगमा बानो, देवर निहाल उससे अतिरिक्त दहेज में चार लाख रुपये, नगद, एक मोटर साइकिल व एसी की मांग करने लगे। मांग पूरी ना होने पर उसे गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी और तीन तलाक देकर उसे घर से बेघर कर दिया। पीड़ित के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वाइब्रेटर मशीन ना देने का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते एक वर्ष पूर्व मांगी हुई वाइब्रेटर मशीन को पड़ोसी मोहल्ले का युवक वापस नहीं कर रहा है। मांगने पर बहाना बाजी करता है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी लालू पुत्र कैलाश चंद्र कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि पड़ोसी मोहल्ले का युवक एक साल पहले उसकी वाइब्रेटर मशीन को मांग कर ले गया था। लेकिन जब वह अपनी मशीन वापस मांग रहा है। बहानेबाजी करता है और मशीन नहीं दे रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बांदा।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा मौसेरा भाई घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्राली भी अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेहपुर जिले के कोर्रा कनक गांव के मजरा घनश्याम डेरा निवासी ज्ञान (24) पुत्र ननकवा अपने मौसेरे भाई संजय (24) पुत्र रामप्रकाश के साथ रिश्तेदारी में पैलानी गांव आया था। सोमवार की सुबह दोनो लोग बाइक में बैठकर वापस गांव जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चिल्ला थाना क्षेत्र के बाईपास के समीप पहुंची ही थी कि सामने से आ रहे ईटा लदे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्राली भी अनियंत्रित होकर पलट गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डाक्टरों ने देखने के बाद ज्ञान को मृत घोषित कर दिया। संजय का इलाज किया जा रहा है। मृतक के चचेरे भाई रामसिया ने बताया कि ज्ञान सूरत में रहकर काम करता था। वह चार माह पहले ही गांव आया था। मृतक तीन भाइयों में बड़ा था।

### पेड़ की डाल टूटकर गिरने से घायल युवक ने दम तोड़ा

**बांदा।** मवेशी चराने खेत गए युवक पर पेड़ की डाल टूटकर गिर गई थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए कानपुर ले जाया गया था, हालत में सुधार होने के बाद परिजन उसे घर ले आए थे। सोमवार की सुबह उसकी अचानक हालत खराब हो गई। जब तक घरवाले कुछ समझ पाते, तब तक उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

# राजधानी दिल्ली में डॉक्टर सुधीर हुए सम्मानित

चिकित्सकों के साथ मौजूद डॉ. सुधीर दीक्षित समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**हेल्थ** केयर में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर डॉ. सुधीर दीक्षित को सम्मानित किया गया। देश की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक कॉन्फ्रेंस के दौरान चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने सहित उन में निरंतर सुधार करने वाले नगर निवासी डॉ सुधीर दीक्षित को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। इससे नगर व क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

**चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान**

सोमवार को नगर के जीटी रोड स्थित दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में नेत्र सर्जन डॉक्टर सुधीर दीक्षित को स्थानीय लोगों ने पहुंचकर बधाई दी। इस दौरान डॉ. सुधीर दीक्षित ने बताया कि दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर एक कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया था। जिसमें तेजी से बढ़ रहे रोगों की रोकथाम डिस्टल स्वास्थ्य सेवाएं चिकित्सा के क्षेत्र में सुधार और सुझाव जैसे विषयों पर देश भर से आए चिकित्सकों ने चर्चा कर अपने अपने विचार रखे थे। इसी कार्यक्रम में नगर सहित क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं डिजिटल प्रणाली का प्रयोग करने सहित निरंतर सुधार व प्रचार प्रसार के लिए नेत्र सर्जन डॉक्टर सुधीर दिक्षित को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिस पर अतुल भारती, संजीव गुप्ता संजू, ललित मोहन सिंह, सिद्धार्थ गुप्ता, गगन मनीष, अमित गुप्ता सहित कई लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर बधाई दी।

# भाकियू (किसान) गुट ने किसानों की फसलों के नुकसान के मुआवजे की मांग की



**भाकियू (किसान) के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने मुख्यमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा**

छिबरामऊ,कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिले** के किसानों की अतिवृष्टि से बर्बाद हुई मक्का, मूंगफली, धान, बाजरा, टमाटर की फसलों का आंकलन कराके मुआवजा दिलाए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (किसान) के पदाधिकारियों और किसानों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमन्त्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (किसान) के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला की अगुवाई में किसानों ने तहसील पहुंचकर किसानों की विभिन्न मांगों को उठाते हुए अतिवृष्टि से हुई फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। इस अवसर पर भाकियू (किसान) के जिलाध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा कि जून एवं जुलाई के महीने में हुई झमाझम बारिश के कारण किसानों के खेतों में खड़ी धान, मक्का, मूंगफली, टमाटर एवं बाजरा की फसल जलमग्न होने के कारण नष्ट हो गई। जिससे किसान भुखमरी के कगार पर आ गया है। परेशान और हलकान किसान सरकार की ओर मद्द की आस लगाए है। कहा कि कई गांवों में राजस्व विभाग की टीमें अभी तक निरीक्षण करने नहीं पहुंची है। मुख्यमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन में कहा कि किसानों का पिछले 3 माह का विद्युत बिल माफ किया जाए। कहा कि बिजली गिरने अथवा विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते हुए जनहानि व धनहानि की भरपाई यथा संभव की जाए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में बरसात में कई किसानों के कच्चे मकान गिर गए और बेघर हो गए उन्हें आवास योजना के अंतर्गत आवास की व्यवस्था की जाए। किसानों के क्रेडिट कार्ड पर लिए गए ऋण को बिना शर्त माफकिया जाए। यूनियन के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानो की बर्बाद फसलों का सर्वे कराके मुआवजा राशि नहीं दिलाई गई तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में आनंद तिवारी जिला महासचिव, टिंकू शर्मा, गणेश दुबे, अनुराग त्रिपाठी, अभिषेक कुमार, अरुण सैनी,प्रभात शुक्ला, शिवम शुक्ला, अभिषेक पाठक, पुनीत दुबे, अमन मिश्रा, अशोक तोमर, राहुल आर्य, हरिओम शर्मा, अजय कश्यप, अरविंद चतुर्वेदी, आनंद शुक्ला, काके जाटव, मोनू शुक्ला, कन्हैया शुक्ला , शांतनू यादव, शिवम शर्मा, धर्मा सैनी, बंटू सैनी आदि मौजूद रहे।

# नई शिक्षा नीति से देश के विद्यार्थियों का चहुँमुखी विकास सुनिश्चित: एसके पाण्डेय

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

**जवाहर नवोदय** विद्यालय अनौगी कन्नौज के प्राचार्य एस के पाण्डेय ने नई शिक्षा नीति 2020 के तीसरे वर्ष के शुभारंभ पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि इस शिक्षा नीति से देश के विद्यार्थियों का चहुँमुखी विकास सुनिश्चित है। क्योंकि नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारत के युवाओं को समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना है। यह भारत की 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। जो कि योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से पूरे देश मे लागू की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह इसका सफलतम तीसरा वर्ष है। इसके मुख्य बिंदु सभी बच्चों की क्षमता की पहचान एवं क्षमता का विकास करना। बच्चों के लिए

जानकारी देते प्राचार्य एसके पाण्डेय

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को विकसित करना, सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में निवेश करना, भारतीय संस्कृति से बच्चों को जोड़ना, शिक्षा नीतियों में पारदर्शिता लाना है। प्राचार्य ने नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए बताया कि इस नीति से भारत को वैश्विक स्तर पर शैक्षिक रूप से महाशक्ति बनाया जा सकता है। और भारत में शिक्षा का सार्वभौमिकरण कर शिक्षा की गुणवत्ता को शिखर तक पहुँचाया जा सकता है। बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करके अपना जीवन सफल बना सकेंगे। तकनीकी तथा रचनात्मक क्रियाकलाप के साथ-साथ शिक्षा का महत्व समझ सकेंगे। उन्हें अपने आने वाले कल के लिए पूर्ण रूप से तैयार किया गया है और उनके अंदर सशक्तिकरण व मनोबल बना रहे इस पर भी ध्यान दिया गया है। अंत मे उन्होंने देश के सभी युवा और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं सहित सतत अध्ययन कर अपने भविष्य को संवारते रहने की सलाह दी।

### एएसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी के बाद से ही विवाहिता के ससुरालीजन चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। मांग पूरी ना होने पर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। शारीरिक व मानसिक रूप से भी उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने एएसपी को शिकायती पत्र देकर ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेरारब्बू निवासी गुंजन पत्नी राजपाल कठेरिया ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल में उसका पति राजपाल, जेठानी सपना देवी, ससुर रामाआसरे, सास रामवती उससे चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। मांग पूरी ना होने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। साथ ही बीते 09 जून को ससुराल वाले दहेज को लेकर उससे गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। एएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# आजाद समाज पार्टी ने मणिपुर में हुई हिंसा और महिलाओं पर हुए अत्याचार की निन्दा की

छिबरामऊ, कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मणिपुर** में हुई हिंसा व महिलाओं पर हुए अत्याचार के मामले को लेकर आजाद समाज पार्टी ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में हिंसा रोकने में नाकाम हुई मणिपुर सरकार और केन्द्र सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की। सोमवार को आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रभात गौतम के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मणिपुर में हुई हिंसा और महिलाओं पर हुए अत्याचार की कड़ी निन्दा करते हुए मणिपुर सरकार व केन्द्र सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। पार्टी नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि मणिपुर में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर जो वीडियो वायरल हो रहा है उससे ऐसा महसूस होता है कि हिंसा व महिलाओं पर अत्याचार रोकने में मणिपुर सरकार व केंद्र सरकार अपने को असहाय महसूस कर रही है ऐसी स्थिति में दोनों सरकारों को इस्तीफा दे देना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में नियम कुमार, गुड्डू कठेरिया, पवन गौतम, अजीत सिंह, नागेंद्र सहित दर्जनों पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**तहसील परिसर में प्रदर्शन कर पार्टी नेताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नायाब तहसीलदार को सौंपा**

# आगामी 10 अगस्त से जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान होगा शुरु

**आशा, आंगनवाड़ी समेत स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण जारी**

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**फाइलेरिया** बीमारी से बचाव व जागरुकता हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आगामी 10 अगस्त से जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू होगा, जो 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी।

अभियान को सफल बनाए जाने के लिए जिले का स्वास्थ्य विभाग कोई कोर कसर नही छोड़ना चाहता है। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को बताया जा रहा है कि वह कैसे अपने कार्य क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतर भूमिका निभा सकती हैं। वेक्टर बोर्न डिजीज के नोडल अधिकारी डॉ बृजेश शुक्ल ने बताया कि जिले में 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू होगा, जो 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए ब्लॉक स्तर पर आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि हर हाल में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य कर्मी अपने सामने ही दवा खिलाएं। बाद में खाने के लिए दवा नहीं देनी है। डा. राहुल मिश्र ने बताया कि किसी- किसी को दवा का सेवन करने के बाद प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उनके शरीर मे फाइलेरिया के परजीवी मौजूद होते हैं और उनके मरने की वजह से कभी-कभी किसी व्यक्ति को सिर में दर्द, बुखार, उल्टी, बदन पर खुजली की शिकायत हो सकती है। ऐसी स्थिति में घबराएं नहीं चाहिए, यह कुछ समय में स्वतः ठीक हो जाती है। फाइलेरिया से बचाव के लिए इस बार एक वर्ष से अधिक और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को आधी गोली एल्बेंडाजोल की दी जाएगी। दो वर्ष से अधिक और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को डीआईसी की एक गोली और एल्बेंडाजोल की एक गोली, पांच वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को डीआईसी की दो गोली, एल्बेंडाजोल एक गोली, 15 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए डीआईसी की तीन गोली, एल्बेंडाजोल की एक गोली आशा कार्यकर्ता अपने सामने खिलवाएंगी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला, गंभीर रोगियों को दवा का सेवन नहीं कराना है।

# चोरों ने घर से हजारों की नकदी व सोने चांदी के आभूषण किये पार

चोरी के बाद सेफ में बिखरा पड़ा सामान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात अज्ञात चोरों ने घर की दीवार फांदकर हजारों की नगदी व सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कनाशी के मजरा नगला गुलरिया निवासी सुमित कुमार पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीती रात वह अपने परिजनों के साथ सो रहा था। रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने की घर की दीवार फांदकर घर में घुस आए और अलमारी तथा बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखी 5 हजार की नगदी तथा सोने के जेवरात एक गले का हार, एक अंगूठी, एक बेंदा, एक कमर करधनी, चांदी की 1 जोड़ी पायल आदि घरेलू सामान चोरी कर ले गये। पीड़ित जब सुबह जागा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। यह देख शोर-शोराबा शुरु कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और सूचना पुलिस को दी। दरोगा विवेक कुमार राणा ने बताया कि मामले की तहरीर मिल गयी है जांच कर कार्यवाही की जायेगी। आये दिन चोरी की घटनाओं से ग्रामीण में खासा रोष देखा जा रहा है।

# सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में छात्राओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

गमले में पौधे लगातीं छात्राएं

▶ प्रधानाध्यापिका ने छात्राओं के वृक्षों से होने वाले लाभ के बारे में दी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में छात्राओं ने गमले में पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

विद्यालय के प्रांगण में छात्राओं ने गमले में पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने कहा कि सभी को पौधारोपण अवश्य करना चाहिये, क्योंकि पेड़ पौधे जीवन देने वाली ऑक्सीजन गैस प्रदान करते हैं तथा पक्षियों और जानवरों के लिये भोजन और आश्रय प्रदान करते हैं तथा गर्मियों के दिनों में छाया प्रदान करते हैं। सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को ठीक प्रकार से पौधे रोपना सिखाया तथा पेड़ों को किस प्रकार संरक्षित करना है ये सिखाया। इस प्रकार सभी ने मिलकर कार्यक्रम में सफलतापूर्वक योगदान दिया। इस कार्य को प्रमुखता से संध्या दयाल, मीनाक्षी विल्किंसन, मनीला, शिवानी, राधा देवी, प्रियंका ने किया। इसके साथ ही छात्राओं अपने-अपने घरों में भी पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने की बात कही। जिस पर छात्राओं ने अपने-अपने घरों पर पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने की बात कही।

# पीएम आवास दिलाने के नाम पर 42500 ठगे, मुकदमा दर्ज

▶ पीड़ित ने जिलाधिकारी से लगायी गुहार, डीएम के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खुरु मौजा बिड़ैल निवासी भूरेलाल पुत्र श्रीकृष्ण ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया वह व उसकी पत्नी विकलांग है। प्रार्थी के पास दिनांक 8 जुलाई को मोबाइल नंबर 9157593008 से प्रार्थी के मोबाइल नंबर 7897932831 पर फोन आया। जिस पर उक्त युवक ने अपने को एक बड़ा अधिकारी बताकर प्रार्थी से पी0एम0आर0 के तहत पूरी जानकारी एवं नाम व पता प्राप्त कर लिया। प्रार्थी पढ़ा लिखा न होने के कारण उक्त व्यक्ति की बातों में आ गया। प्रार्थी से कहा गया तुम्हारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत है। तुम्हें रुपए ट्रांसफर करने पड़ेंगे। दिनांक 8 जुलाई को 4500 रुपये एवं दूसरी बार 12500 रुपये मोबाइल नंबर 9120592879 पर ट्रांसफर किए गए एवं फाइल आगे बढ़ाने के लिए 25500 दिनांक 10 जुलाई को मोबाइल नंबर 8545022462 पर ट्रांसफर करवाए गए। इस दौरान प्रार्थी से कहा गया ग्राम विकास अधिकारी एवं प्रधान को नहीं बताना नहीं तो तुम्हारा आवास रद्द करवा दिया जाएगा, परंतु दिनांक 13 जुलाई को उसी मोबाइल नंबर से 8500 रुपये और ट्रांसफर करवाने के लिए फोन आया। तब प्रार्थी ने गांव में चर्चा की। तब पता चला कि प्रार्थी के साथ ठगी हो गई है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# महिलाओं को स्वाबलम्बी बनाने की दिशा में काम करना होगा: रिजवान अली

सम्मानित होने के बाद महिलायें

▶ महिला स्वावलंबी सम्मान समारोह में एक दर्जन महिलाओं को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उनको स्वाबलम्बी बनाने की दिशा में काम करना ही सही मायने में महिलाओं के हित में कार्य करना है। महिलाओं को स्वाबलम्बी बनाने की दिशा में काम करना होगा। इन बातों का इजहार श्रम विभाग के स्टेट नोडल अधिकारी सैय्यद रिजवान ने किया। मौका था न्यू लाइट आर्गेनाइजेशन के बैनर तले महिला स्वाबलम्बी सम्मान समारोह के तहत महिला उधमी रोजगार सेवा सम्मान का।

शहर से लगे पांचाल घाट मार्ग पर एक गेस्ट हॉउस मे महिला स्वाबलम्बी सम्मान समारोह का आयोजन न्यू लाइट आर्गेनाइजेशन की तरफ से संयोजक चॉदनी नूर व रंजना पाल ने किया। इस मौके पर रोजगार स्थापित करने वाली एक दर्जन से अधिक महिलाओं का सम्मान किया गया। वहीं कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सैय्यद रिजवान अली ने सभी को ट्राफी प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चिकित्सक डॉक्टर अरविन्द गुप्ता, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी, महासचिव संजय सोमवंशी और फर्रुखाबाद विकास मंच के संस्थापक मोहन अग्रवाल, शुभम यादव हनी, विमल यादव एवं शिक्षक नेता डाक्टर शाकिर अली मंसूरी ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर सराहना की और भरपूर सहयोग की बात की।

कार्यक्रम का संचालक अनवर पठान ने किया। दीपिका ने आये हुए सभी लोगों का स्वागत किया। कार्यकम चांदनी नूर, रंजना पाल और मोहम्मद सलीम की देखरेख में सफल रहा हैं। इस मौके पर फरियाब खान, रोहित दीक्षित, अधिवक्ता तोसीफ अली, मेराजुद्दीन शेख, सलमान, आफताब मंसूरी, मो0 नईम, प्रशान आदि लोग मौजूद रहे।

# हर घर नल योजना को फ्लाप करने में लगा ठेकेदार, घटिया सामग्री लगाये जाने का आरोप

टंकी का फाउंडेशन तैयार करते राजमिस्त्री

▶ ठेकेदार बोला ग्रामीणों के विरोध करने पर दो बार रोकना पड़ा काम, तीसरी बार नये सिरे हो रहा है काम

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकार की हर घर नल योजना के तहत टंकी निर्माण फाउंडेशन में घटिया सामग्री का प्रयोग किये जाने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया।

आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से जांच कराकर मानक के अनुरूप निर्माण कार्य कराए जानें की मांग की। सरकार की मंशा हर घर नल से जल आम लोगों को मिले, इस महत्वकांक्षी योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम बैरमपुर जहां एक ठेकेदार द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराए जाने के लिए फाउंडेशन तैयार कराया जा रहा है। फाउंडेशन में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। बताते हैं ग्रामीणों ने फाउंडेशन के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने का जबरदस्त विरोध किय। परिणामस्वरुप ठेकेदार को फाउंडेशन का बार-बार कार्य रोकना पड़ा। दो बार नए सिरे से निर्माण कार्य कराया गया। हर बार ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। बताते हैं अब तीसरी बार फाउंडेशन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें ईटों के साथ0-साथ घटिया निर्माण सामग्री लगाई जा रही है। लोगों का कहना था घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने से फाउंडेशन का भविष्य खतरे है जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने की जांच कराकर मानक के अनुसार निर्माण कराए जाने की मांग की। हालांकि इस संबंध में जब ठेकेदार से जानकारी की गई तो ठेकेदार का कहना था ग्रामीणों द्वारा घटिया निर्माण कराए जाने का आरोप लगाया गया, जो गलत हैष ठेकेदार के अनुसार मानक के अनुरूप निर्माण कराया जा रहा है।

# खबरें चलते-चलते

## आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा की कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद (सं.)।** आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 हैदर अब्बास चाँद साहब के साथ जिलाध्यक्ष सैय्यद अम्मार अली जैदी और जिला उपाध्यक्ष फर्रुख अली, शोएब जैदी, मशर्रत अली जैदी, शाकिर अली, नईम हुसैन उर्फ निम्मा भाई, सेक्रेट्री अली यावर जैदी, नायब सेक्रेट्री मुजाहिद हुसैन रिजवी, कोषाध्यक्ष मोहसिन काजमी, जिला महासचिव मुदस्सर काजमी, जिला सचिव तहसीन हैदर, जिला महामंत्री सैय्यद युसुफ अली जैदी, जिला प्रवक्ता अली अब्बास, जिला सगठन मंत्री फैजान हुसैन, जिला मीडिया प्रभारी राजा अली जैदी, जिला प्रभारी, सोहेल हुसैन, आल इंडिया शिया महासभा के जिलाध्यक्ष सैय्यद अम्मार अली जैदी ने कमेटी घोषित की ।

## नाबालिग युवती को भगा ले गया युवक

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला उम्मेद निवासी एक युवक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मेरी नाबालिग 17 वर्षीय पुत्री को विकास राजपूत पुत्र हरीराम राजपूत निवासी ग्राम अताईपुर बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित ने बताया कि मेरी पुत्री विकास राजपूत की मोबाइल शॉप जो कि बरझाला में स्थित है पर मोबाइल ठीक कराने गयी थी, तभी उसने मेरी बेटी के मोबाइल से किसी तरह फोटो निकालकर नम्बर ले लिया और कॉल करके मेरी बेटी से कहने लगा की तुम मुझसे दोस्ती कर लो नही तो मै तुम्हारी फोटो वायरल कर दूँगा और ब्लेकमेल करने लगा और मेरी पुत्री का बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## दबंगों ने महिला के खेत पर किया कब्जा

**नवाबगंज (सं.)।** थाना अंतर्गत ग्राम पुठरी निवासिनी रेखा देवी पत्नी कायम सिंह 14 बिस्वा जमीन आज से लगभग 2 वर्ष पूर्व नारायण देवी पत्नी बबलू से खरीदी थी। जिस पर प्रार्थी का कब्जा था। खेत में एक आम का पेड़ खड़ा था। एक पीपल एवं एक नीम का पेड़ काट डाला। जब इसकी जानकारी प्रार्थिनी को हुई, तो मौके पर पहुंची दबंगों ने उनसे एक ओप्पो मोबाइल भी छीन लिया तथा सुरेश सिंह पाल एवं उनके पुत्रों ने मारपीट भी की। जिसकी तहरीर महिला ने थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## दबंगों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** दबंगों ने महिला के साथ मारपीट कर दी। बचाने आई सास, पति और ससुर को जमकर पीटा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के ग्राम सितवनपुर पिथू निवासी शालिनी देवी पत्नी राय सिंह उर्फ राजन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया वह अपने घर पर 22 जुलाई की रात 8.30 बजे काम निपटा रही थी। इसी बीच गांव के दबंग युवक रोहित सिंह व हरवीर सिंह दरवाजे पर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। इसी बात से नाराज दबंगों ने पहले शालिनी देवी को पीटा। बचाने आई उसकी सास पप्पी देवी पत्नी हरिओम को भी लात-घूसों से मारा पीटा। जिससे सास बहू के गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंचे पति और ससुर हरिओम को भी दबंगों ने जमकर पीटा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने धारा 147, 323, 427, 506 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत कर लिया।

## अधिवक्ता को पीटने के मामले में मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज (सं.)।** नवाबगंज चौराहे पर 22 जुलाई को शाम तहसील कायमगंज में कार्य करने वाले अधिवक्ता भास्कर सिंह निवासी घसिया चिलौली कायमगंज अपने किसी क्लाइंट से मिलने नवाबगंज आए हुए थे। वह चौराहे पर बाइक खड़ी कर व्यक्ति से बात कर रहे थे, तभी एक युवक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी बाइक की हेडलाइट टूट गई। उन्होंने युक्त युवक से नाराजगी व्यक्त की। इसी बात से नाराज युवक ने अधिवक्ता के साथ मारपीट शुरू कर दी और अपने अन्य 10-12 अज्ञात साथियों को बुलाकर अधिवक्ता को जमकर पीटा। अधिवक्ता ने थाना पुलिस को 22 जुलाई को ही प्रार्थना पत्र दिया था। सोमवार को थाना पुलिस ने अजय, अंकित निवासी नवाबगंज व उसके 10-12 साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# रामलीला परिषद के पदाधिकारियों ने उठाया पांचवी मोहर्रम का ताजिया

ताजिया जुलूस में शामिल रामलीला कमेटी के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचवीं मुहर्रम का ताजिया आज रामलीला परिषद फतेहगढ़ में निकालकर गंगा-जमुनी तहजीब की नजीर पेश की। फतेहगढ़ में दरगाह सत्तार शाह की मजार से शुरु हुआ। पांचवीं मुहर्रम को ताजिया जुलूस में मुस्लिम समुदाय के अलावा बड़ी संख्या में रामलीला परिषद में हिन्दू पदाधिकारी शामिल हुए। शहर के विभिन्न मार्गों से रवायती अंदाज में बैंड बाजों की मातमी धुनों के बीच निकले ताजिये के जुलूस का दरगाह सत्तार शाह की मजार पर समापन हुआ। अब तो कोई मजहब भी ऐसा ही चलाया जाये, जिसमें इंसान बनाया जाये। मेरी आहो का असर तुझ पे पड़े कुछ ऐसा, मैं जो भूखा रहूं तुझसे भी न खाया जाये। गोपालदास नीरज की यह पंक्तियां इस पांचाल नगरी में सोमवार को हिन्दू समुदाय ने मोहर्रम की पांचवी का ताजिया उठाकर सार्थक की। यहां की गंगा जमुना तहजीव पूरे मुल्क के लिए मिसाल है। एक-दूसरे के धर्मों का सम्मान यहां की परम्परा बन गयी है। फतेहगढ़ रामलीला परिषद जहां पांचवी का ताजिया उठाती है, वहीं मोहर्रम कमेटी श्रीराम बारात में झांकी निकालकर भगवान श्रीराम की आरती उतारती है। आपसी सौहार्द और कौमी एकता की यह एक बेहतरीन मिसाल है। यहां मोहर्रम कमेटी में हिन्दू तो रामलीला परिषद में अनेक मुस्लिम एकता पदाधिकारी है।

मुहर्रम की पांचवी के ताजिया जुलूस में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रवीश द्विवेदी, पंकज अग्रवाल, अतुल मिश्रा, राजीव बाजपेयी, अशरफ, मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नसीम अहमद, मुशर्रफ अली, जावेद उर्फ रवीना किन्नर, अम्ब्रीश चौरसिया, निशीत सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्ररक्षा एवं बलिदान हेतु अहीर रेजीमेंट का गठन किया जाये: अहीर यादव समाज

नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अहीर जन जागृति सम्मेलन का आयोजन गुड़गांव देवी मंदिर परिसर के पास बीते दिन सम्पन्न हुआ। जिसमें अहीर यादव समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। आज कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें मांग की गयी कि राष्ट्ररक्षा एवं बलिदान हेतु अहीर रेजीमेंट का गठन किया जाये, फर्रुखाबाद में शहीद जवान के नाम से उनके गांव में शहीद स्मारक या शहीद पार्क का निर्माण हो, जातीय जनगणना की जाये, मण्डल कमीशन की समस्त सिफारिशें लागू की जायें, एन0सी0आर0टी0 की पाठ्य पुस्तकों में 1962 रेजांगला युद्ध में वीर अहीरों की गौरव गाथा को सम्मिलित किया जाये, आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर प्रताप सिंह यादव, रोहित यादव, डॉ0 रिषभ यादव, देवेंद्र सिंह यादव, आलोक यादव, संजीव यादव, प्रशांत यादव, आयुष यादव, धीरेंद्र यादव, विकास यादव, गौरव यादव, प्रवीन यादव, रवी यादव, शिवम, अमित यादव, बृजेश यादव आदि मौजूद रहे।

## तमंचा सहित गिरफ्तार

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली के उप निरीक्षक मदनलाल पिपिल ने मुखविर की खास सूचना पर युवक को 315 बोर का तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कल्लू यादव उर्फ जसवीर पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम पपड़ी मिलकिया थाना कायमगंज बताया है। पुलिस ने दफा 25 में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

# शुभम यादव हनी ने सहयोगियों के साथ बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री, बोले समाजसेवा जारी रहेगी

बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते शुभम यादव हनी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे ग्रामीणों को समाजसेवी शुभम यादव हनी ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर लंच पैकेट वितरित किये। उन्होंने कहा कि जब तक बाढ़ रहेगी, समाजसेवा इसी तरह जारी रहेगी।

शमशाबाद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पिछले कई दिनों से बाढ़ के हालात गंभीर बने हुए हैं। परिणामस्वरुप गांव के लोग घरों को छोड़ सड़क किनारे सुरक्षित स्थानों पर डेरा जमाकर रहने को मजबूर हैं। पीड़ित के अनुसार इस वक्त जहां एक ओर रहने खाने पीने की व्यवस्था ध्वस्त हो गई, वहीं दूसरी ओर फसलें भी नष्ट हो गयी हैं। ऐसे में पीड़ित ग्रामीण समाजसेवियों व प्रशासन पर आस लगाये है। इस कार्य में सबसे पहले शुभम यादव हनी आगे आये हैं। वह अपने सहयोगियों के साथ बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांट रहे हैं। सोमवार को भी उन्होंने अपने समर्थकों के साथ बाढ़ पीड़ित क्षेत्र झौआ, पट्टियां, चंपतपुर, उलियापुर, हैवतपुर गढ़िया, करनपुर, अचानकपुर सहित लगभग आधा दर्जन से भी ज्यादा बाढ़ पीड़ित गांवों में पीड़ितों को लंच पैकेट वितरित किये। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी वोट सिर्फ गिने चुने लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है। महिलाओं ने भी शिकायत करते हुए कहा ऐसा लगता है जैसे यहां वोट की सेवा को लेकर वोटों की राजनीति की जा रही हो। वहीं प्रधान ने बताया मामला उनके संज्ञान में नहीं। चंपतपुर जहां प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ित लोगों को आने-जाने के लिए एक वोट की सेवा उपलब्ध कराई गई थी। जिससे बाढ़ पीड़ितों में रोष देखा गया। इस मौके पर शुभम उर्फ हनी के अलावा पत्नी चारू यादव, मोहिनी यादव, सत्येंद्र यादव, हरनाम सिंह, शैलेंद्र सिंह शर्मा, डॉक्टर अब्दुल, रोहित श्रीवास्तव, राधेश्याम तथा प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में पति को सात वर्ष का कारावास, सास ससुर दोषमुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने साक्ष्य के आधार पर आरोपी पति मंदीप को सात वर्ष कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। विगत छह वर्ष पूर्व पीड़ित जागेश्वर दयाल पुत्र नत्थू लाल धोबी मोहल्ला पछुआ कस्बा अल्लाहगंज जिला शाहजहांपुर ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि मैने 25 नवंबर 2016 को अपनी 27 वर्षीय पुत्री बंदना उर्फ बंटी उर्फ पूनम का विवाह मंदीप उर्फ अवनीश पुत्र रामरतन धोबी निवासी चंदुया थाना मेरापुर के साथ किया था। अपने सामर्थ अनुसार दान दहेज दिया था। मेरे द्वारा दिए गए दान दहेज से पति मंदीप उर्फ अवनीश, ससुर रामरतन, हंसा देवी, जेठ उमेश उर्फसुमंत कुमार, ऋषि कुमार उर्फ गोविंद उर्फ दिनेश, जेठानी पुष्पा देवी पत्नी उमेश चंद, ननदन गिरिजा देवी, नंदोई धीरपाल निवासी धोबीपाई थाना गंजडुंडवारा जिला काशीराम नगर कासगंज अतिरिक्त दहेज में अल्टो कार व 4 लाख रुपये की मांग करने लगे। इस दौरान मेरी पुत्री का उत्पीड़न शुरू कर दिया। 5 जून 2017 को मेरी पुत्री की हत्या कर दी। पुलिस ने पति मनदीप उर्फ अवनीश, ससुर राम रतन, सास हंसा देवी उर्फ गंगा देवी के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। अभियुक्त रामरतन तथा हंसा देवी को धारा 498ए, 304बी व 3/4 डीपी एक्ट तथा धारा 302, 34 आईपीसी में दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्त पति मनदीप उर्फ अवनीश को धारा 306 आईपीसी के तहत दोषी करार देते हुए 7 वर्ष का कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जुर्माने की आधी धनराशि वादी को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाए। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गई अवधि सजा में समायोजित की जाये।

# भाविप पांचाल शाखा ने किया वृक्षारोपण

वृक्षारोपण करते भाविप के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद पांचाल शाखा (पांचाल प्रांत) एवं भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मुख्य अतिथि थाना प्रभारी कादरीगेट विनोद कुमार शुक्ला, राजीव रस्तोगी, संस्थापक कन्हैया लाल जैन, अतुल रस्तोगी, अध्यक्ष आलोक गुप्ता द्वारा भारत माता, स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। कोषाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, महिला संयोजिका ममता सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष शिवम गुप्ता, डॉक्टर रचित वाजपेई, सुब्रत रस्तोगी, रोमित सक्सेना, शिवानी मिश्रा, पूनम सक्सेना, दीपिका सक्सेना, सुबोध कुमार मिश्रा, अनिल कुमार सक्सेना, संजीव बाथम, मुकेश कुमार गुप्ता, कमल यादव, जयवीर सिंह ने आम, जामुन, अमरूद, बेल, कड़ी पत्ता, अनार आदि पौधे लगाए गये। साथ ही वृक्षों की उपयोगिता के बारे में भी प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन रुपी ऑक्सीजन देते हैं। बगैर वृक्षों के हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इसलिए सभी लोग वृक्षों को लगाकर उनका संरक्षण अवश्य करें और सभी को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करें।

# बाढ़ के पानी में नहाते समय दो युवकों की डूबकर मौत, मचा कोहराम

▶ बाइक मैकेनिक के साथ गये थे नहाने

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ के पानी में नहाते समय दो युवक डूब गये। इस दौरान ग्रामीण व गोताखोरों ने तलाश शुरु कर दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों को अचेतावस्था में बाहर निकाला गया। परिजन उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

थाना अमृतपुर के अंतर्गत मोकलपुर निवासी बारिश की कस्बा अमृतपुर में मोटरसाइकिल मैकेनिक की दुकान है। सोमवार सुबह लगभग 12 बजे बारिश अपने मित्र पंकज राजपूत पुत्र महेंद्र सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी अलापुर तथा अंकुल सैनी पुत्र सर्वेश उम्र 22 वर्ष निवासी अमृतपुर अपनी बाइक से फर्रुखाबाद बदायूं हाईवे स्थित गांव चित्रकूट डिप में बाढ़ के पानी में नहाने लगे। नहाते समय पंकज व अंशुल गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। मौके पर ग्रामीणों ने पंकज को बाहर निकाल कर राजेपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक उदय नारायण शुक्ला ने गोताखोरों को बुलवाकर युवक को पानी से बरामद कर सरकारी एंबुलेंस से दोनों युवकों को सीएचसी राजेपुर भिजवाया। जहां चिकित्सक ने परीक्षण करने के बाद में दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतक पंकज कि शादी गांव ढिलावल थाना कांठ जनपद शाहजहांपुर के अंतर्गत मायावती से शादी हुई थी। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक अपने पीछे भाई ध्रुव, सुधांशु, शिवकुमार, बहन स्वाति मां नंदी देवी तथा अपनी गर्भवती पत्नी मायावती सहित परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया। वहीं अमृतपुर निवासी अंशुल पुत्र सर्वेश सैनी की 2 वर्ष पूर्व शादी गांव चांदापुर थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज निवासी पूजा के साथ हुई थी। अंशुल राजस्थान प्रांत में सिलाई का कार्य करके अपने बच्चों का भरण पोषण करता था। मृतक अंशुल 23 जुलाई को सूरत से अपने घर आया हुआ था। अंशुल अपने पीछे पत्नी पूजा, 1 वर्षीय पुत्री अंजू, माता माधुरी, बहन विद्या और शिल्पी सहित पूरे परिवार को छोड़ गया। सूचना पर तहसीलदार कर्मवीर सिंह, स्थानीय कानून-गो, लेखपाल सहित राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

घटना की खबर पाते ही अचेत हुई महिला, मृतक पंकज का फाइल फोटो

# रामगंगा में डूबे युवक का 27 घंटे बाद मिला शव

▶ भैंस के रामगंगा के पानी में चले जाने पर उसे बचाने के चक्कर में घटी घटना

रोते बिलखते मृतक के परिजन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन मवेशी चराने गया युवक रामगंगा में डूब गया था। जिसका शव 27 घंटे बाद गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद गांव अलादादपुर भटौली के पास से बाहर निकाल लिया। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा चिड़िया मोहलिया के मजरा सिकंदरपुर निवासी 26 वर्षीय कमलेश पुत्र जगतपाल रविवार को अपनी भैंसों को चराने रोशनी की बहरी राम गंगा के पास खेतों पर गया था। जहां पर उसकी भैंस पानी की तरफ चली गई। जिसको रोकने के चक्कर में कमलेश खुद ही रामगंगा नदी में समा गया था। देखने वालों ने शोर मचाकर गांव वालों को सूचना दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक संत प्रकाश पटेल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये थे। वहीं तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने भी अपने राजस्व टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और तहसील मुख्यालय में मौजूद पीएसी टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया। 27 घंटे चली तलाश में गोताखोरों को सफलता मिल गयी और घटना स्थल से पांच किलोमीटर दूर ग्राम अलादादपुर भटौली के पास से शव बरामद हुआ। युवक की तलाश में 8 गोताखोर, 12 पीएसपी के जवान लगाये गये थे। मृतक अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। उसकी माता मुन्नी देवी, बहन ज्ञानदेवी, गुरुदेवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष संत प्रकाश पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। दरोगा ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## बाढ़ के पानी में बालिका व एक युवक की डूबकर मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ के पानी में बालिका सहित दो लोगों की डूबकर मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस व तहसीलदार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना राजेपुर के ग्राम भरखा निवासी 25 वर्षीय विमल पुत्र रामनरेश सोमवार सुबह अपने खेत में गया था। रास्ते में भरखा चौराहे के निकट गड्ढे में भरे बाढ़ के पानी में उसका पैर फिसल गया। घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की तो उसका शव गड्ढे में भरे पानी में उतराता मिला। परिजनों ने किसी तरह शव को बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर दारोगा जितेन्द्र चौधरी, तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने पहुंचकर जांच की। वहीं थाना क्षेत्र के गाम कुम्हरौर निवासी रमेश बाल्मीकि की दो वर्षीय पुत्री रागिनी घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। उनके घर के बाहर बाढ़ का पानी भरा है। रागिनी खेलते समय अचानक बाढ़ के पानी में गिर गयी। परिजनों को घटना की जानकारी उस समय हुई जब बच्चों ने चीखपुकार मचायी तो देखा कि रागिनी का शव गड्ढे में उतरा रहा था। परिजनों ने शव का बाहर निकाला। सूचना पुलिस को दी। हल्का इंचार्ज उदयवीर ने पहुंचकर जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा।

# एसपी ने थाने का निरीक्षण कर लंबित मामलों की जानकारी की

▶ श्रावण मास कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पैदल गश्त कर आम जनमानस को कराया सुरक्षा का एहसास

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने थाने का निरीक्षण किया। अचानक निरीक्षण करने पहुंचे कप्तान को देख पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने थानाध्यक्ष से लंबित मामलों की जानकारी की तथा उन्होंने थाने की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद एसपी ने नगर में पैदल गस्त किया। पुलिस का काफिला देख लोगों में हड़कंप मच गया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार थाने पहुंचे उन्हें देखकर पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने थानाध्यक्ष से लंबित मामलों की जानकारी की और उनके निस्तारण के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होने थाने में मेस व आदि का जायजा लिया। जिसके वह आगामी त्यौहारो श्रावण मास कांवड यात्रा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एव कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस बल के साथ पैदल गस्त किया। इस दौरान उन्होंने आम जन मानस से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया।




# हत्या व फिरौती के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

▶ कुल जुर्माने के साढ़े चार लाख रुपये का 50 प्रतिशत पीड़ित को दिया जायेगा
▶ साक्ष्य मिटाने के मामले में पत्नी व मां को तीन-तीन वर्ष का कारावास व 50-50 हजार रुपये का अर्थदण्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फिरौती न मिलने पर बालिका की हत्या कर देने के मामले में विशेष अपर जिला जज पाक्सो न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने आरोपी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव पुत्र सुरेशचन्द्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास (शेष प्रकृत जीवनकाल के लिए आजीवन कारावास) व साढ़े तीन लाख रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया। वहीं आरोपी की पत्नी गीता देवी व मां कुसुमलता को साक्ष्य मिटाने के मामले मे तीन-तीन वर्ष का कारवास तथा 50-50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

जानकारी के अनुसार विगत वर्ष 13 अक्टूबर 2020 को कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के खिमसेपुर निवासी समरपाल पुत्र मैकूलाल ने दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि मेरी 10 वर्षीय पुत्री को 13 अक्टूबर 2020 को शाम 5 बजे से गुम हो गयी थी। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली। पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर लिया था। घटना के दो दिन बाद मेरे पुत्र रामू ने पुलिस को बताया कि मेरी बहन घर से गुम हो गई थी। जिसका मुकदमा दर्ज है, तब से हम काफी खोजबीन कर रहे। 14 अक्टूबर को मेरे चचेरे भाई सुरजीत के मोबाइल पर मेरी बहन के मोबाइल से फोन आया और 5 लाख रुपये फिरौती के रुप में मांग की और दो दिन का समय दिया, घटना पुलिस को बताई। जांच के दौरान पता चला कि पड़ोसी चन्द्रशेखर पुत्र सुरेशचन्द्र ने मेरी बहन का गैंसिगपुर गैस प्लांट के पास मोबाइल को खोला और उसमे 49 रुपये का रिचार्ज करवाया। उसके बाद फिरौती की मांग की। पुलिस ने किशोरी का शव व मोबाइल फोन चन्द्रशेखर के घर से बरामद किया। पुलिस ने हत्या व फिरौती मांगने व उसकी मां व पत्नी, पिता को साक्ष्य मिटाने के मामले में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

मुकदमा विचारण के दौरान सुरेशचन्द्र की मृत्यु हो गयी थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त चन्द्रशेखर को दोषी करार देते हुए धारा 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अधीन वर्णित अपराध के अभियोग में आजीवर कारावास जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए आजीवन कारावास होगा तथा 1 लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया। अदा न करने पर एक वर्ष का कठोर कारावास भुगतना पड़ेगा। धारा 302 में आजीवन कारावास व एक लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया।

अदा न करने पर एक वर्ष का कठोर कारावास भुगतना पड़ेगा। धारा 364ए में आजीवन कारावास व एख लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया। अदा न करने पर एक वर्ष का कठोर कारावास भुगतना पड़ेगा। अभियुक्त चन्द्रशेखर व गीता व कुसुमलता को धारा 201 आई.पी.सी. में तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। अभियुक्तों द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित किया जायेगा।

# खबरें चलते-चलते

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव पपड़ी निवासी उमेश व कम्पिल क्षेत्र के गांव उमराह निवासी श्यामपाल का 15 वर्षीय पुत्र अंकित मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद अंकित को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज (सं.)।** कम्पिल क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी राजेश व भगीरथ उमराह निवासी उपेंद्र का 15 वर्षीय पुत्र मोहित ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर दोनों के परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पैसे मांगने पर दबंग दबंग ने पीटा

**कायमगंज(सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव ढममेरा निवासी मैदान ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि मेरे गाँव के ही विपिन के खेत मे मजदूरी पर धान गाड़े थे जब मै अपने पैसे लेने विपिन के पास गया तो उसने पैसे मुझे देने से मना और मेरे साथ गाली गलौज करने और साथियों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

# राजमिस्त्री ने शीशम के पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

▶ बीती शाम घर से नाराज होकर चला गया था

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** परिजनों से नाराज राजमिस्त्री ने खेत में खड़े शीशम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कतरोली पट्टी निवासी 30 वर्षीय राजन पुत्र प्रमोद जो कि राजमिस्त्री का काम करता था। बीती शाम राजन किसी बात से नाराज होकर घर से बिना बताये निकल गया था। घर वापस न आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए खेतों की ओर गये तो उन्हे शीशम के पेड़ से राजन का शव लटका देखा तो इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। मौके पर परिजन पहुंच गये। राजन का शव खेत की मेड़ पर खड़े शीशम के पेड़ से सूत नापने वाला साहुल से फांसी पर लटका था। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और वह राजमिस्त्री का काम करता था। मृतक की दो पुत्री सोनाली 8(वर्ष), श्रद्धा 6(वर्ष) व एक पुत्र अंश 3 (वर्ष) का है। मृतक की पत्नी पूनम व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

मृतक का फाइल फोटो

## निषाद पार्टी आज डीएम को सौंपेगी ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को जिलाधिकारी को मांगों को संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिसके पश्चात बढ़पुर स्थित कार्यालय पर पूर्व सांसद फूलन देवी का शहादत दिवस को अधिकार दिवस के रुप में मनाया जायेगा।

# बाढ़ पीड़ितों के दर्द में हमदर्द बने डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव

## मूलसाधार बारिश की परवाह न कर पीड़ितों के बीच नाव से पहुंचे, बोले जब तक बाढ़ रहेगी राहत शिविर यूं ही चलता रहेगा

▶ शमशाबाद में भी पीड़ितों के लिए राहत शिविर शुरु
▶ जल्द शुरु किये जायेंगे मेडिकल कैंप
▶ अमृतपुर-शमशाबाद राहत शिविर की कमान सुरेंद्र सिंह गौर ने संभाली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ पीड़ितों को राहत देने के लिए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने मूसलाधार बारिश में अपनी परवाह न करने करते हुए नाव से पीड़ितों के पास पहुंचकर उनका हालचाल लिया और हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। अमृतपुर क्षेत्र के साथ-साथ शमशाबाद क्षेत्र में भी बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भोजन वितरण का कार्य शुरु करा दिया है। भोजन वितरण की कमान सपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर ने संभाल रखी है। सोमवार को डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने वारिश की परवाह न कर भीगते हुए नाव से पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनके दर्द बांटा और कहा कि जल्द ही मेडिकल कैंप शुरु कराया जायेंगे। जिससे क्षेत्र की जनता को संक्रामक बीमारियों से निजात मिल सकेगी। अपने बीच मसीहा के रुप में डा0 जितेन्द्र सिंह यादव को देखकर ग्रामीण बोले कि आप हम तक आये है इससे ही आधी परेशानी हमारी दूर हो गई है। शमशाबाद क्षेत्र में भोजन वितरण के लिए ग्राम संतोषापुर में शिविर शुरु करा दिया गया है। यहां से सभी क्षेत्रों में पीड़ितों को भोजन पहुंचाया जा रहा है। सोमवार को संतोषापुर के ग्राम प्रधान नरेश चन्द्र पाल, वीरपाल यादव रुपपुर मंगलीपुर, धर्मेन्द्र राजपूत अजीजाबाद, अलमापुर, लुकुरपुरा, संजय राजपूत, महेश राजपूत, लेखराज राजपूत, अमीर सिंह यादव, ऋषि पाल, दुरवीन सिंह के सहयोग से पीड़ितों को राहत सामिग्री वितरित की गई। सुरेन्द्र सिंह गौर में बताया कि अमृतपुर में भी अशोक कुमार यादव फौजी मार्केट में भी राहत शिविर लगाकर भोजन बाढ़ पीड़ितों को वितरित किया जा रहा है।



नाव से पीड़ितों के पास जाते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव

पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव

# शराबी कार सवार ने छह लोगों पर चढ़ाई कार

▶ बेवजह गाली-गलौज का विरोध करने पर दिया घटना को अंजाम, घायलों को लोहिया में कराया गया भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग शराबी कार सवार ने रेलवे स्टेशन पर लेटे आधा दर्जन लोगों पर कार चढ़ा दी। जिससे सभी लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। लोगों ने जब कार चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह अपने साथियों के साथ कार लेकर भाग गया। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया।

रविवार को फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में थाना मेरापुर के ग्राम भूड़नगरिया निवासी नत्थू (65), नातिन नसरीन (10) के साथ खाना खाकर आराम कर रहे थे। उसी दौरान जिला अलीगढ़ निवासी मालती (60 ) व सुनीता (35) भी सो रही थी। रेलवे स्टेशन के पास रहने वाली 60 वर्षीय सुशीला भी लेटी थी। रात्रि 11:30 बजे एक अज्ञात कार चालक अपने साथियों के साथ पहुंचा और सभी लोगों को गालियां देना शुरू कर दिया। वृद्ध नत्थू व उनकी नातिन ने गाली-गलौज का विरोध किया। इससे कार चालक आग बबूला हो गया और उन दोनों सहित लेटे सभी पर कार चढ़ा दी। जिससे सभी गंभीर रुप से घायल हो गये। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों ने कार का पीछा किया, लेकिन आरोपी अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को लोहिया में भर्ती कराया। चिकित्सक ने बताया कि कुछ लोगों का ज्यादा खून बह गया है, उनका उपचार किया जा रहा है। अगर हालत बिगड़ती है तो हायर सेंटर रेफर किया जायेगा।

घायलों को उठाते स्थानीय लोग

# वृद्ध की हत्या में दस नामदर्ज सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध की हत्या के मामले में मृतक के पुत्र ने दस नामदर्ज सहित 12 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी। कोतवाली फतेहगढ़ के सरह निवासी त्रिपुरारी पुत्र बृजनन्दन ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 23 जुलाई को सुबह 8 बजे पित बृजन्दन व भाई चंदन अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी गांव के अनिरुद्ध उर्फ बौखा, समरे, अरविंद, गोविंद, सरविन्द, गोपाल पुत्रगण सुखपाल, रामवीर पुत्र कालीचरन, महेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह पुत्रगण हरपाल सिंह, शिवेंद्र पुत्र शिवपाल सिंह व दो अज्ञात व्यक्ति अपने हाथों में धारदार हथियार व नाजायज असलाह लेकर एकराय होकर आये और जान से मारने की नियत से प्रहार कर दिया, तभी पिता-पुत्र अपनी जान बचाकर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की तथा कुल्हाड़ी तलवार एवं कांते से प्रहार कर दिया। पिता-पुत्र को जिंदा समझकर पुनः एकराय होकर गोलियां मारीं। आरोपीगण पिता बृजनंदन की जेब से 8800 रुपए छीन ले गये। पीड़ित ने यह भी दर्शाया कि अभियुक्तों ने 19 जुलाई को भी पिता बृजनंदन पर हमला किया था और 3800 रुपए छीन लिए थे। जिसकी शिकायत की पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित के मुताबिक यदि पुलिस उस घटना का मुकदमा दर्ज कर लेती तो पिता की जान नहीं जाती। आरोपीगण घटना को अंजाम देकर पुलिस चौकी सरह के सामने से हथियार लहराते हुए फरार हो गये। पीएम में मृतक के परिजनों व सीओ के बीच नोकझोंक हुई। अंतिम संस्कार के दौरान कई थानों की पुलिस तैनात रही, लेकिन परिजनों ने दाह संस्कार नहीं किया। सीओ के समझाने पर नहीं माने।

# एआरटीओ प्रवर्तन ने किये ग्यारह स्कूली वाहनों के चालान, मचा हड़कंप

▶ मोहम्मदाबाद क्षेत्र में अभियान चलाकर की गयी कार्यवाही
▶ 2.32 लाख का वसूला गया जुर्माना

चेकिंग के दौरान मौजूद एआरटीओ प्रवर्तन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत 17 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के अंतर्गत एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने मोहम्मदाबाद क्षेत्र में स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की। वाहनों के प्रपत्रों में कमी पाए जाने पर 11 स्कूली वाहनों के चालान किए गए तथा उन पर रुपए 2.77 लाख का जुर्माना लगाया गया। जिन स्कूलों के वाहनों की जांच की गई उनमें सेंट पीटर्स पब्लिक स्कूल, मदर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, इकाना इंटरनेशनल स्कूल, वीपीएसएम पब्लिक स्कूल तथा माउंट लिटेरा स्कूल सम्मिलित है। सेंट पीटर स्कूल एवं इकाना स्कूल के वाहन बिना परमिट के संचालित थे। इसी प्रकार माउंट लिटेरा स्कूल के वाहनों पर भी परमिट नहीं पाया गया। मोहम्मदाबाद क्षेत्र में ही ओवरलोड संचालित 4 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 2.32 लाख का जुर्माना भी लगाया गया। वाहन चेकिंग अभियान से सोमवार को हड़कंप की स्थिति देखी गयी। कई वाहन चालक तो अपने वाहनों को इधर-उधर रुटों से निकालते देखे गये। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि चेकिंग इसी प्रकार जारी रहेगी।